e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 309

**सुविचार**
थक गया था सबकी परवाह कर कर के, बडा सुकून सा है जब से लापरवाह हुआ हूँ!

# प्रभात मंत्र

शुक्रवार
15.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने गुरु नानक जयन्ती पर बधाई दी

**शिमला :** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गुरु नानक जयन्ती के अवसर पर प्रदेशवासियों, विशेषकर सिक्ख समुदाय के लोगों को बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि गुरु पर्व सिक्खों का पवित्र त्यौहार है, जिसे सिक्खों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक ने लोगों को एकता, समरसता, सौहार्द और सेवाभाव का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बधाई संदेश में कहा कि गुरु नानक देव जी ने स्नेह, शांति तथा साम्प्रदायिक सद्भाव का सन्देश दिया है। उन्होंने कहा कि गुरू नानक जी ने विनम्रता और मानवता की सेवा करना सिखाया है।

### मनाई गई पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

**भागलपुर :** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरू की जयंती गुरुवार को भागलपुर के विधायक अजीत शर्मा के निवास स्थित कांग्रेस के कैम्प कार्यालय में समारोह पूर्वक आयोजित किया गया गया। सर्वप्रथम उपस्थित कांग्रेसजनों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपने दिवंगत नेता के प्रति श्रद्धा निवेदित किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रतिनिधि डॉ अभय आनन्द ने कहा कि पं0 जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे। इस दौरान उन्होंने आई.आई.टी., एम्स, आई.आई.एम. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान केन्द्र सहित कई संस्थानों की स्थापना किया। जिस पर भारत आज भी गर्व करता है। पं0 नेहरू एक प्रखर स्वतंत्रता सेनानी, चोटी के इतिहासकार और एक कुशल प्रशासक थे। अपनी जिन्दगी के 18 वर्षों से ज्यादा उन्होंने आजादी की लड़ाई के दौरान जेल में बिताया।

### राहुल गांधी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर 15 को आयेंगे झारखंड

**रांची :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक दिवसीय चुनावी दौरे पर 15 नवंबर को झारखंड आएंगे। इस संबंध में गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि अपने दौरे के दौरान राहुल गांधी दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इस क्रम में कांग्रेस की महगामा उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में महगामा विधानसभा के बलवड्डा उच्च विद्यालय मेहरमा में 12ः30 बजे पहली जनसभा तथा बेरमो उम्मीदवार कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के समर्थन में बेरमो विधानसभा के बेरमो प्रखंड के भंडारडीह मैदान में अपराह्न 3ः15 से दूसरी जनसभा को संबोधित करेंगे।

### उत्तर प्रदेश में पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का फैसला

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया है।प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद यूपीपीएससी ने यह निर्णय लिया है। अब पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक दिवस में कराया जाएगा।

**रांची का तापमान**
अधिकतम $27^0$
न्युनतम $20^0$

# नहीं रुकेगा मंईयां सम्मान योजना

## हाईकोर्ट ने रोक लगाने वाली याचिका किया खारित




**40** लाख से अधिक महिलाएं मंईयां सम्मान योजना से जुड़ चुकी हैं।

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पर रोक लगाने का आग्रह करने को लेकर दायर जनहित याचिका को झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पहले हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने राज्य सरकार एवं प्रार्थी का पक्ष सुना। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अधिवक्ता राजीव कुमार के माध्यम से यह याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया है कि आने वाले कुछ माह में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के अनुसार राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को सीधे अकाउंट के माध्यम से पैसे नहीं दे सकती है। राज्य सरकार पब्लिक के परपस के लिए पैसा दे सकती है क्योंकि जनता के टैक्स के पैसे से ही सरकार चलती है। सरकार का काम पैसा को उस योजना में लगाना है,जिससे पब्लिक का फायदा हो, किसी को सीधे पैसा देना सही नहीं है।

उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि चार माह से वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी पेंशन की योजनाएं नहीं चल रही हैं। विधानसभा चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। उल्लेखनीय है कि मंईयां सम्मान योजना से 40 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। राज्य सरकार द्वारा महिलाएं और बुजुर्ग महिला को आर्थिक रूप से सबल बनाने के लिए यह योजना शुरू की गई है। जिसके तहत किसी घर में तीन महिलाएं और बुजुर्ग हैं तो सरकार सालाना 60 हजार रुपये देगी।

### हार गए तानाशाह : हेमंत सोरेन



रांची : हाईकोर्ट के फैसले के बाद हेमंत सोरेन ने इशारों ही इशारों में बीजेपी पर निशाना साधा है. सोरेन ने कहा कि झारखंड की मईयां की जीत हुई और तानाशाह हार गया. हेमंत की पार्टी के मुताबिक बीजेपी के कहने पर याचिका दाखिल की गई थी.दरअसल, विष्णु साहू नामक एक व्यक्ति ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी. साहू का कहना था कि इस योजना से राज्य का नुकसान हो रहा है और यह चुनाव को देखते हुए लागू किया गया है.हालांकि, हाईकोर्ट ने इस याचिका को सिरे से खारिज कर दिया.हाईकोर्ट के फैसले के बाद हेमंत ने कहा कि अभी तो जीत हो गई है, लेकिन याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं. हम वहां भी मजबूती से दलील रखेंगे और षड्यंत्रकारियों को हराएंगे.

हेमंत की पार्टी ने पोस्ट कर लिखा कि अब से 21 दिन बाद महिलाओं के खाते में 1 हजार नहीं, बल्कि 2500 रुपए आएंगे. महिलाओं की लड़ाई झारखंड का बेटा लड़ता रहेगा.एक तरफ जहां भारतीय जनता पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठ, डेमोग्राफी चेंज, आदिवासी अस्मिता को चुनावी मुद्दा बना रही है. वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा मईयां योजना के सहारे मैदान में है. झामुमो इस स्कीम के जरिए जाति से इतर आधी आबादी को साधने की जुगत में है. इस योजना में झारखंड की 18 से 50 साल की हर महिलाओं को प्रतिमाह 1 हजार रुपए दिए जा रहे हैं. राज्य सरकार के मुताबिक इस स्कीम से अब तक झारखंड की 50 लाख महिलाएं जुड़ गई हैं.

**केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने वक्फ बिल 2024: रिस्पेक्ट टू इस्लाम एंड गिफ्ट फॉर मुस्लिम्स का किया विमोचन**

# मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का कार्य सराहनीय : किरण रिजिजू



**मंत्री ने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह प्रयास अल्पसंख्यक कल्याण का नया अध्याय शुरू करेगा। किताब वक्फ प्रणाली के सुधार और मुस्लिम समाज के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने कृष्ण मैनन रोड स्थित अपने निवास स्थान पर वक्फ बिल 2024ः रिस्पेक्ट टू इस्लाम एंड गिफ्ट फॉर मुस्लिम्स नामक किताब का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का यह प्रयास अल्पसंख्यक कल्याण का नया अध्याय शुरू करेगा। किताब वक्फ प्रणाली के सुधार और मुस्लिम समाज के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। किताब के लेखकों में डॉ. शाहिद अख्तर, डॉ. शालिनी अली, शिराज़ कुरैशी और शाहिद सैयद का योगदान है, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण विषय पर गहन शोध और अध्ययन किया है।किरण रिजिजू ने किताब के विमोचन के दौरान लेखकों की सराहना की और उनके प्रयासों को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यह किताब न केवल वक्फ संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक मार्गदर्शक साबित होगी, बल्कि यह मुस्लिम समाज के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए एक उपहार के रूप में कार्य करेगी। रिजिजू ने विशेष रूप से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के कार्यों की सराहना की, जो वक्फ के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह संगठन मुस्लिम समुदाय को समाज में न्याय, समानता और विकास के साथ जोड़े रखने में अहम योगदान दे रहा है।

**वक्फ व अल्पसंख्यक मामलों के प्रतिष्ठित विद्वान हैं लेखक डॉ. शाहिद अख्तर**

डॉ. शाहिद अख्तर, जो कि वक्फ और अल्पसंख्यक मामलों में एक प्रतिष्ठित विद्वान हैं, ने इस किताब में वक्फ प्रणाली के इतिहास और इसके सुधार की आवश्यकता को बेहद बारीकी से प्रस्तुत किया है। उनका मानना है कि वक्फ को सही दिशा में आगे बढ़ाने के लिए पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और बेहतर प्रशासन की आवश्यकता है, ताकि इसका लाभ सही रूप से समाज के निचले तबके तक पहुंचे।

# झारखंड में एनडीए की सरकार बनना तय : अमित शाह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को गिरिडीह में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में राज्य की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास व्यक्त करते हुए भाजपा के पक्ष में भारी मतदान किया है।

जिससे तय हो गया कि झारखंड में अगली सरकार एनडीए की ही बनने जा रही है।उन्होंने जनता से इस बार झारखंड में भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए की सरकार बनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे झारखंड का चौतरफा विकास होगा और लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि एक तरफ झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी गठबंधन झारखंड को एटीएम का जरिया मानते हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी, ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन और साथी दल झारखंड को समृद्ध प्रदेश बनाना चाहते हैं।झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा सरकार बनते ही इस संबध में कानून बनाया जायेगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस का झारखंड में भी हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव जैसा हाल होने वाला है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 की वापसी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल गांधी परिवार की चार पीढ़ियां भी अब इसे वापस नहीं ला सकतीं।

उन्होंने कहा कि संसद में वक्फ बोर्ड कानून लाना हमारी सरकार का संकल्प है।

# स्ट्रांग रूम में सील हुआ प्रथम चरण का इवीएम : के. रवि कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने कहा है कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर संपन्न मतदान के बाद इवीएम, वीवीपैट आदि स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उन्हें सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी 15 जिले के स्ट्रांगरूम की सुरक्षा में एक-एक कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं। उन्होंने प्रथम चरण के शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। आगे के चुनाव को ध्यान में रखकर निर्वाचन आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर काम करेगा। हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता में बोल रहे थे।उन्होंने कहा कि 43 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 66.48 रहा है। इंड ऑफ पोल डेटा में मामूली बढ़ोत्तरी संभावित है। वहीं पोस्टल बैलेट का पूरा डेटा आने के बाद मतदान प्रतिशत में आंशिक बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन विभिन्न मामलों में कुल दस केस दर्ज किये गये हैं। उसमें कांके, हटिया और रांची में एक-एक, जमशेदपुर पूर्वी में चार, जमशेदपुर पश्चिमी में दो और पलामू में एक मामला दर्ज हुआ है।

**SRI GURU NANAK PUBLIC SCHOOL RAMGARH**
10+2, co-Educational Institute, Affiliated to C.B.S.E., New Delhi.



श्री गुरु नानक देव जी की 556 वें जयंती पर सभी रामगढ़ जिलावासियों को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभी कमेटी, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल कमेटी, श्री गुरु नानक नर्सरी स्कूल कमेटी एवं श्री गुरु गोविन्द सिंह ऑडिटोरियम कमेटी एवं रामगढ़ की सभी सिक्ख सात्-संगत की ओर से लख लख बधाइयां।



कर्म भूमि पर फल के लिए श्रम सबको करना पडता है,
रब सिर्फ लकीरें देता है रंग हमको भरना पड़ता है।




सरदार परमदीप सिंह कालरा
अध्यक्ष,
गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, रामगढ़

सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा
चैयरमैन
स्कूल प्रबंधन कमेटी

सरदार मनमोहन सिंह लांबा
डिप्टी चेयरमैन-सह-मैनेजर
स्कूल प्रबंधन कमेटी

# वाहन से इनकम टैक्स ने बरामद किया 25 लाख



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** देवघर से धनबाद जा रहे एक वाहन से आयकर विभाग की टीम ने गुरुवार को 25 लाख रुपया बरामद किया है। इससे पहले इसी वाहन की पुलिस ने जांच भी की थी, लेकिन रूपया बरामद नहीं हुआ था। यह मामला गिरिडीह जिला के देवरी मोड का है। जहां आयकर विभाग ने एक गाड़ी की स्टेपनी में छिपाकर रखे गए 25 लाख रुपए जब्त कर लिए। हालांकि पुलिस को जांच के दौरान उस गाड़ी से रुपए नहीं मिले थे। आयकर विभाग फिलहाल रुपए के स्रोतों की जांच कर रहा है।आयकर विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि देवघर से धनबाद की तरफ जा रहे एक वाहन में रुपया है। सूचना मिलने के बाद आयकर विभाग ने देवघर से धनबाद जाने वाले सभी रास्तों की जानकारी गूगल मैप से ली। इसके बाद गिरिडीह पुलिस को वाहन में रुपया होने की सूचना दी। वहीं दूसरी तरह आयकर विभाग की क्यूआरटी को गूगल मैप के अनुसार देवघर के सभी रास्तों पर नजर रखने का निर्देश दिया। आयकर विभाग की ओर से दी गयी सूचना और गूगल मैप के अनुसार पुलिस ने देवड़ी मोड़ के पास गाड़ी को रोक कर जांच की और रुपए नहीं मिलने की वजह से उसे छोड़ दिया। इस बीच आयकर विभाग की क्यूआरटी भी वहां पहुंच गयी और गाड़ी रोक कर जांच की। जांच के दौरान गाड़ी में कहीं रूपया नहीं मिला। इसके बाद क्यूआरटी ने गाड़ी की स्टेपनी खुलवायी। जिसके बाद स्टेपनी में छिपा कर रखे गए 25 लाख रुपया बरामद किया।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




### एक अद्भुत व दूरदर्शी राजनेता थे पंडित नेहरू : पूनम राज

# जीनीयस स्कूल में बाल दिवस पर याद किये गये पंडित नेहरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत नेउरा स्थित जीनीयस किड्स स्कूल में भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई साथ ही बच्चों के समक्ष पंडित जवाहरलाल नेहरु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। खेल प्रतियोगिता में बच्चों के बीच स्पून रेस, चेयर रेस इत्यादि करवाया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका पूनम राज ने बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पूनम राज ने बच्चों को संबोधित करते हुए पंडित नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1956 से 20 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता था, किंतु पंडित जी की मृत्यु के बाद उन्हें सदैव स्मरण रखने हेतु उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने नेहरू जी के प्रसिद्ध कथनों का भी उल्लेख किया।उन्होंने बताया कि पंडित नेहरू को बच्चों के साथ मिलना-जुलना पसंद था। इसलिए बच्चे भी उन्हें चाचा नेहरू कहते थे।पंडित जी का मानना था कि हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें बच्चे किताबी कीड़ा ना होकर उनका सर्वांगीण विकास हो व भावनात्मक रूप से समृद्ध हो तथा सामाजिक व नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण हो। आज के बच्चे ही कल का बेहतर भारत बना सकते हैं। जब कोई बच्चा आज हमारा प्यार पायेगा तब वह कल समाज में प्यार फैलाएगा।शिक्षक इम्तियाज अंसारी ने बताया कि पंडित नेहरू अपने ही देश तक सीमित नहीं थे बल्कि अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर भी प्रभाव रखते थे। 'गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों' का निर्माण कर उन्होंने वसुदेव कुटुंबकम का संदेश दिया। मौके पर शिक्षक इम्तियाज अंसारी, सुशील प्रजापति, बाबर अंसारी, मौसम, प्रिया, दिव्या, याना भारती, रूपम, रानी, नेहा, प्रियंका, सतीश, धीरज, रितेश सहित शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बच्चे उपस्थित थें।

## विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** आरापुर दुर्गा ऑफिस के सामने स्थित विवेकानंद पब्लिक स्कूल में बाल दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया. कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया. इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने केक काटकर प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन मनाया. स्कूल के निदेशक सह बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराम मिश्रा ने बताया कि बाल दिवस बच्चों की खुशियों, अधिकारों व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मनाया जाता है. उन्होंने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू को बच्चों से बहुत स्नेह व प्यार था. इसलिए उनके निधन के बाद उनके जन्मदिन 14 नवंबर को प्रति वर्ष बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है. मौके पर प्राचार्य तृप्ति मिश्रा, उप प्राचार्य शैली कुमारी, नेहा वर्मा, नितेश कुमार, पूजा कुमारी, दिलीप कुमार, सीता देवी, निशांत कुमार, प्रमोद कुमार सहित कई शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा मौजूद थे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मझिआंव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के चंद्रवंशी टोला के पास मेन रोड पर तेज रफ्तार बाइक से टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पलामू जिले के करकट्टा गांव के जमडीहा टोला निवासी 38 वर्षीय नानदेव मेहता को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार कर घायल कर दिया। बाइक सवार टिंकू खां, जोगिवीर गांव का निवासी बताया गया है। टक्कर के कारण नानदेव का पैर बुरी तरह से टूट गया और सिर में गहरी चोट आई है। घटना की सूचना पर 108 नंबर पर एंबुलेंस कॉल की गई, परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं थी। इसी दौरान गढ़वा की ओर जा रहे एबुलेंस से घायल नानदेव को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने हालत को देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार और एसआई चंदन प्रधान ने मौके पर पहुंचकर बाइक को जब्त कर थाने में लाया। आकाश कुमार ने बताया कि बाइक सवार ने हेलमेट नहीं पहना था और वह अत्यधिक रफ्तार में बाइक चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ। बाइक सवार के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घायल नानदेव की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है और वह मौत से जूझ रहा है।

## हुसैनाबाद के खरारपर गांव में मां ने अपने दुधमुंही बच्ची की हत्या की

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अंचल थाना क्षेत्र के खरारपर गांव की एक माँ ने अंधविश्वास में आकर अपने तांत्रिक सिद्धि प्राप्त करने को लेकर अपने ही दुधमुंही डेढ़ वर्ष की बच्ची की हत्या कर दी। यह घटना ने माँ शब्द को ही कलंकित कर दी, जिससे गाँव मे दहशत हैं। हलांकि पुलिस ने उस कलंकिनी माँ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। लेकिन यह घटना की आप बीती ग्रामीणों से सुनने के बाद रोंगटे खड़े हो जा रही हैं। प्राप्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खरारपर निवासी अरुण राम की पत्नी गीता देवी ने मंगलवार की मध्य रात्रि में अपने घर से करीब डेढ़ से दो किलोमीटर के दूरी सिकनी बरवाढोड़ा जंगल के तरफ खिचड़नुमा मिट्टी में अपने ही डेढ़ वर्ष की दुधमुंही बच्ची परी कुमारी की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दफना दिया और रात्रि में निवस्त्र आपत्तिजनक तरीके से रात्रि में गांव पहुची।

## संत पॉल कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेहला संत पॉल कान्वेंट स्कूल में बाल दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत से पहले प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया. इस अवसर पर कई प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ. प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधन द्वारा पुरष्कृत किया गया. विजेता छात्र छात्राओं के बीच पुरस्कारों का वितरण स्कूल के निदेशक साइमन मैथ्यू ऐशले ने किया. श्री ऐशले ने बाल दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी. उन्होंने पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवन पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला. मौके पर सचिव रीना, प्राचार्य मोनिका एक्का, नूतन कुजूर, संजय तिवारी, प्रीति चौरसिया, जोस्मिता लाकड़ा, ऊषा रोमिता, फिलिसिया तिर्की, मनीष गुप्ता, संजय कुजूर, अल्बीना एक्का, इबरार अंसारी, प्रतिमा कुमारी, भूषण मिंज, गौतम कुमार, पूनम खलखो, नितेश मिश्रा, आबिद अंसारी, नेहा तिर्की सहित सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्रा मौजूद थे।

## बूढ़ापहाड़ में इस बार लोगो ने खुल कर किया मतदान, हेलीकॉप्टर से लौटे मतदानकर्मी

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू माओवादियों का गढ़ माने जाने वाले बूढ़ापहाड़ इलाके में विधानसभा चुनाव के दौरान बंपर वोटिंग हुई।बूढ़ापहाड़ इलाका डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र में है, जहां हेलीकॉप्टर से नौ मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को भेजा गया था. जो मतदान कराकर सही सलामत वापस लौट आए हैं।गौरतलब हो कि बूढ़ापहाड़ के हेसातु में तीन दशक बाद मतदान केंद्र बनाया गया. हेसातु में कुल 752 मतदाता हैं, जिसमें से 524 मतदाताओं ने मतदान किया है. लोकसभा चुनाव के दौरान भी हेसातु में 60 फीसदी से अधिक मतदान हुआ था, विधानसभा चुनाव में 70 फीसदी मतदान हुआ है. बूढ़ापहाड़ का सबसे नजदीकी मतदान केंद्र हेसातु है. यहां तीन दशक से कोई मतदान केंद्र नहीं था।मतदान कर्मियों ने पत्रकारो को बताया कि बूढ़ापहाड़ इलाके में मतदान को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह था, ग्रामीण सुबह से ही वोट देने के लिए लाइन में खड़े थे. मतदान कर्मियों ने बताया कि अब इलाके में डर नाम की कोई चीज नहीं है. मतदान के लिए बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और सीआरपीएफ की तैनाती की गई थी।सभी मतदान कर्मियों को बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से बूढ़ापहाड़ के इलाके में भेजा गया था. बूढ़ापहाड़ का इलाका माओवादियों का यूनिफाइड कमांड और ट्रेनिंग सेंटर भी रहा है. 2022-23 में अभियान ऑक्टोपस चलाकर बूढ़ापहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराया गया है. बूढ़ापहाड़ से ही माओवादी पूरे झारखंड और बिहार में वोट बहिष्कार का फरमान जारी करते थे. लेकिन सुरक्षा बलों द्वारा बूढ़ापहाड़ पर कब्जा किए जाने के बाद नक्सली गतिविधि काफी कमजोर हो चुकी है।

## कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की जयंती मनाई गई सो प्रथम कांग्रेस जनों ने उनके चित पर माला फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि सुमन अर्पित की मौके पर जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि पंडित नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे देश की प्रगति में उनके योगदान को कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। उन्होंने योजना आयोग का गठन किया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और तीन लगातार पंचवर्षीय योजनाओं का शुभारंभ किया। उनकी नीतियों के कारण देश में कृषि और उद्योग का एक नया युग शुरु हुआ।भारतीय स्वतंत्रता लीग की स्थापना की एवं इसके महासचिव बने। इस लीग का मूल उद्देश्य भारत को ब्रिटिश साम्राज्य से पूर्णतः अलग करना था। 1929 में पंडित नेहरू भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन के लाहौर सत्र के अध्यक्ष चुने गए जिसका मुख्य लक्ष्य देश के लिए पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना था।देश में आईआईटी एम्स बड़े संस्थानों निर्माण पंडित नेहरू जी के द्वारा कराया गया।पंडित नेहरू जी को बच्चों से काफी लगाव था बच्चे प्यार से उन्हें चाचा नेहरू भी कहते है उनके जन्मदिन पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है मौके पर प्रमुख रूप से ईश्वरी प्रसाद सिंह शमीम अहमद रायन राजेश चौरसिया सत्येंद्र सिंह नफीस खान जितेंद्र कमलापुरी विश्राम दुबे गिरजा राम उमेश यादव इत्यादि लोग उपस्थित है।

## माता देवमतिया देवी की श्रद्धांजलि सभा में रामगोविंद राम ने किया शिरकत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र के नौड़ीहा बाजार प्रखंड के सीमावर्ती प्रखंड हरिहरगंज प्रखंड की ग्राम पड़रिया गांव निवासी 50 विलास राम की धर्मपत्नी देवमतिया देवी की श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। उनकी श्रद्धांजलि सभा मे रविदास विकास समिति के अध्यक्ष रामगोविंद राम शिक्षक, समिति की संरक्षक शिक्षक जुदागिर राम, उपाध्यक्ष गोपाल राम शिक्षक सचिव कृष्णा कुमार रवि, पत्रकार विश्वप्रेम कुमार, समाजसेवी सह बौद्धाचार्य अजय कुमार, पूर्व सरपंच रामजीवन राम के अलावा उनकी संगी सबंधी ने माता देवमतिया देवी की चित्रों पर पुष्प अर्पित किया। उनकी श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम मे आत्म की शांति के लिए एक मिनट की मौन रखा गया। उक्त मौके पर उपस्थित रविदास विकास समिति के अध्यक्ष मान्यवर रामगोविंद राम शिक्षक ने पाखंडवाद की विचार धाराओं पर कड़ी प्रहार करते हुए कहा कि मनुवाद की विचारों से काफी दूरी बनाने की बात रखी गई। उक्त कार्यक्रम मे अपने क्षमता के अनुसार ही श्रद्धा करें और एक दिन ही कार्यक्रम करने की बात कहा । कार्यक्रम मे बौद्ध की विचार धारा से करें और फिजूल खर्च न करें और बचत की पैसा से अपने बाल बच्चे की शिक्षा पर खर्च करने की बात कहा। कार्यक्रम मे सुदामा पासवान, सेवा निवृत शिक्षक अलखदेव राम, रामलाल राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण राम, लल्लू राम शिक्षक, सुनील कुमार नीरज के अलावा काफी संख्या महिला पुरुष मौजूद थे।

## टेंट हाउस और मकान में लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत शाहपुर चिस्ती नगर में बीती रात स्टार टेंट हाउस के गोदाम एवं घर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इसके बाद भुक्तभोगी के द्वारा इस घटना की जानकारी चैनपुर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगो की मदद से आग पर काबू पाया। भुक्तभोगी टेंट हाउस के मालिक शाहिद अंसारी ने बताया कि वह अपने घर पर थे।तभी टेंट हाउस के आसपास के रहने वाले लोगों ने जानकारी दिया कि हमारे टेंट हाउस में आग लग गई है। जानकारी मिलने पर जब हम वहां पहुंचे तो देखा कि टेंट हाउस में रखा टेंट का सारा सामान जलकर खाक हो गया है।इस अगलगी की घटना में हमें करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अगलगी की सूचना मिलने पर वार्ड नंबर 31 के वार्ड पार्षद प्रमिला देवी घटनास्थल पर पहुंचकर इस घटना से उभरने के लिए संतावना दिलाया वार्ड पार्षद प्रमिला देवी ने कहा कि भुक्तभोगी को मुआवजा दिलाने के लिए वह पूरा प्रयास करेंगे।

### डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल में याद किए गये चाचा नेहरू

# नेहरू के आदर्शों को आत्मसात करने की जरुरत : डॉ. श्वेता कुमारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डेडीकेटेड प्रीमीयर स्कूल में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ। सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रथम प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय के द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग के छात्राओं के लिए कबड्डी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 5,6,7 एवं 8 के छात्रों ने भाग लिया। कक्षा द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ के छात्रों के लिए म्यूजिकल चेयर का आयोजन किया गया। साथ ही जूनियर वर्ग नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी एवं वर्ग प्रथम के छात्रों द्वारा भी विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों एवं छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर श्वेता कुमारी ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू बच्चों से काफी प्रेम करते थे। यही कारण है उनकी जयंती की अवसर पर बाल दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि आज नेहरू के आदर्श को आप हिसाब करने की जरूरत है।

# रोटरी स्कूल चैनपुर में मनाया गया बाल दिवस

### भाषण, गीत व फैंसी ड्रेस से बच्चों ने चाचा नेहरू को किया याद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर नगर निगम स्थित रोटरी स्कूल में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 नवम्बर को बाल दिवस का आयोजन किया गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के सम्मान में प्रार्थना सभा का संचालन स्वयं से किया। वहीं प्राचार्य, उप प्राचार्य, समन्वयक, काउन्सलर, शिक्षक प्रतिनिधी, तथा शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। बच्चों के लिए चटपटे व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए थे। रंगीन वस्त्रों में बच्चों से भरे विद्यालय परिसर की शोभा देखते बन रही थी। मौके पर विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि बाल दिवस एक उत्साह वर्धन दिवस है। बच्चे हमारे देश के भविष्य है। इनके प्रति नेहरू जी की जो सोच थीं वह निश्चित रूप से सराहनीय है। हमारी शुभ कामनाएं बच्चों के साथ है साथ ही विद्यालय के प्राचार्य अश्लेष कुमार पाण्डेय ने बताया कि बाल दिवस मनाने का मकसद बच्चों के अधिकारों, शिक्षा, और कल्याण के लिए जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही, इस दिन को मनाकर बच्चों के प्रति और अधिक जिम्मेदारी लेने की बात याद दिलाना है। विश्व बाल दिवस की स्थापना सर्वप्रथम 1954 में सार्वभौमिक बाल दिवस के रूप में की गई थी और यह प्रत्येक वर्ष 20 नवम्बर को अंतर्राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने, विश्व भर में बच्चों के बीच जागरूकता लाने तथा बच्चों के कल्याण में सुधार लाने के लिए मनाया जाता है।जवाहर लाल नेहरू जिन्हें प्यार से चाचा नेहरू या केवल चाचा जी कहा जाता है। बच्चों के प्रति प्रेम के लिए उनको जाना जाता हैं।पंडित जवाहर लाल नेहरू का 27 मई 1964 को निधन हो गया था। उसी वर्ष उनके जन्मदिवस 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाये जाने का फैसला किया गया। पंडित नेहरू को सम्मान देने के लिए संसद में सर्वसम्मति से 14 नवम्बर को बाल दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की गयी और तभी से इस दिन को प्रति वर्ष बाल दिवस के रूप मे मनाया जा रहा है।आज इस बाल दिवस के अवसर पर हम शिक्षकों को ये संकल्प लेने कि आवश्यकता है कि हम उनके सर्वतोमुखी विकास के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। हम उस पर कार्य कर रहे है। हमारे शिक्षक टीम भावना से कार्य कर रहे है और सफलता भी मिल रही है।मौके पर उपस्थित उप प्राचार्य सत्येन्द्र प्रसाद, समन्वयक सुश्री स्मिता सिंह, काउन्सलर पूनम कुमारी, वरीय शिक्षक गोरी शंकर मिश्र, ए के पाण्डेय, उमा कांत मिश्र कामेश मेहता, एसबीपी गुप्ता, नम्रता पाण्डेय,हर्षबाला, रणजीत शर्मा, रणजीत कुमार, राहुल भारद्वाज राम बरुण देव अनीता वर्मा, दीपा कुमारी, नेहा, प्रियांशु, स्वाती, नंदन कुमार तिवारी आदि सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं ने बच्चों की उज्जवल भविष्य के लिए बधाइयां दी।

# हुसैनाबाद 79 विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** झारखण्ड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण आज सम्पन्न हो गया, हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ, हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 131 पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण करीब दो घण्टा लेट से मतदान चालू हुआ हलांकि इस तरह की हल्की तकनीकी कई बूथों में आई लेकिन पीठासीन अधिकारीयो ने इसे तुरंत ठीक करवा दिया, हुसैनाबाद के मतदान केंद्र संख्या 118,119, 114, 230, 124, 207, 214, 338 पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी लाइन देखी गयी सभी मतदाता कतार बद्ध तरीके से वोट दिया, शहर में 116 मतदान केंद्र संख्या को मॉडल रूप दिया गया जँहा पर कई बुजुर्ग राजेन्द्र तिवारी, व कृष्णा प्रसाद को वीलचेयर से मतदान की व्यवस्था की गई थी,वंही सभी मतदान केंद्र पर सहायक निर्वाची पदाधिकारी कृष्णकांत कांवड़िया व सहायक निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार पूरे दल बल के साथ सक्रिय दिखे, वही हुसैनाबाद के सड्ढा में सबसे से लम्बी कतार थी, मौके पर एलआरडीसी गौरांग महतो भी थे मौजूद, इधर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी आईपीएस एस मोहम्मद याकूब, व सर्किल इंसपेक्टर सुरेश मण्डल एवं थाना प्रभारी संजय कुमार यादव समेत कई अधिकारीयो ने शांतिपूर्ण तरीके से मतदान करवाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा० लि० 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो० न० 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## संक्षिप्त खबरें

### झामुमो नेता दिनेश विलियम को कारण बताओ नोटिस जारी

**रांची :** झामुमो के नेता दिनेश विलियम मराण्डी को पार्टी की ओर से गुरुवार को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।झारखण्ड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने कारण बताओ नोटिस जारी कर पार्टी के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश विलियम मराण्डी से पूछा है कि विभिन्न जनसंवाद माध्यमों एवं सोशल मिडिया प्लेटफॉर्मो पर आपके वक्तव्य से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पार्टी एवं गठबंधन के निर्णय के विरूद्ध आपके ओर से मुखरता से सार्वजनिक मंचों पर बोला जा रहा है। अपनी असहमती को पार्टी के उचित मंच पर न रखकर सार्वजनिक मंचों पर रखना गभीर अनुशासनहिनता की श्रेणी में आता है। उन्होंने पूछा है कि किन परिस्थितियो में आपने पार्टी एवं गठबंधन के निर्णय के विरूद्ध सार्वजनिक मंचों पर वक्तव्य दिया गया। यदि आपके पक्ष में कोई उत्तर है तो पत्र प्राप्ती के समय से 24 घंटे के अन्दर अपना पक्ष लिखित रूप से केन्द्रीय कार्यालय को प्रेषित करें। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो आप पर अनुसाशनात्मक कार्रवाई की जायेगी।

### स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नहेरू का मनाया गया जयंती

**रांची।** 14 नवंबर को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम प्रधानमंत्री एवं महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित जवाहर लाल नहेरू की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रॉंची में मनाई गयी। सर्वप्रथम जयंती समारोह में वक्ताओं ने स्व नेहरू के चित्र पर मार्ल्यापण करते हुए कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने पूरे विष्व में भारत को अग्रिम पंक्ति में खड़ा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, आज हम उनके इस योगदान को कभी भुला नहीं सकते। पंडित जवाहर लाल नेहरू को देश के गरीबों से प्रेम था, बच्चों से प्रेम था और सबसे बड़ी बात यह थी कि वो हमेषा देष के विकास के प्रति चितिंत रहते थे।

# हेमंत सरकार में झारखंड को मिला लव जिहाद, लैंड जिहाद : अनुराग

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची।** भाजपा सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भाजपा मीडिया सेंटर, रांची में प्रेस वार्ता की। इस दौरान कर्नाटक में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ नेता नारायण स्वामी, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे। मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हेमंत सरकार को भ्रष्टाचारी और लूटेरी सरकार बताते हुए जमकर घेरा। उन्होंने झामुमो का मतलब बताते हुए कहा झामुमो यानी जस्ट, मनी, मशीन,साथ ही कहा कि प्रदेश की जनता लूटेरी और भ्रष्टाचारी सरकार से त्रस्त है। झारखंड को भाजपा ने बनाया है, भाजपा ही इसको संवारेगी। उन्होने इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला, कहा कि पिछले 5 साल में राजद-कांग्रेस-झामुमो सरकार ने झारखंड के लोगों को 'लव-जिहाद', 'लैंड जिहाद' ही दिया है। ठाकुर ने कहा कि, जनकल्याण के बजाय 'जिहाद-कल्याण' यहां पर चल रहा है और इसके कई उदाहरण यहां पर आपके सामने हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहनों को बहला- फुसलाकर उनके अधिकार मारे जा रहे हैं। झारखंड की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस करती है। यहां पर जल, जंगल और जमीन का घोर भ्रष्टाचार हुआ है। इस लूट वाली सरकार को अब जनता खुली छूट नहीं देगी। उन्होंने कहा कि झारखंड के युवाओं ने मन बना लिया है कि अब वे भाजपा सरकार बनाने जा रहे है। उन्होंने सवाल पूछे, हेमंत सोरेन ने कितनी नौकरियां दीं? रिकॉर्ड पेपर लीक का काम हुआ। पेपर लीक तो बंद नहीं करवा पाए, लेकिन इंटरनेट बंद करवा दिए। सरकार ने माना है कि 5 साल में मात्र 11,400 लोगों को ही नौकरी मिल पाई और बेरोजगारी भत्ता भी नहीं दिया गया। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की बात कही गई थी, लेकिन 5 प्रतिशत भी नहीं मिल पाया है। ठाकुर ने कांग्रेस को घेरते हुए कहो कि, वहा कांग्रेस ने कर्नाटका, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जनता को धोखा दिया है। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के वादों को फेल बताया। कहा कि कांग्रेस ने राज्य में 10 गारंटी दी थी, लेकिन कोई भी पूरी नहीं हो पाई। ठाकुर ने दावा किया कि कांग्रेस की सरकारें देशभर में विफल हो चुकी हैं, और इनकी नीतियों ने राज्यों को आर्थिक संकट में डाल दिया है। कर्नाटका में नेता प्रतिपक्ष और वरिष्ठ नेता नारायण स्वामी ने कहा कि कर्नाटका सरकार और कांग्रेस की गारंटी को लेकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस अपनी गारंटी पूरी नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वहां कि जनता से झूठ बोलने का काम किया। उन्होंने कहा खासकर शक्ति योजना और महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवाएं देने का वादा किया था, 200 यूनिट फ्री बिजली का वादा। कांग्रेस की तमाम गारंटियां फेल हो चुकी है। स्वामी ने कहा कि कांग्रेस ऐसी गारंटियों का वादा करके सत्ता में आई है जिनको वे इन्हें पूरा नहीं कर सकते है।

# आदिवासी के पीछे पांच साल से पड़े हैं बेईमान : हेमंत सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** दूसरे चरण के चुनाव प्रचार ने गति पकड़ ली है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस क्रम में गुरुवार को दुमका और सारठ विधानसभा क्षेत्र में चुनावी रैली को संबोधित कर भाजपा पर हमला बोला। हेमन्त सोरेन ने कहा पूरे देश का चिड़ीमार, विधायक और सांसद की चोरी करने वाले चोर झारखण्ड में घूम रहा है। इनका कई राज्यों का मुख्यमंत्री, खुद प्रधानमंत्री और गृह मंत्री यहाँ डेरा डाले हुए है। हेमन्त सोरेन ने कहा पिछले पाँच साल ये लोग एक आदिवासी के पीछे पड़े हुए हैं , लेकिन बाल भी बांका नहीं कर सकें हैं। ये लोग बौखला गया है। राजनीतिक लड़ाई से जब नहीं सके तो संवैधानिक संस्थानों को मेरे पीछे लगा दिया। हेमन्त सोरेन ने कहा ये बेईमान लोग कभी राज्य की जानता के सुख दुःख में शामिल नहीं हुआ। इन्हें युवा, महिला, किसान , आदिवासी, दलित और गरीबों से कोई मतलब नहीं है। 20 वर्ष में भाजपा और एनडीए ने कितने लोगों के सर पर पड़े आर्थिक बोझ को कम किया , इनलोगों से पूछिए। ऐसे लोगों को बोरा में बंद कर गुजरात में फेंक देना है। इनके राज्य में आदिवासी महिलाओं का चीर हरण हो रहा है और ये मौन तमाशा देख रहें हैं। हेमन्त सोरेन ने कहा इनके सत्ता में रहते किसान आत्महत्या कर रहे थे। लोग भूखे मर रहे थे। लेकिन महा गठबंधन की सरकार में किसानों का दो लाख तक का ऋण माफ हुआ, लोगों का बकाया बिजली बिल माफ हुआ, सभी वृद्धों को पेंशन दिया गया। महा गठबंधन की सरकार ने ग़रीब गुरबा को उनके पैरों पर खड़ा करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इनके राज्य के कर्मियों को पेंशन नहीं मिलता है, लेकिन झारखण्ड में हमने अपने कर्मियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की, राज्य के वकीलों को पेंशन रूपी सम्मान दिया है। महिलाओं को सम्मान राशि मिल रहा है। अब सम्मान राशि 1000 हज़ार से बढ़कर 2500 हजार रुपये दिसंबर से कर दिया गया है। आने वाले समय में हर परिवार तक पांच लाख रुपये भेजने का कार्य होगा।

## चांदनी मुंडा ने पहली बार किया वोट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा में पहला मतदाताओं में पहली बार मतदान करने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। ऐसा ही नजारा हटिया विधानसभा में पहली बार वोट करने को लेकर देखा गया। चांदनी मुंडा विधानसभा का नाम- 64 हटिया बूथ संख्या - 237 मतदाता केंद्र-राजकीय मध्य विद्यालय कटहर गोन्दा (मध्य भाग) है। चांदनी मुंडा ने कहा कि बचपन में मां,बाबा,दादा , दीदी को वोट करते देखते थे तो मुझे भी मन करता था वोट करने का, लेकिन उम्र नहीं होने के कारण वोट नहीं कर पाते थे। इस साल मेरे लिए यादगार पल है जब मैंने पहली बार वोट किया।

# रिम्स के चिकित्सकों ने सफल बीटिंग हार्ट सर्जरी किया

प्रभाम मंत्र संवाददाता




**रांची :** रिम्स के सीटीवीएस विभाग के चिकित्सकों की ओर से सफल बीटिंग हार्ट कोरोनरी आर्टरी बायपास सर्जरी किया गया। रिम्स के पीआरओ डॉ.राजीव रंजन ने गुरुवार को बताया कि बिहार के औरंगाबाद से कार्डियक इमरजेंसी से आये इस मरीज को पिछले कुछ दिनों से सीने में दर्द की परेशानी हो रही थी। जांच में तीव्र हृदयघात (एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम) का ज्ञात हुआ। कोरोनरी एंजियोग्राम करने पर ट्रिपल वेसल कोरोनरी आर्टरी बीमारी की जानकारी प्राप्त हुई। मरीज की स्थिति को देखते हुए पहले दवाओं के माध्यम से उसे स्थिर किया गया और सीएबीजी की योजना बनाई गयी। मरीज का सफलतापूर्वक बीटिंग हार्ट बायपास सर्जरी किया गया। उन्होंने बताया कि इस सर्जरी के दौरान हृदय शरीर के बाकी हिस्सों में रक्त भेजना जारी रखता है। पारंपरिक बाईपास सर्जरी में दिल की धड़कन को रोका जाता है, ताकि दिल न हिले और खून से भरा हुआ हो। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में सुधार है और आज उसे आइसीयू से रिकवरी वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया है। यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क की गयी है एवं सर्जरी के लिए आवश्यक सामग्री अमृत फार्मेसी से उपलब्ध कराई गयी थी। सर्जरी टीम का नेतृत्व सीटीवीएस विभाग के डॉ राकेश चौधरी ने किया। टीम में सीटीवीएस विभाग के डॉ अंशुल कुमार, निश्चेतना विभाग से प्रो (डॉ) शिव प्रिय, डॉ नितीश कुमार, अन्य रेजिडेंट चिकित्सक, ओटी असिस्टेंट राजेंद्र और खुशबू भी शामिल थे।

# प्रेम प्रसंग में युवती फरार परिवार के लोग परेशान

प्रभात मंत्र संवाददाता




**रांची ।** चुटिया थाना अंतर्गत रांची रेलवे स्टेशन के पास से एक युवती के अपहरण का मामला प्रकाश में आया है । बताया जा रहा है कि युवती दिल्ली से रांची आई थी , उसे अपने घर गुमला जाना था, लेकिन वह अपने घर नहीं पहुंच पाई। परिजनों ने अपहरण का मामला चुटिया थाना में दर्ज कराया था। पुलिस खोजबीन शुरू कर दिया । वहीं रांची डीएसपी के वी रमन ने बताया कि युवती बालिग है उम्र 20 साल हो रही है । और वे दिल्ली से गुमला के लिए रांची पहुंची थी। रांची जब वह पहुंची तो अपने बॉयफ्रेंड को फोन किया और उसी के साथ अपनी खुशी से चली गई है । युवती ने खुद अपने भाई-बहन को इसकी जानकारी फोन से दी और उसे बताया कि कि हमें परेशान नहीं करें वे अपने खुशी से जा रही है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से छानबीन में जुटी है, और कागजी प्रक्रिया के बाल कार्रवाई करेगी ।

## मोदी की 7 गारंटी झूठ की बुनियाद जुमला, तुष्टिकरण : कैलाश यादव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं सरकार में विरोधी दल नेता तेजस्वी प्र यादव कल देवघर विधानसभा चुनाव प्रचार में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे साथ में जेएमएम नेत्री कल्पना सोरेन मौजूद रहेंगी । यादव ने बताया कि राज्य में तेजस्वी प्र यादव का हर जगह मांग है वे 18 नवंबर प्रचार के अंतिम दिन तक लगातार झारखंड में रहेंगे और देवघर, गोड्डा सहित कई जगहों पर धुंआधार चुनाव प्रचार कर बीजेपी के तुष्टिकरण नफरती राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे ! ज्ञातव्य है कि मोदी की 7 गारंटी झूठ की बुनियाद पर टिकी हुई है इनके झूठे वादे की गारंटी को राज्य की महान जनता ने सिरे से खारिज कर दिया है क्योंकि मोदी/बीजेपी की गारंटी का मतलब झूठे वादे,जुमला फेंकना, तुष्टिकरण ध्रुवीकरण एवं नफरती राजनीति करना पूंजीपतियों के इशारे पर राज्य की जल जंगल जमीन एवं खनिज संपदा को हासिल कर गुजरातियों के हवाले करना है ।यादव ने कहा कि बीते कल प्रथम चरण का चुनाव में इंडिया गठबंधन के पक्ष में भारी संख्या में मतदान हुआ है राज्य की जनता ने राज्य के विकास के लिए पुनः इंडिया गठबंधन के पक्ष में सरकार बनाने का फैसला कर लिया है,निश्चित तौर पर गठबंधन दलों द्वारा दो तिहाई बहुमत के साथ रिकॉड जीत दर्ज कर इतिहास रचने का काम किया जाएगा । विदित है कि झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में बीजेपी पूंजीपतियों के इशारे पर राष्ट्रीय नेताओं के भरोसे चुनाव लड़ रही है जबकि बीजेपी के प्रादेशिक नेताओं का कहीं अता पता नहीं है गुमनाम राजनीति का परिचय दे रहे हैं अब बीजेपी राज्यवासियों को बेवकूफ नहीं बना सकती और सत्ता का चाभी अमीर बीजेपी के रिमोर्ट कंट्रोल पर चलने नहीं देगी । भाजपा को बेनकाब करने के लिए राजद के स्टार प्रचारक राजद सुप्रीमो लालू प्र यादव और युवा हृदय सम्राट तेजस्वी प्र यादव लगातार इंडिया गठबंधन के मजबूती के लिए चट्टान के तरह खड़ा है और भाजपा को बेदखल करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का काम कर रहा है ।

## अब कांग्रेस ने खुलकर कहा घुसपैठियों को 450 रुपये में एक गैस सिलेंडर : प्रतुल




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर के बयान कि हमारी सरकार बनते ही 450 रूपये में गैस सिलेंडर देंगे । इस पर बीजेपी ने कड़ी आपतति जताई है। बीजेपी के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर का बयान पर आपत्तिजनक है, जिसमें उन्होंने सरकार बनने पर घुसपैठियों को भी 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने की बात कही थी। प्रतुल शाहदेव ने कहा मीर का बयान देश विरोधी है साथ ही कहा कि सिर्फ अल्पसंख्यक वोटों के तुष्टीकरण और ध्रुवीकरण के लिए यह बयान दिया गया है। इसके साथ ही प्रतुल ने कांग्रेस पर घुसपैठियों का साथ देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि घुसपैठियों को इस सरकार में लगातार संरक्षण मिल रहा है। प्रतुल का आरोप है कि अल्पसंख्यक तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों का आधार बनाया जा रहा है। कहा कि अब तो कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी बेरमो के प्रत्याशी अनुप सिंह की मौजूदगी में जनसभा में सावर्जनिक रूप से कह दिया कि जब उनकी सरकार बनेगी तो घुसपैठियों को 450 रुपये में गैस सिलेंडर देंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने मीर के इस बयान को शर्मसार करने वाला बताते हुए कहा कि कांग्रेस अवैध रूप से घुसपैठिये को सरकारी योजना का लाभ देने की बात कर रही है। वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में कांग्रेस ने सारी हदें पार कर दी है।

### राज्यपाल ने पंडित नेहरू की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**रांची :** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने गुरुवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर राजभवन में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बीआईटी मेसरा का 34 वां दीक्षांत समारोह 16 नवंबर को

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा (बीआईटी मेसरा) 16 नवंबर, 2024 को सुबह 10 बजे प्रतिष्ठित जीपी विडला ऑडिटोरियम में अपने 34 वां दीक्षांत समारोह का आयोजन करने के लिए तैयार है। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रोफेसर डॉक्टर संदीप दास चेयरमैन समिति कान्वेंक्शन कमिटी और डीन ऑफ एडमिशन, अक्रेडिशन बीआईटी मेसरा, एग्जामिनेशन कण्ट्रोलर बीआईटी मिश्रा प्रोफेसर रितेश कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से दी।

उन्होंने बताया कि यह महत्वपूर्ण आयोजन कठोर शैक्षणिक प्रयासों की परिणति और स्नातक छात्रों के लिए नए सफर की शुरुआत का प्रतीक है।झारखंड के राज्यपाल सह बीआईटी मेसरा के कुलाधिपति, महामहिम संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। पक्ष्यात अंतरिक्ष वैज्ञानिक पद्म भूषण डॉ. बी. एन. सुरेश, भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान, तिरुवनंतपुरम के संस्थापक निर्देशक और कुलपति, और भारतीय राष्ट्रीय इंजीनियरिंग अकादमी के पूर्व अध्यक्ष, मुख्य भाषण देंगे। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में नवीनतम प्रगति और अविष्य के लिए इसके प्रभावों पर उनकी अंतर्दृष्टि का बेसब्री से इंतजार है। सी. के. बिडला, एक प्रतिष्ठित उद्योग नेता और बीआईटी मेसरा के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। उनकी उपस्थिति कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाएगी और स्नातक छात्रों को प्रेरित करेगी। यह दीक्षांत समारोह एक यादगार आयोजन होने का वादा करता है। जो स्नातक उपजों की उपलन्धियों का जश्न मनाता है और शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के पति बीआईटी मेसरा की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।इस वर्ष बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मेसरा (बीआईटी मेसरा) 16 नवंबर, 2024 को अपने 34 वां दीक्षात समारोह में स्नातक, स्नातकोतर और डॉक्टरेट डिग्री सहित कुल 2,715 डिग्री प्रदान करने के लिए तैयार है। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता और युवाओं के अविष्य को आकार देने में इसकी भूमिका को दर्शाता है। विभिन्न बीआईटी मेसरा परिसरों में डिग्री का वितरण इस प्रकार है।

### इन्हें दिया जायेगा डिग्री

मिश्रा से पीएचडी 90 , पीजी 422, यूजी 788, पटना पीएचडी 4, पीजी 16 , यूजी 247, देवघर यूजी 146, लालपुर पीएचडी 2 , पीजी 106, यूजी 373 , नोएडा पीएचडी 7 , पीजी 56 , यूजी 86, जयपुर पीजी 36 , यूजी 159 और यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक यूजी में 25 , डिप्लोमा 152 सभी छात्र छात्राओं को मिलाकर 2715 छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

### बीआईटी मेसरा मुख्य परिसरः 1,300 डिग्री

बीआईटी पटना. 267 डिग्री,बी.आईटी देवधरः 146 डिग्री,बीआईटी लालपुरः 481 डिग्री बीआईटी नोएडाः 149 डिग्री,बीआईटी जयपुरः 195 डियो,विश्वविद्यालय पॉलिटेक्निक, बीआईटी मेसरा 177 डिग्री. डिग्री की यह विविध श्रेणी संस्थान की व्यापक शैक्षणिक पेशकश और विभिन्न क्षेत्रों में इसके प्रभाव को उजागर सत्रह छात्रों को उनकी अथक मेहनत और पूरे शैक्षणिक सफर में लगातार उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा। मौके पर प्रोफेसर कृति, मृणाल पाठक, प्रीति मौजूद थे।

# न्यू लाइफ स्कूल में फुटपाथ दुकानदार संघ ने मनाया चिल्ड्रेन डे



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जयंती पर आयोजित चिल्ड्रन डे के उपलक्ष्य में न्यू लाइफ स्कूल में फुटपाथ दुकानदारों के द्वारा बच्चों के बीच सामान वितरण किया गया । टॉफी चॉकलेट बिस्किट यह स्कूल बिना फीस लिए बच्चों को पड़ता है । खास करके छोटे बच्चों को जो बच्चे के घर वाले असमर्थ है, वैसे बच्चे को इसकी संचालक का रीतिका लकड़ा है। सबसे बड़ी बात है रितिका लकड़ा संचालक खुद अपने खर्च से टीचर को उनका पेमेंट करती है, इसी कारण झारखंड फुटपाथ दुकानदार संघ रितिका लकड़ा संचालक को सहायता करते हैं।

### रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, में मनाया गया चिल्ड्रन डे

रांची। रेड सी इंटरनेशनल स्कूल, आज़ाद बस्ती और रमजान कॉलोनी कांटाटोली रांची में भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के यौमे-पैदाइश पर, जो हर साल 14 नवंबर को चिल्ड्रन डे के तौर पर मनाया जाता है, रेड सी इंटरनेशनल स्कूल में ख़ास प्रोग्राम का इन्तेज़ाम किया गया। नन्हे बच्चों ने अपने रक्स, गीत और नज़्मों से सबका दिल जीत लिया। टीचरों ने भी बच्चों को कई कहानियों के ज़रिये नेहरू जी के ख़्यालात से वाक़फि कराया। स्कूल के प्रिंसिपल ने सोनी केरकेट्टा ने कहा, चिल्ड्रन डे का मकसद बच्चों में तालीम के लिए बेदारी पैदा करना और उनकी ख़ुशी में शामिल होना है।

### आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया गया बाल दिवस

रांची। आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची में बाल दिवस के अवसर पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देना और उनके कलात्मक कौशल को निखारना था। प्रतियोगिता में छात्रों ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया और विभिन्न रंगों से अपनी कल्पनाओं को कागज़ पर उतारा। विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह प्रबंधन और शिक्षकों ने बच्चों के प्रयासों की सराहना की और उनकी कला के प्रति समर्पण को सराहा।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 106वाँ स्थापना दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल एवं क्षेत्रीय कार्यालय, रांची द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 14 नवंबर 2024 को शाम 6ः00 बजे द कार्निवल, अल्कापुरी, राँची में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की 106वें स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ सदस्य, सेवानिवृत्त स्टाफ सदस्यगण, ग्राहकगण तथा परिवार के सदस्य शामिल हुए । कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत अंचल प्रमुख, क्षेत्र प्रमुख, उप अंचल प्रमुख तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया । इस अवसर पर कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा बैंक की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ मणि मैखलई महोदया ने उक्त समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर सभी स्टेकहोल्डर्स, ग्राहकों, स्टाफ सदस्यों एवं यूनियन स्टाफ परिवार के सदस्यों एवं सेवा निवृत स्टाफ सदस्यों को 106वें स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं एवं अपना संदेश दिया। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा इस वर्ष का थीम पर्यावरण का ख्याल ,उन्नति बेमिसाल÷ रखा गया है ।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पद्मश्री छुटनी महतो , अंचल प्रमुख बैजनाथ सिंह , उप अंचल प्रमुख विजय कुमार राय , उप अंचल प्रमुख शशिकांत , क्षेत्र प्रमुख आलोक कुमार के साथ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रांची स्थित कार्यालयों एवं शाखाओं के कार्यपालक गण , स्टाफ सदस्य गण , ग्राहक गण , सेवानिवृत स्टाफ सदस्य गण ,तथा स्टाफ परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन आलोक कुमार , क्षेत्र प्रमुख राँची द्वारा दिया गया ।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com


## सिद्रोल, सदाबहार चौक एवं टिपुदाना में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: खिजरी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नामकुम मंडल भाजपा द्वारा सिद्रोल, सदाबहार चौक एवं टिपुदाना में एन डी ए के कर्मठ एवं जुझारू उम्मीदवार राम कुमार पाहन,खिजरी विधानसभा के चुनाव संयोजक सुरेंद्र महतो एवं महिला नेत्री आरती सिंह के द्वारा नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि पूरे खिजरी विधानसभा में भाजपा की लहर है।सभी कार्यकर्ता एक जुट होकर घर घर जाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में मतदान के लिए पूरे ईमानदारी के साथ लग जाए।महिलाएं टोली बनाकर पदयात्रा के माध्यम से लोगों को जागरूक करे।इस अवसर पर राम पाहन, सुरेंद्र महतो,आरती सिंह,प्रमोद सिंह सांसद प्रतिनिधि,अशोक मुंडा,विजेंद्र राय, गोरखनाथ सिंह,प्रभुदयाल बड़ाइक,गणेश मिश्र,जलनाथ चौधरी,मनोज चौधरी,राजू नायक,मुकेश नायक,विक्रम जायसवाल,रितेश उरांव,मनोज कुमार सिंह इत्यादि गणमान्य लोगों के अलावे सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरला बिरला पब्लिक स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। दिन की शुरुआत एक विशेष सभा से हुई। इसके बाद बच्चों के मनोरंजन के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों ने एक एनिमेटेड फिल्म का आनंद लिया। इसके बाद, वे बाहर जाकर मजेदार खेलों में शामिल हुए, जिससे उनकी टीम भावना, खुशी और शारीरिक तंदुरुस्ती को बढ़ावा मिला। छोटे बच्चों ने टम्बल टॉसर में खेलते हुए मस्ती की और संगीत की धुनों पर थिरकते हुए खुशियाँ मनाईं। समारोह का समापन प्राचार्या के प्रेरणादायक संदेश के साथ हुआ। उन्होंने बच्चों को इस विशेष अवसर पर शुभकामनाएँ दीं और उन्हें हमेशा सीखते रहने व आगे बढ़ने की प्रेरणा दी, ताकि वे एक जिम्मेदार नागरिक बन सकें। उन्होंने उन्हें अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखने के लिए भी प्रोत्साहित किया।

## संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में ह्यसाइंस, ऑर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन



**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में बाल दिवस के मौके पर विद्यालय द्वारा साइंस, आर्ट एंड क्रॉफ्ट एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा प्रथम से लेकर बारहवीं तक के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुरी रेलवे स्टेशन प्रबंधक राकेश कुमार के द्वारा किया गया जो कि मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय परिसर में विद्यालय के निर्देशक राकेश कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर किया और उनकी उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।इस मौके पर सभी छात्र एवं छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किए, जैसे चंद्रयान 3, वायु प्रदूषण, जेसीबी, स्मार्ट सिटी, सोलर एनर्जी, वॉटर कनर्जवेशन, वॉटर फिल्टर, धनुष मिसाईल इत्यादि।ऑर्ट एंड क्राफ्ट के द्वारा भी बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों ने वाटर पेंट, ग्लास पेटिंग, ऑयल पेंटिंग के द्वारा कई तरह के पेंटिंग एवं पोस्टर प्रस्तुत किए साथ ही बच्चों ने घर के पुराने वस्तुओं जैसे पुराने कागज, ग्लास, प्लास्टिक बोतल, इत्यादि को रिसाइकल कर उनसे कई तरह के उपयोगी मॉडल तैयार किए। एवं छोटे छोटे बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस का भी आयोजन किया गया।इस मौके पर बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडल को देखने के लिए भरी संख्या में अभिभावकगण भी उपस्थित थे। साथ ही उन्होंने बच्चों के प्रतिभा को देखकर काफी सहराना की। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य सि. एल. प्रजापति ने सभी विद्यार्थियों को उनके परिश्रम और प्रतिभा की सराहना कर उनको बधाई दी और साथ ही सभी शिक्षको को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

# 14 नवम्बर को मनाया जाता है बाल दिवस : शिवानी सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय मांडर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता, शिवानी सिंह सुमन ठाकुर, पुष्पलता देवी, सुनीता देवी, पुनम देवी एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता ने कहा कि हर साल भारत में 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती या जन्मदिवस 14 नवंबर को होता है, जिसे देश में बाल दिवस के तौर पर जाना जाता है। इसके अलावा सुश्री सिंह ने बाल विवाह, बाल श्रम, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, डायन प्रथा झालसा एवं डालसा के द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। डालसा के पीएलवी ने बच्चों को उनके अधिकार और कर्त्तव्य के बारे में जानकारी दी। पीएलवी सुमन ठाकुर ने बच्चों को विशेष मध्यस्थता अभियान, लोक अदालत तथा राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। इसी बीच स्कूल के बच्चों के लिए क्वीज कंपीटशन का आयोजन भी किया गया और उपस्थित सभी बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया तथा प्रश्नों का उत्तर दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर को दी गयी जानकारी ज्ञात हो कि 14 दिसम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। तारा मिंज ने कहा कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चोक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है। अंत में डालसा के पीएलवी के द्वारा बच्चों के बीच कानूनी पुस्तिका एवं पम्पलेट बांटे गये। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बचरा सपही नदी के किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला सीसीएल कर्मचारी का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत 46 वर्षीय सीसीएल कर्मचारी प्यारी मुंडा का शव बीती रात्रि बचरा सपही नदी के किनारे संदिग्ध अवस्था में बरामद किया गया है।जानकारी के अनुसार विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद बुधवार की देर शाम को बचरा सपही नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव देखा गया, इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उनकी पहचान की गई और शव को बचरा क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन और पिपरवार पुलिस को दी गई।सूचना पाकर कई अधिकारी एवं स्थानीय पुलिस अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी ली।मृतक व्यक्ति की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के अंबाटोंगरी निवासी 46 वर्षीय प्यारी मुंडा के रूप मे की गई।वह पिपरवार क्षेत्र के बचरा क्षेत्रीय अस्पताल में वार्ड बॉय के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में राय कोलियरी स्थित क्वार्टर में रहता था।उन्होंने अपने पीछे तीन पुत्री एक पुत्र और पत्नी छोड़ गए हैं।इधर घटना की सूचना पाकर स्थानीय ग्रामीण एवं श्रमिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचकर मामले की जानकारी दी और मृतक के आश्रित को नौकरी एवं अन्य सुविधा देने की मांग की।वहीं प्रबंधन के द्वारा जल्द ही कागजी प्रक्रिया पूरी होने के साथ नौकरी देने का आश्वासन दिया गया।मृतक सीसीएल कर्मचारी की मौत कैसे हुई है इसके बारे में पिपरवार पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

## मतदान करने के लिए आप सभी सम्मानित मतदाताओं का धन्यवाद : सन्नी टोप्पो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सन्नी टोप्पो ने झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में 66 मांडर विधानसभा का चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न होने पर मांडर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं का धन्यवाद किया। जिन्होंने लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाई और जोश और उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया।साथ ही दिन-रात परिश्रम कर कार्य करने वाले मेरे सभी देवतुल्य कार्यकर्त्ता और सभी सहयोगी जनों का भी आभार एवं धन्यवाद।

# राष्ट्र निर्माण में बच्चों की भूमिका अहम : सकलदीप भगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** श्योर सक्सेस कोचिग सेंटर, मुरहू में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं के बीच भाषण, क्विज एवं कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों से बहुत स्नेह और लगाव था। इसीलिए उन्हें प्यार से बच्चे चाचा नेहरू कहा करते थे। भगत ने बच्चों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे दुनिया के सबसे मूल्यवान संसाधन होते हैं। वे राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं। शिक्षक सकलदीप ने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे इस तरह जियें कि जब आपके बच्चे निष्पक्षता, देखभाल और ईमानदारी के बारे में सोचें, तो वे आपके बारे में सोचें।वे अपने बच्चों के लिए समय निकालें एवं बुरी आदतों से उन्हें दुर रखें। प्रतियोगिता मे बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रा रिया रानी ,मुस्कान कुमारी एवं साक्षी कुमारी को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कशिश एवं प्रियंका ने किया। उनके इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रिया, रागिनी एवं सावित्री का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## डीएवी खलारी में हर्षोल्लास से मना बाल दिवस

# नेहरू जी बच्चों से असीम स्नेह रखते थे : प्राचार्य डॉ कमलेश कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** डीएवी स्कूल खलारी में गुरुवार को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ.कमलेश कुमार ने पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरुआत की। सभी शिक्षकों एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों ने पं. नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि देकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर आयोजित विशेष प्रार्थना सभा को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. कमलेश कुमार ने कहा कि पं. जवाहरलाल नेहरू दूरदर्शी एवं दृढ़ संकल्पों वाले व्यक्ति थे। उन्होंने देश को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए जी जान से प्रयास किए। वे बच्चों से असीम स्नेह रखते थे। प्राचार्य ने बच्चों को नेहरू जी के जीवन की प्रेरणादायक कहानी भी सुनाई तथा बताया कि वे जिस विद्यालय में पढ़ते थे, सरकार ने आज उसे राष्ट्रीय स्मारक बना रखा है। हम बच्चों को ऐसे महापुरुषों से सदैव प्रेरणा लेनी चाहिए तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति में सदैव प्रयासरत रहना चाहिए। विद्यालय के संगीत शिक्षक अमित मिश्रा ने भी बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को गीतों के माध्यम से प्रेरणा दी। शिक्षिका नीलम एवं मिस प्रिया पांडे ने भी पं. नेहरू के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए तथा विद्यालय के सभी बच्चों को इस अवसर पर बधाई दी। इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर मुख्य द्वार पर शिक्षकों ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंच संचालन अंग्रेजी शिक्षक अभिषेक दुबे ने किया। इस मौके पर सभी शिक्षक व छात्र उपस्थित थे।

# समय पर भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर डंपर मालिकों ने पांच घंटे बंद रखी कोयला ढुलाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी सीपीपी कोल परियोजना से लेकर बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के काम को गुरुवार की सुबह स्थानीय डंपर मालिकों ने बंद कर दिया।डंपर मालिकों ने समय पर भाड़ा भुगतान एवं भाड़ा भुगतान में होने वाले समस्या के समाधान की मांग को लेकर कोयला ढुलाई के काम को बंद रखा।इस दौरान सीएचपी सीपीपी कोल परियोजना से लेकर बचरा साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम पूरी तरह से बन्द रहा।इस संबंध में स्थानीय डंपर मालिकों ने बताया कि संबंधित कंपनियों के द्वारा समय पर भाड़ा का भुगतान नहीं किया जाता है,जिसके कारण डंपर चालक एवं खलासी को वेतन देने में काफी परेशानी होती है। इसके अलावा डंपर मालिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही वेतन भुगतान में कई तरह की परेशानियां आ रही हैं इसके समाधान की मांग की गई है,लेकिन इस पर कोई पहल नहीं की गई है जिसके खिलाफ कोयला ढुलाई का काम बंद किया गया है।इधर कोयला ढुलाई बंद होने की सूचना पाकर स्थानीय सीसीएल अधिकारी एवं पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं डंपर मालिकों से वार्ता कर जल्द ही इस मामले को लेकर बैठक आयोजित कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया,जिसके बाद सभी डंपर मालिक शांत हुए और करीब पांच घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम चालू हो सका।इस मौके पर काफी संख्या में डंपर मालिक मौजूद थे।

## पटेल बीएड कॉलेज में बाल दिवस का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** पटेल बीएड कॉलेज में आज बाल दिवस के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, उनके सर्वांगीण विकास और समाज में उनके योगदान को सम्मान देना था. जिसमें प्राचार्य महोदय ने अपने संबोधन में बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे बच्चों के प्रति संवेदनशीलता और शिक्षा के प्रति जागरूकता उन्हें बेहतर भविष्य की ओर ले जाती है. शिक्षकों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे बच्चों में शिक्षा और खेल के प्रति रुचि बढ़ सके. वही विद्यार्थियों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. गीत, नृत्य और रंगारंग कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए बाल दिवस की बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया. इस प्रकार पटेल बी.एड. कॉलेज में बाल दिवस का आयोजन हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ.इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षकगण, और विद्यार्थीगण शामिल हुए।

## पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस

# डीएवी बचरा व न्यु उदयन पब्लिक स्कूल मे कार्यक्रम का हुआ आयोजन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरूवार को बाल दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में बाल दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय की प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया।जिसके बाद दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. रिशु चौधरी ने कहा कि भारत में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन पूरी तरह से देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को समर्पित है,क्योंकि 14 नवंबर को उनका जन्मदिन है।नेहरू जी बच्चों से विशेष स्नेह रखते थे तथा उनको देश का भविष्य मानते थे।इसलिए उनके जन्मदिन को देश में बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।इस मौके पर प्राचार्य के द्वारा सभी नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच मिठाई का वितरण किया गया।बाल दिवस के मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाए एंव बच्चे उपस्थिति थे।इस अवसर पर छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमें स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे आकर्षक वेशभूषा में नजर आये।इस मौके पर स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक आरबी प्रसाद,एपी द्विवेदी,एके लाल,सीएस सिंह,एसके पाण्डेय सहित स्कूल के सभी शिक्षक और बच्चे मौजूद थे।

इधर दुसरी और न्यू उदयन पब्लिक स्कूल बहेरा कल्याणपुर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को राष्ट्रीय बाल दिवस के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य टाका नारो जमीर ने चाचा नेहरू के तस्वीर पर माल्यार्पण की और बच्चों को जवाहरलाल नेहरू की जीवनी को बताया।विद्यालय की प्रबंधक रेहाना परवीन ने प्रत्येक बच्चे के लिए प्रत्येक अधिकार विषय को रखते हुए कहा कि सभी बच्चों को उनके मौलिक अधिकार प्राप्त हो। इस अवसर पर बच्चों के बीच खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिता आयोजित की गई,साथ में मिठाई,पेन, पेंसिल,केक आदि वितरण किया गया।

## खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा 60 खूंटी एवं 59 तोरपा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न होने के पश्चात आज बिरसा कॉलेज के सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया संग जानकारी साझा करते हुए उन्होंने बताया कि 13 नवंबर को खूँटी एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। जिसके पश्चात खूंटी विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 69.77 रहा एवं तोरपा विधानसभा क्षेत्र का मतदान प्रतिशत 67.07 रहा। वर्ष 2019 में हुए विधानसभा निर्वाचन की तुलना में अगर देखा जाए तो खूंटी विधानसभा क्षेत्र में 6.76% प्रतिशत और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 2.7% प्रतिशत मतदान में वृद्धि हुई। प्रातः 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक एवं कुछ मतदान केंद्रों में प्रातः 7:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक चले इस मतदान में मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वृद्ध, दिव्यांग, महिला, युवा हर वर्ग के मतदाता पूरी उत्साह के साथ मतदान केन्द्रों पर मतदान करते दिखे। पूरे दिन मतदान केन्द्रों पर लंबी-लंबी कतारें दिखाई दी। मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं उन्हें सुविधा मुहैया कराने को लेकर जिला निर्वाचन द्वारा मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर, वॉलिंटियर, रैंप, पेयजल, फर्स्ट एड, वाहन समेत अन्य व्यवस्थाएं की गई। वहीं तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लोहाजिमि में यूनिक मतदान केंद्र भी बनाया गया, कई मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं का फूल एवं पुष्प गुच्छ देकर भी स्वागत किया गया। शांतिपूर्ण मतदान के पश्चात बिरसा कॉलेज खूंटी में बने रिसीविंग सेंटर पर ससमय भारत निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ईवीएम रिसीविंग की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। सभी मतदान कर्मी मतदान कराने के पश्चात 13 नवम्बर को हीं सुरक्षित वापस लौटे, केवल बानो के 5 मतदान केंद्र एवं रानिया के 5 मतदान केन्द्रों के मतदान कर्मी पी प्लस वन यानी मतदान के एक दिन पश्चात आज 14 नवम्बर को सकुशल लौटे, सभी मतदान कर्मियों से ईवीएम लेते हुए रिसीविंग की सभी प्रक्रिया को पूर्ण कर स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा कर स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। मतदान के पश्चात आज सभी राजनीतिक दलों की उपस्थिति में स्कूटनी भी की गई। स्क्रुटनी में सभी जगह शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न पाया गया, कहीं किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई, न हीं रीपोल की स्थिति कहीं भी दिखाई दी, सभी राजनीतिक पार्टी संतुष्ट दिखे। सभी मतदान केंद्रों पर पुरी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ मतदान प्रक्रिया संपन्न हुआ।

## टोयोटा ने ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर, अर्बन क्रूजर हाईराइडर के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं ङ्क ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर। हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड- एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की है। स्पेशल लिमिटेड एडिशन के अलावा, टोयोटा ग्लैन्जा अर्बन क्रूजर टैसर और रुमियन (सीएनजी मॉडल को छोड़कर) पर टोयोटा 1 लाख रुपये से ऊपर की कीमत पर साल के अंत में विशेष ऑफर दे रही है। शानदार उपभोक्ता लाभ 31 दिसंबर 2024 तक मिलते रहेंगे। टोयोटा ग्राहक प्रथम दर्शन (कस्टमर फर्स्ट फिलॉस्फी) पर टिप्पणी करते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट, बिक्री-सेवा-प्रयुक्त कार व्यवसाय, सबरी मनोहर ने कहा, हम, ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाइराडर के हमारे पूर्व घोषित फेस्टिवल एडिशन को मिली ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया से रोमांचित हैं।

## लेनोवो ने पेश किया नया हाई-परफॉर्मेंस टैबलेट और लैपटॉप



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लेनोवो, एक वैश्विक तकनीकी दिग्गज, ने आज भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) और थिंकबुक 13एक्स जी4 को लॉन्च किया है। ये उत्पाद विशेष रूप से प्रोफेशनल्स और एंटरप्राइजेज की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए हैं, जो किफायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस और सुरक्षा प्रदान करते हैं। लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) में 11 इंच की एलसीडभ् डिस्प्ले है, जिसमें 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 गुणा 1200 रिज़ॉल्यूशन है, जो शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। इसके साथ डॉल्बी एटमॉस सेल्स क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड एक्सपीरियंस देते हैं। यह टैबलेट मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर द्वारा संचालित है और इसमें 8जीबी रेम और 128जीबी स्टोरेज (1टीवी तक एक्सपेंडेबल) है। यह टैबलेट मल्टीटास्किंग के लिए आदर्श है और 496 ग्राम वज़न और 7.15 मिमी पतला डिज़ाइन पेश करता है। इसकी कीमत 22,999 है और यह लेनोवो डांट कॉम पर उपलब्ध है।

## 25वां मंगसीर नवमी महोत्सव को लेकर राणी सती सत्संग समिति का पोस्टर लॉन्च



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर की धार्मिक संस्था श्री राणी सती सत्संग समिति जुगसलाई द्वारा आयोजित 25वां श्री मंगसीर नवमी महोत्सव को धुमधाम से सफल बनाने हेतु चल रही तैयारियों के बीच में आज जुगसलाई कार्यालय में पोस्टर लॉन्च किया गया। जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड़ स्थित दादी मंदिर के सामने कार्यालय में आज शाम समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार रिंगसिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि इस साल श्री राम मंदिर, बिष्टुपुर में 23 और 24 नवम्बर (शनिवार और रविवार) को 25वां श्री मंगसीर नवमी महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शुक्रवार 22 नवम्बर को महिलाओं द्वारा मेंहदी का कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, दिलीप रिंगसिया, दिलीप अग्रवाल, कमल अग्रवाल, मनीष केडिया, दिनेश अग्रवाल, प्रदीप कुमार अग्रवाल, पारस अग्रवाल, दिलीप केडिया, निर्मल पटवारी, गोविंद भरद्धाज मनोज अग्रवाल, सुधा अग्रवाल, सुलेखा अग्रवाल, सिम्पल अग्रवाल, अवतार सिंह आदि उपस्थित थे।

## जमशेदपुर महिला समिति द्वारा बिष्टुपुर में संचालित स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** 14 नवंबर को देशभर में धूमधाम से बाल दिवस मनाया गया। जमशेदपुर महिला समिति ने भी आज बिष्टुपुर स्थित अपने स्कूल में धूमधाम से बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और बच्चों के चाचा नेहरू जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इस मौके पर जमशेदपुर महिला समिति के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। स्कूल की प्रिंसिपल ने चाचा नेहरू के जीवनी पर प्रकाश डाला। वहीं बच्चों ने कई कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और संस्था की ओर बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गई।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा प्रखंड के बांगुड़दा स्थित पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और बोड़ाम प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय दिघी भूला में शुक्रवार को बाल दिवस के मौके पर देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती मनाई गई। दोनों विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र -छात्राओं ने पंडित जवाहरलाल नेहरु की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस बीच पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, पटमदा में वार्डेन रजनी मुर्मू, शिक्षिका कुमारी सारो, रजनी गुड़िया, सुनिता महतो, शिक्षक कर्मू गोप, सुभाष बास्के, विश्वनाथ कुंभकार और लेखपाल रंजन गोराई आदि उपस्थित थे। वहीं दिघी भूला उच्च विद्यालय में शिक्षक निवारण महतो मधु, स्वेता मिश्रा व त्रिलोचन महतो उपस्थित थे।

## सीनी- कांड्रा रेलखंड पर मिला युवक का शव



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीनी- कांड्रा रेलखंड के अप लाइन पोल संख्या 394/ एस4 पर डुमरा बांस बांध के समीप गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे लगभग 25 वर्षीय एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटनास्थल से कुछ दूरी पर युवक की बाइक खड़ी पाई गई। युवक का सर और धड़ अलग-अलग मिला है। ड्यूटी पर तैनात गैंगमैन द्वारा इसकी सूचना कांड्रा स्टेशन मास्टर और आरपीएफ पुलिस को दी गई। आरपीएफ ने इसकी जानकारी कांड्रा थाना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव मिलने की खबर पर वहां पहुंचे आसपास के ग्रामीणों ने मृतक की पहचान डुमरा निवासी स्वरूप मंडल के रूप में किया। पहुंचे ग्रामीणों में शामिल मृतक के चाचा द्वारा उसकी पहचान की गई। उन्होंने बताया कि बाइक में पेट्रोल भराने की बात कह कर वह घर से निकला था। छह महीने पूर्व ही उसकी शादी हुई थी। मामला दुर्घटना का है या आत्महत्या पुलिस इसकी जांच में जुट गई है।

# बिष्टुपुर गोपाल मैदान में जनजातीय सम्मेलन संवाद आज से शुरू

## देश के 168 जनजातियों के लगभग 2500 लोग होंगे शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत की जनजातीय पहचान के सबसे प्रमुख आयोजनों में से एक, संवाद 2024 का आयोजन 15 से 19 नवंबर तक जमशेदपुर के गोपाल मैदान में होने जा रहा है। धरती आबा बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर शुरू होने वाले इस पाँच दिवसीय महोत्सव में 32 जनजातियों के प्रतिनिधित्व में 351 नगाड़ों की गूंज के साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

इस बार संवाद 2024 में कई नए प्रतिभागियों की भागीदारी देखी जाएगी, जो पिछले एक दशक से जुड़े नियमित प्रतिभागियों से प्रेरित हैं। इसी प्रेरणा से 40 नए होम कुक्स भी पहली बार इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे, जो लंबे समय से संवाद से जुड़े लोगों की यात्रा से प्रेरित होकर यहाँ पहुंचे हैं।

गोपाल मैदान में इस बार 19 नए स्टॉल्स सजाए जाएंगे, जहाँ नई जनजातियों के कारीगर अपनी विशिष्ट कला, परंपराएँ और संस्कृति को प्रस्तुत करेंगे। 99 नए जनजातीय उपचारक अब तक की यात्रा से प्रेरणा लेकर आने वाले दशक के लिए एक नई दिशा निर्धारित करेंगे। शाम के समय आप नेगी, हाजोंग, कोकणी और परजा जनजातियों की पहली प्रस्तुतियों का आनंद उठा सकेंगे, जो संवाद में पहली बार अपनी संस्कृति की झलक पेश करेंगे।




गोपाल मैदान में कुल 45 स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिनमें 28 जनजातियों के 117 कलाकारों द्वारा 31 जनजातीय कला रूपों का प्रदर्शन किया जाएगा।

8 स्टॉल्स, जिनमें एक एक्सपीरियंस जोन भी शामिल होगा, में विभिन्न जनजातीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा, जहाँ आप भारत की विविध जनजातियों द्वारा प्रस्तुत व्यंजनों का स्वाद चख सकते हैं। एक विशेष आकर्षण आतिथ्य क्षेत्र होगा, जहाँ औषधीय पौधों से बने लोकप्रिय व्यंजनों का फ्यूजन देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं, 15 से 19 नवंबर 2024 तक संवाद के दौरान, आप ज़ोमैटो ऐप पर 'मेन्यू ऑफ द डे' से अपने पसंदीदा व्यंजन पूरे दिन ऑर्डर भी कर सकते हैं।

30 जनजातियों का प्रतिनिधित्व करते हुए 100 अनोखे व्यंजन हर दिन 15 से 19 नवंबर तक गोपाल मैदान में शाम 6 से 9 बजे तक प्रदर्शित किए जाएंगे।

इस वर्ष, संवाद 2024 के मंच से 30 अनूठी साहित्यिक, फिल्मी, कलात्मक और संगीत रचनाएँ पहली बार उनके रचनाकारों द्वारा दुनिया के सामने प्रस्तुत की जाएंगी। 'रिदम्स ऑफ द अर्थ' समूह के 75 जनजातीय संगीतकार अपनी दूसरी एल्बम का अनावरण करेंगे, जिसे लद्दाख आधारित बैंड 'दा शग्स' का सहयोग प्राप्त होगा।

## मतदान के अगले दिन पूर्णिमा ने परिवार एवं समर्थकों के बीच बिताया दिन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी समेत राज्य के 43 विधानसभा सीटों पर बुधवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान के अगले दिन गुरुवार को भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने अपने परिवार और समर्थकों के साथ समय बिताकर दिन को पूरी सरलता से बिताया। उन्होंने दिन का अधिकतर हिस्सा अपने परिवार के साथ बिताया, जहां उन्होंने अपनी बेटी आराध्या के साथ समय बिताकर घर के काम-काज भी निपटाए। सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग रहते हुए पूर्णिमा साहू ने रक्तदान शिविर में भी हिस्सा लिया। दिन के फुर्सत के दौरान उन्होंने कई



प्रेरणादायक पुस्तकों का अध्ययन किया और राजनीति के विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चाएं कीं।

## डॉ. अजय लौटे अपने दिनचर्या में, बजाया गिटार, लिया चाय की चुस्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर ।** चुनाव समाप्त होने व ईवीएम के स्ट्रांग रुम में सील होने बाद गुरुवार को कांग्रेस प्रत्याशी डा. अजय कुमार का दिनचर्या बदल गया. सुबह चाय चुश्की के साथ अखबार पढ़े, गिटार बजाए उसके बाद तैयार होकर को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित स्ट्रांग रुम का निरीक्षण करने निकल पड़े. को-ऑपरेटिव कॉलेज परिसर में कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे. सभी कार्यकर्ताओं के साथ स्ट्रांग रुप का निरिक्षण किया साथ पार्टी के कैंप में कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया. फिर टेल्को स्थित एक दूकान का उद्घाटन किया.



## नरवा पहाड़ गुर्रा नदी से दो अज्ञात महिला का शव बरामद, जादूगोड़ा पुलिस जांच में जुटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जादूगोड़ा :** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के नरवा पहाड़ गुर्रा नदी से दो अज्ञात महिला की शव जादूगोड़ा पुलिस ने बरामद किया है। पहला शव सुबह में बरामद किया गया जबकि दूसरा शव संध्या नदी से निकाला गया।ग्रामीणों की सूचना पर जादूगोड़ा पुलिस ने शव को बरामद कर जमशेदपुर एमजीएम अस्पताल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मंडल ने दोनों महिला की हत्या की पुष्टि करते हुए कहा है कि दोनों अज्ञात महिला की अन्यत्र जगह हत्या कर जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के गुर्रा नदी पुलिया के नीचे बोरे में बंद कर फेंका गया था। जिसकी जांच चल रही है। दोनों अज्ञात महिला के सिर व हाथ में चोट के निशान पाए गए है। खबर फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। समाचार भेजे जाने तक इस डबल महिला हत्याकांड के खुलासे में पुलिस जुटी है।

## टाटा स्टील ग्रोथ शॉप कर्मी अनूप ने किया विनय सिंह पर जानलेवा हमला, मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया स्थित केडिया पेट्रोल पंप के समीप बीते बुधवार की देर रात टाटा स्टील ग्रोथ शॉप कर्मी अनूप प्रसाद उर्फ पिंटू प्रसाद द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर जगन्नाथपुर निवासी विनय सिंह पर जानलेवा हमला करते हुए मारपीट कर उससे 25 हजार रुपए नगद, एक सोने की अंगूठी और एक सोने के चेन लेकर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल विनय सिंह को इलाज के लिए टीएमएच में भर्ती कराया



गया है। इस बाबत होश में आने के बाद विनय सिंह के बयान के आधार पर उक्त युवकों के खिलाफ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बुधवार की रात वे अपने घर लौट रहे थे। बताया गया है कि उपरोक्त सभी युवक अपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। बताया जाता है कि अनूप प्रसाद इससे पूर्व भी गोली चालन की घटना में जेल जा चुका है। वह टीजीएस कंपनी का कर्मी है और स्क्रैप माफियाओं के साथ उसकी साठगांठ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सैमसंग टीवी प्लस पर वायाकॉम 18 के चार नये 'फास्ट' चैनल लॉन्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर/रांची :** सैमसंग टीवी प्लस, भारत में सैमसंग की फ्री एड-सपोर्टेड स्ट्रीमिंग सेवा, ने वायाकॉम 18 के साथ साझेदारी में चार नए फास्ट चैनल लॉन्च करने की घोषणा की है। इन चेनलों में 'सुपरहिट बीट्स', 'कानफोड़ म्यूजिक', 'फुल्ली फालतू' और 'कलर्स इनफिनिटी लाइट' शामिल हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है जो सैमसंग स्मार्ट टीवी में पहले से इंस्टॉल होती है। यह सेवा विभिन्न प्रकार के चेनल्स, जैसे न्यूज़, स्पोर्ट्स और




एंटरटेनमेंट, पेश करती है। भारत में, सैमसंग टीवी प्लस 100 से अधिक लाइव टीवी चौनल्स, हजारों फिल्में और शोज़ प्रदान करता है, जो लाइव और ऑन-डिमांड दोनों रूपों में उपलब्ध हैं। इस संबंध में सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के पार्टनरशिप्स हेड कुणाल मेहता ने कहा कि हम वायाकॉम18 के साथ साझेदारी को लेकर उत्साहित हैं। हम अपने दर्शकों के लिए विविध कंटेंट के विकल्प लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उनकी पसंद और कंटेंट देखने की आदतों से मेल खाते हैं। इन नए चेनलों के साथ, हम मनोरंजन के विकल्प बढ़ाने के साथ-साथ अपने दर्शकों को बेहतरीन वैरायटी और वैल्यू प्रदान करेंगे।

## एनआईटी जमशेदपुर में तीन दिवसीय इंडस्ट्री-एकेडेमिया कॉन्क्लेव आज से शुरू

### - भारत के भविष्य के विकास के लिए दूरदर्शी थीम के साथ उद्योग-अकादमिक कॉन्क्लेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) जमशेदपुर द्वारा इंडस्ट्री-एकेडेमिया कॉन्क्लेव (आईएसी -2024) का दूसरा संस्करण 15-17 नवंबर, 2024 तक आयोजित करने जा रहा है। तीन दिवसीय उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखण्ड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार तीन होंगे। उक्त जानकारी एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार ने संस्थान में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने बताया, आईएसी 2.0 का यह संस्करण एनआईटी जमशेदपुर, आईआईटी (आईएसएम) धनबाद, आईआईटी पटना, एनआईटी मिजोरम, आईआईटी भिलाई, एनआईटी रायपुर, एनआईटी अगरतला, एनआईटी मणिपुर और एनआईटी




नागालैंड जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से आयोजित कर रहा है। उद्योग भागीदारों में टाटा स्टील, एनटीपीसी, ग्रीको, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन, मिधानी, गेल, बीसीसीएल, ओएनजीसी, डीवीसी, कोल इंडिया, ब्रेथवेट एंड कंपनी लिमिटेड, आधुनिक, जन्युटेक, लक्ष्मी एसोसिएट्स, सीसीएल और रेल विकास निगम लिमिटेड शामिल हैं। कॉन्क्लेव को एसबीआई, केनरा बैंक, एचडीएफसी, एल्सेवियर, स्प्रिंगर-नेचर, कैम्ब्रिज प्रेस, टेलर और फ्रांसिस सहित प्रकाशन गृहों और बैंकों द्वारा प्रायोजित किया गया है। यह आयोजन विकसित भारत - विकसित झारखंडः 2047 थीम के अनुरूप, अधिक विकसित और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में एक मील का पत्थर बनने के लिए तैयार है। यह विषय 2047 में राष्ट्र के शताब्दी वर्ष तक प्रगतिशील भारत और झारखंड के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालता है। कहा, तीन दिवसीय कार्यक्रम में कुछ सबसे महत्वपूर्ण और नवीन विषयों को शामिल करते हुए गतिविधियों और पैनल चर्चाओं की एक विस्तृत श्रृंखला होगी जिसमें सतत ऊर्जा भविष्य के लिए ग्रिड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, शैक्षणिक-कॉर्पोरेट भागीदारी द्वारा सामाजिक विकास और जिम्मेदारी के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण, उद्योग-4 के वास्तविक विश्व अनुप्रयोग की खोजः सतत विनिर्माण के लिए रोबोटिक्स, आईओटी और साइबर-भौतिक प्रणाली, स्मार्ट विनिर्माण में डिजिटल ट्विन की लागत, लाभ और अपनानाः उद्योग 5.0 परिप्रेक्ष्य झारखंड या विश्वव्यापी खनन क्षेत्र में आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता को संतुलित करना शामिल है।

## मतदान के दूसरे दिन सरयु राय ने किया माता का दर्शन, कार्यकर्ता संग की चर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए के उम्मीदवार सरयू राय ने मतदान के दूसरे दिन अपने बिष्टुपुर आवास पर कार्यकर्ताओं संग मतदान बाद की चर्चा की। इससे पहले श्री राय ने आज सुबह भुवनेश्वरी मंदिर जाकर माता के दर्शन भी किए और एक रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने के बाद शाम में अपने बारीडीह स्थित कार्यालय में वीणापानी पाठशाला में बालदिवस भी मनाया।

## कांग्रेस ने मनाया देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू की 135वा जयन्ती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू के 135वें जयन्ती के अवसर पर उनके चित्र पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने पुष्प अर्पित किया। जिलाध्यक्ष ने कहा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू ने शिक्षा को आम जनता तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरह से कार्य किया, आईआईएम बनाया, मेडिकल कॉलेज का स्थापना किया, नेशनल मेटलर्जीकल लेबोरेटरी, योजना आयोग का गठन किया, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, तीन पंचवर्षीय योजना का शुभारंभ किया, कृषि का नया आयाम स्थापित किया, नया औधोगिक नीति लाया, बोकारो स्टील प्लांट, राऊलकेला स्टील प्लांट, दुर्गापुर स्टील प्लांट एवं भीलाई स्टील प्लांट लगाया, इसरो का स्थापना किया, रिफाइनरी, फर्टिलाइजर, कृषि संयंत्र के अलावे आधुनिक भारत के निर्माता रहे। कार्यक्रम के माध्यम से मैं कुछ बातों को रख रहा हूँ, वर्तमान प्रधानमंत्री और भाजपा दल के नेता ये



कहते है कि नेहरू जी ने क्या किया, तो मैं बताता हूँ कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत काम किया। उन्होंने कहा, आप सभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए कांग्रेस पार्टी के साथ जुड़े। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, ब्रजेन्द्र तिवारी, अरूण कुमार सिंह, राजीव मिश्र, अनंत लाल, संजय सिंह आजाद, रंजीत सिंह, अजय शर्मा, सन्नी सिंह, सुरज मुण्डा, अमित श्रीवास्तव, संजय घोष, अमरजीत सिंह भाटिया, लाल खान शामिल हुए।

## लखाईडीह में मतदान केंद्र बनने से उत्साहित मतदाताओं ने जमकर किया मतदान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** डुमरिया प्रखंड के सुदूर दुर्गम क्षेत्र में पहाड़ियों से घिरे लखाईडीह गांव के ग्रामीण विधानसभा चुनाव में मतदान को लेकर काफी उत्साहित थे। लखाईडीह के मतदाता इससे पहले भीतर आमदा के 274 नंबर बूथ पर वोटिंग करने जाते थे। इस बार नया बूथ लाखाईडीह गांव में स्थापित किया गया । भीतर आमदा से लखाईडीह की दूरी मुख्य सड़क से लगभग 24 किलोमीटर है और पहाड़ जंगल के रास्ते यह दूरी करीब 3 किलोमीटर है। पोटका विधानसभा क्षेत्र का लखाईडीह गांव झारखंड एवं



ओडिशा के बॉर्डर पर स्थित है। यह गांव शैडो एरिया के रूप में जाना जाता है और पूरी आबादी अनुसूचित जनजाति की है। यहां मोबाइल नेटवर्क की भी सुविधा नहीं है। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान स्थानीय निवासियों ने समाचार पत्रों के माध्यम से लखाईडीह में पोलिंग बूथ बनाने का अनुरोध किया था। जिसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी के प्रयासों से लखाईडीह में नया बूथ स्थापित किया गया। गांव में बूथ बनने के उपरांत यहां के उत्साहित मतदाताओं ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचन आयोग को धन्यवाद भी कहा।

संपादकीय

## नेताओं के जहरीले बोल

**कहावत** है कि कमान से निकला तीर और जुबां से निकले शब्द कभी वापस नहीं हो सकते। हालिया चुनावों में 'तीर' तो नहीं हैं, लेकिन जुबां से निकले शब्द बेलगाम, अमर्यादित और अशालीन जरूर हो रहे हैं। तमाम लक्ष्मण-रेखाएं लांघी जा रही हैं। संवैधानिक पदों पर आसीन नेता भी अपशब्दों, अभद्र भाषा, मवालियों के व्यवहार का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भारत का चुनाव आयोग महात्मा गांधी के तीन बंदरों की मुद्रा में है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराएं हैं, आयोग को संवैधानिक अधिकार हासिल हैं, लेकिन आयोग 'दंतहीन' बना है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान से ही मौजूदा जहरीले बोलों को समझने की कोशिश करते हैं कि क्या इन आधारों पर भी चुनावी ध्रुवीकरण होता है? मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि बेटी से छेड़छाड़ की गई, तो उस आदमी का चौराहे पर ही इलाज कर देंगे-दे जूता, दे लात, दे घूंसा, दे डंडा आदि। क्या अब पदासीन मुख्यमंत्री के लिए यही कानूनी कार्यशैली और कानूनी संहिता बन गई है? सिर्फ यही नहीं, नेतागण गोली और लाठी की भाषा भी बोलने लगे हैं। आने वाले वक्त में एके-47 की गोली भी चलने लगे अथवा चुनाव में ग्रेनेड का भी इस्तेमाल किया जाने लगे, तो आश्चर्य मत करना। मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां तक टिप्पणी की कि ईवीएम का बटन इतनी जोर से दबाना कि राहुल गांधी के गाल पर थप्पड़ पड़े। उप्र सरकार के एक मंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री के बारे में कह दिया कि उनकी सोच और कार्यशैली 'बंदर' जैसी है। महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव) के एक सांसद ने प्रतिद्वंद्वी शिवसेना की महिला उम्मीदवार को 'आयातित माल' कह दिया। यह महिला बीते 20-25 सालों से भाजपा के साथ जुड़ी हैं, लेकिन गठबंधन के तहत शिवसेना (शिंदे) के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। क्या कोई महिला 'माल' हो सकती है? महाराष्ट्र के ही पूर्व मुख्यमंत्री एवं मोदी सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे नारायण राणे ने बकरीद और दीपावली के एक संदर्भ में कह दिया कि आज बाला साहेब होते, तो उद्धव ठाकरे को गोली मार देते! हालांकि बिहार में चुनाव नहीं हैं, लेकिन राजद झारखंड में झामुमो गठबंधन के एक घटक के तौर पर चुनाव लड़ रहा है, फिर भी पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के इस बयान के निहितार्थ समझ के परे हैं- जब भैंस हमें नहीं पटक सकी, तो ये भाजपा वाले क्या पटकेंगे? एक राजद सांसद ने लाठी-डंडे से हड्डी तोड़ देने की बात कही है। इन जहरीले बोलों और गालीनुमा शब्दों की सूची बहुत लंबी है। देश 'मौत का सौदागर' और 'चौकीदार चोर है' जैसे जुमलों को नहीं भूला होगा।

> संवैधानिक पदों पर आसीन नेता भी अपशब्दों, अभद्र भाषा, मवालियों के व्यवहार का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन भारत का चुनाव आयोग महात्मा गांधी के तीन बंदरों की मुद्रा में है। जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराएं हैं, आयोग को संवैधानिक अधिकार हासिल हैं, लेकिन आयोग 'दंतहीन' बना है। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान से ही मौजूदा जहरीले बोलों को समझने की कोशिश करते हैं कि क्या इन आधारों पर भी चुनावी ध्रुवीकरण होता है? मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यदि बेटी से छेड़छाड़ की गई।

देश के प्रधानमंत्री मोदी को 'भस्मासुर', 'राक्षस', 'सांप', 'यमराज', 'बिच्छू', 'बंदर', 'अनपढ़', 'हिटलर', 'कमीना, 'रावण'' सरीखी गालियां भी हम भूले नहीं होंगे। मोदी ने एक राजनीतिक उम्मीदवार के नाते किन शब्दों का प्रयोग किया और वे कितने आपत्तिजनक और अनैतिक थे, देश उन्हें भी जानता है। सवाल है कि भाषा, मर्यादा, व्यवहार की ऐसी निरंकुशता पर नेतागण क्या वोट मांगेंगे? क्या उन्हें वोट मिलेंगे? ध्यान होगा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जुबान जरा-सी फिसल गई थी, उसी आधार पर अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुना दी। सांसदी भी रद्द कर दी गई थी। फिलहाल सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगा रखी है। नए लोकसभा चुनाव भी हो चुके हैं और अब राहुल गांधी लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। जनप्रतिनिधित्व कानून, 1951 में धारा 123 है, जिसके तहत धर्म, नस्ल, समुदाय, भाषा और घूस के आधार पर नफरत फैलाने, दुश्मनी करने को 'भ्रष्ट आचरण' माना गया है। चुनाव आयोग उस कानूनी प्रावधान के तहत चुनावी उम्मीदवार को दंडित कर सकता है। क्या चुनाव आयोग अपने अधिकारों को भूल गया है? सवाल यह भी है कि क्या हमारे जन-प्रतिनिधि भी अपने पद की गरिमा भूल चुके हैं? गोली, लाठी, जूता, लात, थप्पड़, घूंसा आदि अपशब्दों से कौन-सा वोट बैंक लामबंद होकर किसी पार्टी विशेष के पक्ष में जाता है? इन शब्दों का प्रयोग करना किस किस्म की राजनीति है? यह चिढ़ है, घृणा है, दुश्मनी भी है, लिहाजा हमारे नेता अपशब्दों का खुलकर इस्तेमाल कर रहे हैं। इस रवायत पर या तो चुनाव आयोग नकेल कस सकता है अथवा सर्वोच्च अदालत स्वतः संज्ञान लेकर कोई फैसला सुना सकती है।

### सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी

## महंगाई लक्ष्य के अनुरूप रखना जरूरी

डा. जयंतीलाल भंडारी

> त्योहार के बाद भी नवंबर में प्याज और आलू के साथ अन्य सब्जियों के तेज दाम और खाने के तेल के दाम भी ऊंचे रहने से महंगाई बढ़ी हुई है। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस समय देश में खाद्य कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण इलाकों में महंगाई शहरी इलाकों की तुलना में ज्यादा बढ़ी है। विदेशों से देश में आयात की जा रही विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में इजाफे से भी महंगाई बढ़ी है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के मद्देनजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लंबी अवधि तक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है।

**यकीनन** दीपावली के त्योहार के बाद भी नवंबर में प्याज और आलू के साथ अन्य सब्जियों के तेज दाम और खाने के तेल के दाम भी ऊंचे रहने से महंगाई बढ़ी हुई है। हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि इस समय देश में खाद्य कीमतों में वृद्धि से खुदरा महंगाई बढ़ी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण इलाकों में महंगाई शहरी इलाकों की तुलना में ज्यादा बढ़ी है। विदेशों से देश में आयात की जा रही विभिन्न वस्तुओं की कीमतों में इजाफे से भी महंगाई बढ़ी है। ऐसे में महंगाई नियंत्रण के मद्देनजर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया लंबी अवधि तक ब्याज दर को स्थिर रख सकता है। यह बात महत्वपूर्ण है कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 के तहत रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दरों की यथास्थिति, सरकार के महंगाई नियंत्रण के उपाय, अच्छे मानसून तथा स्थिर आपूर्ति श्रृंखला के अच्छे आधार के बावजूद सरकार को खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी के दायरे में रखने की चुनौती के मद्देनजर नई बहुआयामी रणनीति के साथ आगे बढ़ना होगा। गौरतलब है कि विगत 14 अक्टूबर को राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक सितंबर 2024 में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत दर्ज की गई, जो अगस्त में 3.65 प्रतिशत थी। आलू, प्याज, टमाटर के साथ हरी सब्जियों की कीमतों में करीब 36 फीसदी वृद्धि तथा महंगी हुई दालों ने सितंबर माह में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई दर को नौ माह के उच्चतम स्तर 9.24 प्रतिशत पर पहुंचा दिया, जो कि माह अगस्त में 5.66 प्रतिशत थी। खाद्य पदार्थों की कीमतों में उछाल से सितंबर में थोक महंगाई दर भी 1.84 प्रतिशत पर पहुंची है, जो कि माह अगस्त में 1.31 प्रतिशत थी। खुदरा और थोक महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, अन्य विनिर्माण, मोटर वाहनों, मशीनरी और उपकरणों के निर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि आलू, प्याज और टमाटर के दाम कम नहीं होने से जो खुदरा महंगाई दर पांच प्रतिशत के पार हो गई, वह इस माह नवंबर में भी पांच फीसदी के पार जा सकती है। हमें देश में महंगाई की चिंता इसलिए भी करनी है, क्योंकि वैश्विक बाजार में पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। चूंकि ईरान दुनिया के सबसे बड़े कच्चा तेल उत्पादकों में से एक है और यह देश पश्चिम एशिया के संवेदनशील इलाकों में स्थित है, ऐसे में ईरान के तेल बाजार में अस्थिरता से कच्चे तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने पर पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम उत्पाद महंगे होने लगेंगे। इसका असर भारत पर विशेष रूप से पड़ेगा, क्योंकि



भारत अपनी तेल की जरूरतों के करीब 80 फीसदी तक आयात पर निर्भर है। एक चिंताजनक बात यह भी है कि ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष का असर वैश्विक शिपिंग रूट्स पर भी पड़ सकता है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य पर। यह वैश्विक यातायात का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण मार्ग है। दुनिया को मिलने वाला करीब एक-तिहाई तेल और खाद्य व कृषि उत्पादों का अधिकांश यातायात इसी मार्ग से होता है। ऐसे में इस क्षेत्र में शिपिंग बाधित होने से ग्लोबल सप्लाई चैन प्रभावित हो सकती है। इससे खाद्य पदार्थों, जैसे कि गेहूं, चीनी और अन्य कृषि उत्पादों की कीमतें और बढ़ सकती हैं। ऐसे में अब एक बार फिर सरकार को महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी नई रणनीति की डगर पर आगे बढ़ना होगा। इस परिप्रेक्ष्य में विगत 9 अक्टूबर को भारतीय रिजर्व बैंक की क्रेडिट पॉलिसी कमेटी बैठक में रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत में महंगाई बढ़ने के जोखिम के मद्देनजर ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। यह लगातार 10वीं बार है जबकि रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। रेपो रेट 6.50 प्रतिशत पर बरकरार है और बैंक रेट 6.75 प्रतिशत पर स्थिर रखी गई हैं। इस मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में तेज विकास दर की बजाय महंगाई नियंत्रण को प्राथमिकता दी गई है। अब ऐसा प्रतीत हो रहा है कि दो माह बाद दिसंबर 2024 में भी आरबीआई ब्याज दरों में कटौती करने की स्थिति में नहीं होगा। निश्चित रूप से इस बार देश में अच्छे मानसून से खाद्यान्न, दलहन और तिलहन का उत्पादन बढ़ेगा और इनकी सप्लाई बढ़ने से इनकी कीमतें कम होंगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि मौद्रिक प्रबंधन और सरकार के द्वारा तत्परता से खाद्यान्न निर्यात नीति और स्टॉक सीमा निर्धारण सहित विभिन्न उपाय बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण कर सकेंगे। इस परिप्रेक्ष्य में यह भी उल्लेखनीय है कि 16 अक्टूबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के करोड़ों किसानों को उनकी रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में जो भारी बढ़ोतरी की है। उससे ग्रामीण क्षेत्रों में महंगाई की मार झेल रहे किसानों को लाभ होगा। साथ ही सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी का जो इजाफा किया गया है, उससे कर्मचारियों को महंगाई से राहत मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक खाद्य महंगाई नियंत्रण के लिए चालू वित्त वर्ष 2024-25 के बजट के तहत की गई व्यवस्थाओं का तेजी से क्रियान्वयन किया जा रहा है। बजट के तहत उपभोक्ता मामलों के विभाग को दाम स्थिरीकरण कोष (पीएसएफ) के लिए 10000 करोड़ रुपए दिए गए हैं। जहां इस कोष का उपयोग दाल, प्याज और आलू के बफर स्टॉक को रखने के लिए किया जाएगा, वहीं जरूरी होने पर इन अन्य खाद्य वस्तुओं के बढ़े दामों को नियंत्रित करने के लिए भी इस कोष का इस्तेमाल किया जा सकेगा। इसके अलावा चालू वित्त वर्ष के बजट के तहत इस वर्ष खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग के लिए ऋणों की राशि दोगुनी करके 50000 करोड़ रुपए सुनिश्चित की गई है, जो उल्लेखनीय है। निश्चित रूप से खाद्य पदार्थों की महंगाई रोकने के लिए सरकार के द्वारा तात्कालिक उपायों के साथ दीर्घकालीन उपायों पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी होगा। इस समय ग्रामीण भारत में जल्द खराब होने वाले ऐसे कृषि उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला बेहतर करने पर प्राथमिकता से काम करना होगा, जिनकी खाद्य महंगाई के उतार-चढ़ाव में ज्यादा भूमिका होती है। ऐसे में सरकार को खाद्य उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ कृषि उपज की बर्बादी को रोकने के बहुआयामी प्रयासों की कारगर रणनीति पर आगे बढ़ना होगा। चूंकि देश में फसल कटाई के बाद की उपयुक्त व्यवस्था न होने से 12 से 14 फीसदी तक खाद्यान्न और करीब 35 फीसदी तक सब्जी और फलों की पैदावार बर्बाद हो जाती है, ऐसे में इस बर्बादी को रोकने के लिए खाद्य भंडारण और वेयरहाउसिंग की कारगर व्यवस्था की डगर पर बढ़ना होगा। हम उम्मीद करें कि इन विभिन्न रणनीतिक प्रयासों से देश में खुदरा महंगाई को नियंत्रित किया जा सकेगा और चालू वित्त वर्ष 2024-25 में खुदरा महंगाई लक्ष्य के अनुरूप 4.5 फीसदी तथा आगामी वर्ष 2025-26 में चार फीसदी के दायरे में रहते हुए दिखाई दे सकेगी। ऐसी स्थिति से जहां देश के आम आदमी को राहत मिलेगी, वहीं अर्थव्यवस्था को भी गतिशीलता मिलेगी। महंगाई को रोकना वक्त की मांग है। मध्यम वर्ग सर्वाधिक प्रभावित वर्ग है।

दृष्टि कोण

## मेले की घटती प्रासंगिकता और पुनर्जीवित करना

**लवी** मेला हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर शहर में आधिकारिक तौर पर 11 नवंबर से 14 नवंबर तक आयोजित होने वाला एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व का मेला है। यह मेला सदियों पुरानी परंपराओं और व्यापारिक गतिविधियों का प्रतीक रहा है। 1911 से कुछ वर्ष पूर्व रामपुर में तिब्बत और हिंदुस्तान के बीच व्यापार शुरू हुआ। उस समय राजा केहरी सिंह ने तिब्बत सरकार के साथ व्यापार को लेकर संधि की थी। व्यापार मेले में करमुक्त व्यापार होता था। लवी मेले में किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू और प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से व्यापारी पैदल पहुंचते थे। तब लवी मेले में करमुक्त व्यापार होता था। यह मेला न केवल व्यापारिक गतिविधियों का केंद्र था, बल्कि यह संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक जुड़ाव का भी प्रतीक था। यहां पर ऊनी कपड़े, पश्मीना, शॉल, जड़ी-बूटियां और स्थानीय हस्तशिल्प का व्यापार बड़े पैमाने पर होता था। यह मेला पर्यटकों और व्यापारियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र था। हाल के वर्षों में लवी मेले की लोकप्रियता और प्रासंगिकता में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही है। इसके पीछे कई कारण हैं। जैसे आधुनिकता और बदलती जीवनशैली। लोगों की जीवनशैली में बड़े पैमाने पर परिवर्तन आया है। परंपरागत वस्तुएं, जो कभी इस मेले का प्रमुख हिस्सा थीं, अब कम लोग खरीदते हैं। आधुनिक बाजारों और ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में इस मेले की व्यापारिक उपयोगिता निश्चित ही घट गई है। लवी मेला अपने पारंपरिक रूप में मुख्य रूप से व्यापार पर आधारित था, लेकिन अब यह एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में अधिक देखा जाता है। साथ ही, कई अन्य पर्यटन स्थलों के विकास के कारण इस मेले में आने वाले आगंतुकों की संख्या में गिरावट आई है। दूसरा प्रशासन और व्यापारियों के बीच समय पर संवाद न होना। इस वर्ष भी प्लाट महंगे होने को लेकर व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनातनी बनी रही। इस मेले की खोई प्रासंगिकता को वापस लाने के लिए कुछ तो प्रयास करने होंगे। व्यापार और संस्कृति का सांझा संतुलित आदान-प्रदान कैसे हो, इसे प्रशासन और लोगों को भी समझने की आवश्यकता है। हिमाचल प्रदेश में कुछ मेले और त्योहार ही तो अंतरराष्ट्रीय हैं। इस बार हिमाचल में इंटरनेशनल कुल्लू दशहरा में 17 देशों के सांस्कृतिक दलों ने कल्चरल परेड निकाली। यह जिला प्रशासन पर भी निर्भर करता है कि किस तरह इन मेलों को अधिक लोगों के मध्य आकर्षण का केंद्र बनाया जाए। इसी के समानांतर अब लवी मेले में अंतरराष्ट्रीय उत्पादों को लाया जाना चाहिए, ताकि इस मेले के खोए आकर्षण को वापस प्राप्त किया जा सके। मुख्यमंत्री बनने के बाद वीरभद्र सिंह ने वर्ष 1985 में इस मेले को अंतरराष्ट्रीय मेला घोषित किया था। उनकी दूरदर्शी सोच के साथ यह मेला फल-फूल रहा था । अब समय के साथ-साथ लवी मेले का स्वरूप भी बदल गया है। अंतरराष्ट्रीय लवी मेले में तिब्बत, अफगानिस्तान और उज्बेकिस्तान के व्यापारी कारोबार करने के लिए आते थे। वे विशेष रूप से ड्राई फ्रूट, ऊन, पशम और भेड़-बकरियों सहित घोड़ों को लेकर यहां आते थे। बदले में व्यापारी रामपुर से नमक, गुड़ और अन्य राशन लेकर जाते थे। यह नमक मंडी जिले के गुम्मा से लाया जाता था। लवी मेले में 4 नवंबर से 6 नवंबर तक घोड़ा दौड़ के साथ चामुर्थी घोड़ों का भी कारोबार किया जाता था। ये घोड़े उत्तराखंड से लाए जाते थे। अब यह मेला किन्नौर जिले से ही लाकर खासकर सूखे मेवों के लिए ही जाना जाता है। इसमें अब किसी भी तरह का अंतरराष्ट्रीय स्तर शेष नहीं बचा है। अब यह मेला कबाड़ी पुराने वस्त्रों तक ही सीमित रह गया है। साथ ही जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय चुनौतियां जैसी समस्याएं भी हैं। हिमाचल प्रदेश में जलवायु परिवर्तन का भी प्रभाव पड़ा है।

कुछ अलग

## उल्लास के साथ पर्यावरणीय जवाबदेही भी

**पांच** दिन की दिवाली पर्व शृंखला उत्साह सहित भैया दूज के साथ संपन्न हो गयी। भारत एक ऐसा देश है, जहां संस्कृति और लोक उत्सवों के प्रति गहरी श्रद्धा है, और ये उत्सव समाज को उमंग और खुशी से भर देते हैं। लेकिन अब जबकि उत्सव संपन्न हो चुके हैं, केवल उसकी परछाइयां बची हैं—घुटन भरा धुआं, खांसते हुए लोग और स्वास्थ्य पर असर डालते प्रदूषण के कारण बीमार होते बच्चे-बुजुर्ग। यह चित्र उत्सवों के बाद की कड़वी हकीकत को उजागर करता है, जब खुशियां भी स्वास्थ्य और पर्यावरण पर भारी पड़ने लगती हैं। हाल ही में एक अंतर्राष्ट्रीय सर्वेक्षण में यह बात सामने आई कि पर्यावरण प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग और कूड़े के निस्तारण में निरंतर असफलता के कारण देश की जलवायु पर गंभीर असर पड़ा है। इसके परिणामस्वरूप भारतीयों की औसत आयु में वृद्धि नहीं हो पा रही है, और नई पीढ़ी के बच्चे छोटे कद के पैदा हो रहे हैं। यह जलवायु संकट का सीधा प्रभाव है, जो स्वास्थ्य और विकास को प्रभावित कर रहा है। मौसमी बीमारियां अब महामारियों के रूप में उभरने लगी हैं। कभी मलेरिया था, जो अब बढ़कर डेंगू बन गया है। कोविड महामारी ने देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर दिया था, और जैसे ही उसका दबाव कुछ कम हुआ, मंकीपॉक्स और बिगड़ा हुआ टायफायड नई समस्याएं बनकर उभरे हैं। इन बीमारियों ने देश की स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है, जिससे समाज का स्वास्थ्य और जीवनशैली प्रभावित हो रही है। इस बीच, दिवाली के लिए बड़े-बड़े वादे किए गए थे कि इस बार पटाखा रहित, धुआं रहित दिवाली मनाई जाएगी, और लोग शांतिपूर्वक, कानूनी सीमाओं में रहते हुए खुशियां मनाएंगे। लेकिन असलियत यह है कि उत्सवों में शोर-शराबा और प्रदूषण पर नियंत्रण पाना अभी भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। दिल्ली और उत्तर भारत के कई शहरों में घुटन का सामना हो रहा था, जिसकी मुख्य वजह पंजाब में पराली जलाना था। सरकारों ने कड़े कदम उठाने का वादा किया था, लेकिन उत्सव के दौरान कानूनी ढील के कारण पराली जलाने की घटनाएं बढ़कर 4 हजार से अधिक हो गईं। दिवाली के बाद इन घटनाओं में 216 नई घटनाएं जुड़ गईं, और संगरूर जैसे खुले इलाके में 59 घटनाएं दर्ज की गईं। प्रदूषण के अन्य कारण भी स्पष्ट हो गए, जैसे बिगड़ी हुई गाड़ियाँ, उनके जहरीले धुएं, अधबनी सड़कों से उड़ती धूल और बढ़ते कूड़े के ढेर। सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे, और कूड़ा निस्तारण के लिए जरूरी मशीनें या तो मौजूद नहीं थीं, या उनके चलाने वाले प्रशिक्षकों की कमी थी। इस प्रकार, उत्सवों के बाद की नई जिंदगी की उम्मीदें जल्दी ही विफल होती दिखाई दीं, और यह स्थिति निराशा का कारण बन गई। यह बेतुकी आहें अवैध पटाखों के व्यापार से उत्पन्न हो रही थीं, जो स्पष्ट निर्देशों के बावजूद जारी रहे। लाइसेंसधारी व्यापारियों के लिए निर्धारित नियमों के बावजूद गली-गली और बाजारों में छिपाकर पटाखों का संग्रह कई दिनों तक चलता रहा, जिससे प्रदूषण और मौसम की विषाक्तता बढ़ती गई। दिवाली तो मनाई जा चुकी है, लेकिन उसके प्रभावों ने समाज के माहौल और देश की आर्थिक स्थिति पर गहरी खरोंचें छोड़ दी हैं। इस दिवाली से उम्मीद थी कि बाजारों में मंदी का असर खत्म हो जाएगा और त्योहारों के उत्साह में खरीदारी से कम मांग का विरोधाभास नहीं दिखाई देगा। सचमुच, दिवाली और उसके बाद के सप्ताह में मांग बढ़ी, लेकिन यह बढ़ोतरी प्रीमियम वस्तुओं में हुई।

# भारत के जनजातीय समुदायों के जीवन में पहली बार शामिल प्रगति के विभिन्न पहलू

**भा**रत के इतिहास में पहली बार देश के जनजातीय समुदाय परिवर्तनकारी पहलों की एक ऐसी लहर का अनुभव कर रहय़ हैं, जो उन्हें जीवन के सभी क्षेत्रों में पहचान दिला रही है और उनका उत्थान कर रही है। वर्षों की सुनियोजित उपेक्षा के बाद, जनजातीय लोगों के कल्याण पर बिल्कुल नए सिरे से दिया जा रहा ध्यान न केवल अंतरालों को पाट रहा है, बल्कि उनकी विरासत का उत्सव मना रहा है, उनके युवाओं को सशक्त बना रहा है, उनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ बना रहा है तथा उन्हें आर्थिक अवसर भी प्रदान कर रहा है। इन महत्वपूर्ण कदमों के माध्यम से, भारत अपने जनजातीय नागरिकों के साथ अपने संबंधों को नया आकार दे रहा है - लंबे समय से उपेक्षित समुदायों में समृद्धि, सम्मान और समानता ला रहा है। यहां उन ऐतिहासिक ÷पहली बार होने वाले बदलावों÷ की एक बानगी प्रस्तुत है, जो एक अपेक्षाकृत अधिक उज्जवल व अधिक समावेशी भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। अबतक का सबसे भारी निवेश॒ जनजातीय कल्याण निधि में 5.7 गुना की वृद्धि पहली बार, भारत ने जनजातीय कल्याण हेतु अपनी वित्तीय प्रतिबद्धता को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ाया है। अनुसूचित जनजाति से संबंधित विकास कार्य योजना के लिए निर्धारित निधि में पांच गुना वृद्धि की गई है। वर्ष 2013-14 में 24,600 करोड़ रुपये से कम रहने वाली यह निधि 2024-25 में अविश्वसनीय रूप से बढ़कर 1.23 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वित्त पोषण (फंडिंग) में यह बढ़ोतरी शिक्षा, स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, आवास और अन्य क्षेत्रों में विभिन्न पहलों को प्रोत्साहित कर रही है, जो जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने की एक शक्तिशाली प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जनजातीय समुदायों की शिक्षा में क्रांति॒ विद्यालय, छात्रवृत्तियां और अपेक्षाकृत अधिक अवसर! जनजातीय विद्यार्थियों को आखिरकार वे सभी शैक्षिक अवसर मिल रहे हैं जिनके वे हकदार हैं। विद्यालयों में नामांकन 2013-14 में 34,000 से बढ़कर 2023-24 में 1.3 लाख से अधिक हो गया है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) का विकास इस बदलाव की आधारशिला रहा है। केवल एक दशक में ही इन विद्यालयों की संख्या लगभग चौगुनी होकर 123 से 476 हो गई है। ये विद्यालय देश भर के जनजातीय युवाओं को न केवल शिक्षित कर रहे हैं, बल्कि उनकी संभावनाओं में भी बदलाव ला रहे हैं। पहली बार सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए एक देशव्यापी मिशन पहली बार सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के माध्यम से, भारत एक ऐसी स्वास्थ्य समस्या से निपट रहा है जो जनजातीय समुदायों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है। पहले ही, 4.6 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा चुकी है और तीन वर्ष के भीतर 7 करोड़ लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य है। सिकल सेल रोग को खत्म करने का यह मिशन केवल स्वास्थ्य से ही संबंधित नहीं है। इसका संबंध देश की जनजातीय आबादी के लिए एक स्वस्थ और अपेक्षाकृत अधिक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण से है। छात्रवृत्तियों की नए सिरे से परिकल्पना॒ जनजातीय विद्यार्थियों के लिए बेजोड़ वित्तीय सहायता! पहली बार, जनजातीय विद्यार्थियों को व्यापक छात्रवृत्ति सहायता मिल रही है। इन छात्रवृत्तियों से अब प्रत्येक वर्ष 30 लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ हो रहा है। पिछले 10 वर्षों में छात्रवृत्ति के रूप में कुल 17,000 करोड़ रुपये का वितरण हुआ है। ये छात्रवृत्तियां वित्तीय सहायता से कहीं बढ़कर हैं। वास्तव में वे जनजातीय युवाओं के सशक्तिकरण का मार्ग हैं। पहली बार जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों और विरासत का व्यापक सम्मान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को अब राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिल रही है। उनके सम्मान में 10 संग्रहालय स्थापित किए गए हैं। भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और देश के जनजातीय समुदायों की दृढ़ता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, उनकी जयंती को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में भी नामित किया गया है। पहली बार, जनजातीय गौरव को बढ़ावा देते और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए जनजातीय नायकों की कहानियों का उत्सव मनाया जा रहा है। जनजातीय उद्यमिता का विकास॒ वन धन केन्द्रों के माध्यम से आत्मनिर्भरता जनजातीय उद्यमिता के विकास को प्रोत्साहित करने के एक ऐतिहासिक प्रयास में, 3900 वन धन विकास केन्द्र स्थापित किए गए हैं। ये केन्द्र लगभग 12 लाख जनजातीय उद्यमियों को संसाधन प्रदान कर रहे हैं। ये केन्द्र जनजातीय लोगों को अपने पारंपरिक कौशल को लाभदायक उद्यमों में बदलने, आर्थिक आत्मनिर्भरता और नवाचार को बढ़ावा देने में सक्षम बना रहे हैं। भारत की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति॒ प्रतिनिधित्व के मामले में एक ऐतिहासिक उपलब्धि भारत की प्रथम जनजातीय राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का निर्वाचन जनजातीय समुदायों के उपयुक्त प्रतिनिधित्व की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सरकार के उच्चतम स्तर पर समावेशन और बाधाओं को तोड़ने का एक शक्तिशाली संदेश है। राष्ट्रपति के रूप में श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का नेतृत्व देश के जनजातीय समुदायों के लाखों लोगों के लिए आशा और अवसर का प्रतीक है। पहली बार दूरदराज के जनजातीय समुदायों को बुनियादी सेवाएं पीएम-जनमन के तहत आवास, स्वच्छ पानी, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवा जैसी आवश्यक सेवाएं पहली बार सबसे कमजोर जनजातीय समूहों तक पहुंच रही हैं। 75 विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) और 45 लाख से अधिक परिवारों को समर्पित 24,000 करोड़ रूपये से अधिक के बजट के साथ, यह पहल दूरदराज के जनजातीय समुदायों के लिए एक जीवनरेखा जैसी है। जम्मू एवं कश्मीर के जनजातिय समुदायों के लिए खुले दरवाजे॒ नौकरियों और शिक्षा तक नई पहुंच अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के साथ, जम्मू एवं कश्मीर में अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए अब शिक्षा और रोजगार के अवसरों की सुलभता बढ़ गई है, जिससे उनके उज्ज्वल भविष्य के द्वार खुल गए हैं और इस क्षेत्र में जनजातीय समूहों के समावेशन को बढ़ावा मिला है। आय का एक नया स्रोत॒ बांस, जनजातीय समृद्धि का हरा सोना पहली बार, बांस को एक पेड़ के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इससे जनजातीय समुदायों को मुक्त रूप से इसकी खेती करने की अनुमति मिल गई है। इस बदलाव ने जनजातीय परिवारों के लिए आय के नए स्रोत और स्थायी अवसर पैदा किए हैं। इस प्रकार, जनजातीय समृद्धि के लिए बांस को ÷हरा सोना÷ में बदल दिया गया है। शत - प्रतिशत जनजातीय कवरेज को एक मिशन बनाया गया धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के माध्यम से, पहली बार जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है। इस अभियान में 63,000 गांव शामिल हैं और 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिल रहा है। इसका लक्ष्य लाभों की शत- प्रतिशत संतृप्ति है। कुल 80,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व बजट वाली इस पहल का उद्देश्य भारत के जनजातीय क्षेत्रों में समग्र विकास और सशक्तिकरण प्रदान करना है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) जनजातीय सशक्तिकरण के लिए एक उपकरण बना पहली बार, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का ढांचा जनजातीय समुदायों के लिए एक सशक्त उपकरण बन गया है। यह एमएसपी समर्थन प्राप्त करने वाले लघु वन उपज वस्तुओं की संख्या से स्पष्ट होता है जो 12 वस्तुओं से बढ़कर 87 हो गई है। इससे जनजातीय समुदायों को स्थिर आय के अवसर मिले हैं और स्थायी संसाधन उपयोग को प्रोत्साहन मिला है। पहली बार लंबे समय से प्रतीक्षित मान्यता, संसाधन और अवसर मुहैया कराने से हमारे जनजातीय भाइयों और बहनों का जीवन हमेशा के लिए बदल रहा है। दशकों तक उपेक्षित रखे जाने के बाद, अब वे भारत के विकास में सबसे आगे खड़े हैं और सशक्त व सुदृढ़ बनकर अपना भविष्य खुद संवारने को तैयार हैं।

# कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला में संवेदक द्वारा मनमानी राशि वसूलने से किसानों में रोष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ में प्रत्येक वर्ष लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला के संवेदक वासुदेव साव द्वारा मनमानी राशि वसूले जाने के कारण पशु व्यापारी एवं किसानों में काफी रोष व्याप्त है। पशु व्यवसाय विनोद यादव पाकी, बालेश्वर गंझु सिमरसोत मुरारी गंझु हेमपुर, मुकेश राम, कुलेश्वर राम बालूमाथ, समेत कई किसान एवं पशु व्यवसाय ने बताया कि इस वर्ष कार्तिक पशु मेला के संवेदक वासुदेव द्वारा एक जानवर के खरीद बिक्री पर 700 रुपये शुल्क वसूल रहा है। व्यवसाईयों ने बताया कि एक माह पूर्व चतरा में भी पशु मेला लगाया गया था। वहां एक जानवर के खरीद बिक्री पर मात्र 300 ही शुल्क वसूली जाती थी।जबकि बालूमाथ में भी पिछले वर्ष के अपेक्षा कई गुना ज्यादा राशि वसूला जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मनमानी वसूली गई राशि का बंधा बंधाया कमिशन जिले के कई पदाधिकारी तक पहुंच रहा है। इसी कारण संवेदक को मनमानी राशि वसूलने की खुली छूट दे रखी गई है। ज्ञात होगी बालूमाथ में छठ पर्व के बाद पशु मेला लगाया जाता रहा है। जिसमें पाकी, लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, चतरा एवं बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई किसान पहुंचते हैं एवं किसानों को खेती करने योग्य पशु एवं दुधारू गाय भैंस आवश्यकता अनुसार क्रय करते है लेकिन अधिक राशि वसूली होने के कारण खरीद बिक्री करने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 5 दिनों के अंतर्गत लगभग 1000 से ज्यादा पशु की खरीद बिक्री की गई है जिसमें दूसरे मेले से अधिक लि गई राशि को देखा जाए तो अभी तक लगभग चार लाख पचास हजार रुपए की अधिक राशि वसूली की जा चुकी है जबकि इस पशु मेला में लगभग 5000 से ज्यादा पशु का खरीद बिक्री प्रत्येक वर्ष होता है अगर पदाधिकारी द्वारा इस पर समय से पहले लगाम नहीं लगाया जाता है तो संवेदक द्वारा 30 से 35 लाख रुपए की अधिक राशि धड़ल्ले से उगाही कर लेगा। इस संबंध में लातेहार उप विकास सुरजीत कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## भगवान बिरसा मुंडा, गुरुनानक जयंती एवं बाल दिवस कार्यक्रम समारोह का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रेलवे स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजकुम विधालय परिसर में गुरुवार को मध्यावकाश के बाद भगवान बिरसा मुण्डा जयंती, बाल दिवस एवं गुरुनानक जयंती अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ धियालय के प्रधानाचार्य राजवल्लभ शर्मा के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के कक्षा अष्टम की बहनों किना, स्वीती, खुशी आदि के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।मंच का संचालन विद्यालय के आचार्य विनय जी एवं उनके दिशानिर्देश में भैया शुभम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का छायांकन अश्विनी कुमार के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में विद्यालय के भैया-बहनों के द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।कक्षा दशम के बहन पिंकी, चंचल एवं कक्षा षष्ठ के बहन आराध्या, पलक आदि के द्वारा नागपुरी गीत प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य एवं दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।अंत में बंदेमातरम् गीत के द्वारा कार्यक्रम का समापन किया गया।

## विधानसभा चुनाव लोकतंत्र का महापर्व के प्रथम चरण का हुआ, समापन थाना प्रभारी ने जताया आभार



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता के द्वारा विधानसभा चुनाव एवं लोकतांत्रिक महापर्व का प्रथम चरण समापन शांतिपूर्ण तरीके से हुआ। जिसे लेकर आम जनता प्रशासन जनप्रतिनिधि व मीडिया कर्मियों को आभार प्रकट किया है। तथा सभी के सहमति से मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जिसे लेकर सभी को धन्यवाद कहा है। इस महापर्व को और बेहतरीन तरीके से मनाने की बात कही है। तथा संगठित रहकर त्यौहार मनाने की भी बात कही है।

## गिद्धौर समाज सेवी शारदा देवी ने भाजपा से दिया त्यागपत्र, कहा निर्दलीय हूं और रहूंगी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत गांव की समाजसेवी एवं जिला परिषद उम्मीदवार शारदा देवी ने भाजपा को लिखित त्यागपत्र दिया है। एवं निर्दलीय पार्टी में थी और आज भी हुं। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों को जानकारी दिया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शारदा देवी ने बतलाई की मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने भाजपा में शामिल होने के लिए बुलाए थे। परंतु जब कार्यालय शारदा देवी पहुंची। तो उनके मन मुताबिक उन्हें सम्मान नहीं मिला। जिसे लेकर त्यागपत्र दिया। तो वही झामुमो के द्वारा रविवार के हो रहे जनसभा कार्यक्रम को सुनने शारदा देवी जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान पहुंची। तो कुछ मुख्य बातों को लेकर मनोज चंद्रा ने उन्हें स्टेज पर बुलाया।और बात करने के द्रव्यमान कुछ पत्रकारों ने फोटो खींच लिया। और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। की शारदा देवी जेएमएम में शामिल हो गई है। जो कि इस बात को भी शारदा देवी ने खंडन करते हुए साफ-साफ मना कर दिया। कहा कुछ मुख्य बातें मनोज चंद्रा से कर रही थी। आगे इन्होंने बतलाया कि मैं निर्दलीय में हूं।और निर्दलीय में ही रहूंगी मुझे अभी कोई भी पार्टी की जरूरत नहीं है।

## सिमरिया विधान सभा क्षेत्र के तमाम जनता जनार्दन, कार्यकता और शुभचिंतकों को मैं हूं ऋणी : मनोज चंद्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया अ.ज 26 विधान सभा के महागठबंधन प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखण्ड व पंचायत वासियों तथा सभी महागठबंधन दल के कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों को हम आभार प्रकट करते है। आगे कहा कि आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद, प्यार मुझे भरपूर मिला है। जिसका मैं हमेशा ऋणी रहूंगा। आज मैं अपने माता और पत्नी,बच्चे के साथ शांति पूर्वक घर पर हूं। मुझे किसी से कोई शिकायत नहीं है। मुझे सभी का आशीर्वाद मिला है। वहीं सभी पुलिस प्रशासन का भी ऋणी हूं। जिन्होंने ने दिन रात मेहनत कर चुनाव को शांति पूर्ण सम्पन्न कराया है उनको भी आभार प्रकट करते है। चुनाव का महापर्व 13 नवंबर को समाप्त हो चुका है वहीं झारखंड के अन्य विधान सभा में 20 नवंबर को मतदान होना है। साथ हीं अगले 23 नवंबर को मतगणना चतरा कॉलेज परिसर में होगी। मतदाताओं ने जिनको जितना मत और प्यार स्नेह दिए होंगे उनका जीत सुनिश्चित है। इसी तरह आप सभी का प्यार स्नेह मुझ पर बना रहे। मैं हमेशा आप सभी विधान सभा क्षेत्र वासियों को ऋणी हूं। मुझे विश्वास है कि दिया गया आप सबों का प्यार स्नेह के बदौलत 23 नवंबर को घोषित परिणाम के बाद आपके बीच एक विधायक के रूप में सच्चे सिपाही बन कर आपके साथ खड़ा रहूंगा। आपको बता दें कि मतदान के दूसरे दिन सिमरिया हर्षनाथपुर के एक व्यक्ति को आकस्मिक मौत हो गई है। जैसे हीं इन्हें जानकारी मिली तो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने अपने पत्नी संग मृतक के घर पहुंच शोक व्यक्त किया और परिजनों को ढाढस बंधाया।साथ हीं ईश्वर से दुःख की घड़ी में सहनशक्ति देने की कामना किया। इस तरह चाहे जो भी मनोज चंद्रा सिमरिया विधानसभा में गरीबों का मसीहा कहे जाते हैं।

## जिले के सिमरिया व चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के चतरा विधानसभा क्षेत्र एवं सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर 2024 को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने के पश्चात पोस्ट पोल ईवीएम प्राप्त करने की प्रक्रिया मतदान समाप्ति के उपरांत 13 नवंबर 2024 के संध्या से चतरा कॉलेज, चतरा में प्रारंभ हो गई थी। निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा एवं निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया की मौजूदगी में संध्या से चतरा कॉलेज चतरा में पोस्ट पोल ईवीएम रिसीव किया जा रहा था। विदित हो कि चतरा कॉलेज, चतरा में पोस्ट पोल ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है। मतदान के उपरांत पोस्ट पोल ईवीएम यहां सुरक्षित रखा गया। यह स्ट्रांग रूम का निर्माण भारत निर्वाचन आयोग के तय दिशा-निर्देश के अनुसार कराया गया है। स्ट्रांग रूम में रखे गए पोस्ट पोल ईवीएम को विधानसभावार रखा गया है एवं राजनितिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया।उक्त पूरे ईवीएम रिसीव प्रक्रिया और चतरा कॉलेज चतरा में बहाल कड़ी सुरक्षा व्यवस्था का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री रमेश घोलप एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया।

## मननचोटाग गांव में घर से सदर पुलिस ने एक महिला का अर्ध जला शव किया बरामद



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना क्षेत्र के मननचोटाग गांव मे नवोदय विद्यालय के समीप लखन साव के घर से सदर थाना पुलिस ने एक महिला का अर्ध जला शव बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लखन साव के घर से धुआं निकल रहा है। सूचना के बाद पुलिस लखन साव के घर पहुंच कर बंद दरवाजे को तोड़ कर अंदर प्रवेश की। और एक अर्ध जला शव बरामद किया। आसपास के लोगों ने बताया कि लखन साव घर पर नहीं थे। वहां एक महिला शलीमा तिग्गा किराए पर रहती थी। कयास लगाया जा रहा है। कि शलिमा तिग्गा की हत्या कर हत्यारों ने कपड़े में लपेटकर आग लगा दिया। पुलिस शव की शिनाख्त के लिए सदर अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में सुरक्षित रख दी है। पुलिस मामले की छान बिना कर रही है। इधर गुरुवार की दोपहर करीब ढाई बजे उक्त अर्धजला शव का पोस्टमार्टम किया गया।

## गठबंधन व कांग्रेस के उम्मीदवार रामचंद्र सिंह जीत को लेकर आश्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बुधवार को देर शाम बरवाडीह मुख्यालय के बस स्टैंड पर सम्मानित विधायक सह प्रत्याशी रामचंद्र सिंह गठबंधन के कार्यकर्ताओं के बीच चाय पर चर्चा करते मनिका विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के द्वारा मिली रुझान से अपनी जीत के प्रति दावेदारी पक्की होने को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि एक बार फिर हमारे क्षेत्र की जनता का विश्वास दिख रहा है हालांकि उन्होंने कहा कि कुछ दिन और इंतजार करना होगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव 2024 का चुनाव भयमुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ यह चुनाव आयोग के साथ जिला व प्रखंड प्रशासन पुलिस प्रशासन की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, रविन्द्र राम, नसीम अंसारी, सुरेश मिश्रा, मनोज जायसवाल, अनिल सिंह, शिवानंद तिवारी, उमेश प्रसाद, सईद अंसारी, बिरजू राम समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मतदान अधिकारी व कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया मतगणना केंद्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मनिका विधानसभा क्षेत्र के महुआडांड़ में 13 नवंबर को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष तरीके से मतदान संपन्न कराया गया।मतदान के बाद मनिका विधानसभा के महुआडांड प्रखंड के नक्सल प्रभावित बूथों पर चुनाव डयूटी में तैनात मतदान कर्मी एवं मतदान पेटी को गुरुवार को सुरक्षित हेलिकाप्टर से लातेहार के पोलिटेक्निक संस्थान स्थित वज्रगृह भेजा गया। प्रखंड में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराना प्रशासन और पुलिस की बड़ी उपलब्धि है।प्रखंड के मिडिल स्कूल रेगाई, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल नेतरहाट, मिडिल स्कूल चटकपुर, मिडिल स्कूल ओरसा, पुलिस पिकेट बांसकरचा, हुरमुंडा टोली ग्राउंड और कुरुंद ग्राउंड में अस्थाई हेलीपैड बनाये गए थें। शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न होने पर हेलिकाप्टर के माध्यम से वापस जाने पर मतदान कर्मी भी प्रसन्न और खुश नजर आये।

## एक हिन्दी दैनिक संवाददाता का पितृशोक, मतदान के बाद मतदाता का निधन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के एक हिन्दी दैनिक संवाददाता दयानंद सोनी के पिता शिव मुनि प्रसाद 85 वर्ष का बुधवार मतदान करने के पश्चात ह्रदय गती रुकने से निधन हो गया?। जानकारी देते हुए दयानंद सोनी ने बताया कि मेरे पिता जी अपना वोट देकर तीन बजे हंसी खुशी से मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर फोटो खिंचवाकर घर आए और एका एक उनकी तबीयत बिगड़ गई जिसे आनन-फानन में बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उन्होंने दम तोड़ दिया।उनकी मौत की ख़बर सुनकर समाज सेवी मुन्ना खान, चंद्रदीप प्रसाद, सुमीत कुमार, काशीनाथ बैध, सम्भु पासवान, सहित काफी संख्या लोग पहुंच अपनी संवेदना व्यक्त कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया। लोगों के अनुसार शिवमनी प्रसाद एक समाजिक व्यक्ति थे। गुरुवार को उनका दाह संस्कार मुख्यालय क्षेत्र के कंडरका नदि स्थित स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। उनकी दाह संस्कार पर क्षेत्र के वरिष्ठ गणमान्य लोग, बालुमाथ /बारियातु के पत्रकार मो.जावेद अख्तर, सुरेंद्र गुप्ता, मो.इरफान, मो.समीम, रमेश पाण्डेय, अमन श्रीवास्तव, दिलिप कुमार संजय राम, रामप्रीत लोहरा, अरशद आदमी, मो .कुतुबुद्दीन, रुपेश कुमार राजीव कुमार, सतेन्द्र प्रसाद सहित कई समाज सेवी, राजनितिक दल के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी व भारी संख्या में आस पड़ोस के लोग शामिल हुए,व दिवंगत आत्मा के शांति की कामना किए। उनकी आकस्मिक निधन से उनके घर परिवार के साथ आस पड़ोस में भी शोक का माहौल है।

## एसएस पब्लिक स्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बाल दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 14 नवंबर 2024 को एस एस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में कई तरह के संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ।सर्वप्रथम विद्यालय के सचिव श्रीमती बिंदु तिवारी ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को माल्यार्पण कर उनको वंदन और नमन किया ।इसी क्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित चतुर्वेदी ने पंडित नेहरू को पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया साथ ही बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि पंडित नेहरू का बच्चों से अनन्य लगाव और प्रेम बच्चों को प्रोत्साहित करने और जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है। विषम परिस्थितियों में पंडित नेहरू ने देश की बागडोर को संभाला और देश को नई दिशाओं के तरफ ले जाने में अहम भूमिका निभाई। वही विद्यालय के बच्चों ने कई तरह के खेल में भाग लिया कक्षा नर्सरी एलकेजी के बच्चों ने balloon pass खेल में भाग लिया और इस क्रम में बच्चों ने जीत हासिल की। कक्षा यूकेजी बैलून ब्रेक गेम में भाग लिया इस क्रम में भी बच्चों ने जीत हासिल की ।वहीं कक्षा 1 के बच्चों ने बॉटल क्रॉस खेल में भाग लिया इस क्रम में कक्षा यूकेजी के बच्चों ने जीत हासिल किया। कक्षा 2 के बच्चों ने पॉप बैलून खेल में भाग लिया इस क्रम में प्रथम पोजीशन अर्श ने द्वितीय संतोष तथा तृतीय अयान ने प्राप्त किया। वही कक्षा 3 के बच्चों ने कंचा चम्मच रेस खेल में भाग लिया जहां पर पलक और दीपेश ने प्रथम स्थान पुरुषोत्तम,अरहान द्वितीय तथा सुहानी,राजवीर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 4 के बच्चियों ने म्यूजिकल चेयर कंपटीशन में भाग लिया जिसमें प्रीति प्रथम स्थान प्रज्ञा द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।वहीं कक्षा चार के बच्चों ने कक्षा 5 के साथ कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें कक्षा 4 के बच्चों ने जीत हासिल की। कक्षा 5 की बच्चियों ने कंचा स्पून प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्नति प्रथम, हुमायरा द्वितीय और परी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 6,7, 8 के बच्चों ने म्यूजिकल चेयर कंपटीशन में भाग लिया जिसमें राधिका प्रथम स्थान, सुमी द्वितीय और आस्था तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस क्रम में विद्यालय ने बच्चों को पुरस्कृत का सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिका सुश्री सरिता कुजूर, अमिता, निक्की वर्मा, मुकेश पांडे, सदिया, शाहजहां, खुश्बू, सपना, मोनिका, रिया, शिफा, जेबा मैम तथा सोनमती जी,नीलम जी उपस्थित रही।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गुरुकुल पब्लिक स्कूल में पुस्तक मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बाल दिवस के उपलक्ष्य पर अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से गुरुकुल पब्लिक स्कूल में पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, प्रखंड समन्वयक अजीत कुमार चौबे, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के सीओ श्रवण कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां गायत्री, आचार्य श्रीराम शर्मा और वंदनीया माताजी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया। इस दौरान पंडित जवाहर लाल नेहरू के सपनो को साकार करने के लिए बच्चों में सद्प्रेरणा दी गई। जो बच्चे अपने जीवन में उतार कर देश का उज्जवल भविष्य बन सके। मौके पर डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल ने कहा कि गायत्री परिवार द्वारा आचार्य श्रीराम शर्मा की पुस्तकों का मेला आयोजित करना एक सराहनीय पहल है। उन्होंने इसे ज्ञान गंगा का महाकुंभ करार देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति इसमें गोते लगाना चाहता है, तो आचार्य श्रीराम शर्मा की पुस्तकों का अध्ययन अवश्य करें। श्री अग्रवाल ने कहा कि ये पुस्तकें केवल किताबें नहीं हैं, बल्कि जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाली ज्ञान की राह हैं। उन्होंने आचार्य श्रीराम शर्मा की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि भगवान ने उन्हें सरस्वती पुत्र के रूप में भेजा था, जिन्होंने 3200 से अधिक पुस्तकों का सृजन किया। इन पुस्तकों में ज्ञान का असीम भंडार है, जिससे शिक्षक और विद्यार्थी लाभान्वित हो सकते हैं। मौके पर लालसु राम, अनिल लाल अग्रवाल, पंकज गुप्ता, उपेंद्र कुमार मेहता, गुरुकुल पब्लिक स्कूल के शिक्षक राहुल दास, राम जी,मंटू कुमार, अनुराधा शुक्ला, संध्या शुक्ला, नेहा कुमारी, चंदा कुमारी, गीता कुमारी, कोमल जायसवाल, विशाखा सिंह, स्वाति कुमारी, ज्योति मिश्रा, अंचल कुमारी, ज्योति कश्यप एवं सलोनी कुमारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधासभा चुनाव की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया।इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग को मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रशिक्षण देने से संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

हजारीबाग

रांची, शुक्रवार, 15 नवंबर 2024| पेज




# तिवारी महतो के पक्ष में सांसद ने किया तूफानी दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान के लिए हजारीबाग सदर, बड़कागांव और बरही विधानसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी दौरा करने के बाद वहां चुनाव संपन्न होने के उपरांत अब मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित आजसू उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव कैंपेन में जान झोंकना शुरू कर दिया है। बुधवार को मांडू और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में दिनभर ताबड़तोड़ तूफानी दौरा करने के बाद गुरुवार को दिन भर मांडू विधानसभा क्षेत्र के करीब डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का चुनावी दौरा कर मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो उर्फ़ तिवारी महतो के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत चुरचू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम इंदिरा से किया जिसके दुबा गढ़ा, जरबा और मांडू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम मांडू डी, ठाकुर बेड़ा, बड़का चुम्बा, मंझला चुम्बा, तोपा चौक, आरा उत्तरी 96 कॉलोनी, सिरका, सोनडीहा, बड़गांव, नवाडीह, गुड्डुटांड़, चोपड़ा मोड़, केदला हाउसिंग के बाद ड्राइवर हॉट में समापन किया। सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान एनडीए गठबंधन के सभी दलों के कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और हरेक गांवों में एनडीए के समर्थन में लोगों का अभूतपूर्व जन समर्थन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों ने बजे बजे के साथ सांसद मनीष जायसवाल का फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया और एनडीए को पूर्ण समर्थन का उन्हें भरोसा जताया।

**जनसंपर्क अभियान से जुड़ी तिवारी महतो की पत्नी सोनोका**

सांसद मनीष जायसवाल के चुनावी जनसंपर्क अभियान के दौरान पंचायत बुमरी स्थित ग्राम ठाकुर गोडा में मांडू विधानसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी निर्मल महतो और तिवारी महतो की धर्मपत्नी सोनोका देवी अपने महिला काफिले के साथ जुड़ी और फिर उनके साथ कई गांवों में जनसंपर्क चलाकर अपने पति के पक्ष में लोगों से केला छाप में मतदान करने का अपील किया। तिवारी महतो की पत्नी सोनोका देवी अपने पति के लिए स्टार प्रचारक की भूमिका में खूब पसीना बहा रही हैं ।

## लोयोला विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चरही :** गुरुवार को लोयोला विद्यालय ने अपना दूसरा बाल दिवस बहुत ही धूमधाम और मनोरंजन पूर्वक मनाया जिसमें बच्चों के बीच कक्षा के आधार पर कई तरह की प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बिस्किट रेस, घोड़ा रेस, सुई धागा, रैंप वॉक मंकी जंप, ट्रेन रेस एवं टीम बिल्ड के लिए रेस इत्यादि का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों और बच्चों के बीच में भी डिबेट कंपटीशन का भी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों का उत्साह और जोश देखने लायक था । लोयोला विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर समीर प्रसाद ने कहा कि बच्चों ने इस बार पहले के मुताबिक ज्यादा अच्छा शानदार प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने अपने जोश को और बढ़ते हुए आगे से प्रदर्शन करते रहने का भी विश्वास दिलाया जिससे कि चरही और विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में रोशन हो सके साथ ही लोयोला विद्यालय के प्रबंधक निदेशक एम . के. बरनवाल ने बच्चों के साथ साथ शिक्षकों के साथ ट्रॉफी , केक कट और गिफ्ट देकर बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की और 15 नवंबर झारखंड दिवस पर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती की शुभकामनाएं दी और उन्होंने 23-24 के सत्र में नवाज अली और गैलिना गुलफसा के अभिभावक अब्दुल वजिद जी को विद्यालय में शानदार योगदान प्रदर्शन के लिए ट्रस्ट की तरफ से उन्हें स्कॉलरशिप भी प्रदान किया गया जिसे उन्हें अपने क्षेत्र में और विद्यालय के उज्जवल भविष्य के लिए आगे भी ऐसे योगदान देने का वादा किया इसी के साथ विद्यालय के शिक्षकों ने पूरी उत्साह पूर्वक सहयोग करते हुए विद्यालय में अपना योगदान दिया।

## बाल दिवस पर आईलेक्स में विविध कार्यक्रम का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आईलेक्स पब्लिक स्कूल पंचमाधव में गुरुवार को बाल दिवस का विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई। मौके पर स्पोर्ट्स में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। मौके विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनायें दीं। वहीं कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस 14 नवंबर को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। जवाहर लाल नेहरू को बच्चों के प्रति बेहद प्रेम और लगाव था। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। बच्चों के लिए बेशुमार प्यार, लगाव और उनके लिए किए गए कार्यों को लेकर जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर हर वर्ष बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यानी यह दिन बच्चों व चाचा नेहरू को समर्पित है।

## आदर्श डीएवी पब्लिक स्कूल में बाल दिवस कार्यक्रम में बच्चो की खुशियों के दिखे कई रंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय चेडरा स्थित आदर्श डी0 ए0वी पब्लिक स्कूल में आज 14 नवम्बर 2014 को बाल दिवस को बड़े हीं धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर चाचा नेहरू को उनके जन्मदिन पर याद किया। कार्यक्रम की शुभारंभ दीप प्रज्जवन करके चाचा नेहरू को पुष्पांजली अर्पित करके किया गया। आज बाल दिवस के मौके पर विद्यार्थियों को अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए स्टार बैज तथा मेधावी बैज देकर सम्मानित किया गया।इनमें से 85त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कक्षा एलकेजी से कक्षा-4 तक छात्र-छात्राओं को तथा 80 (प्रतिशत से अधिक अंक पाने



वाले कक्षा-5 से कक्षा-10 छात्र छात्राओं को मेघावी बैज पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के निदेशक राणा इकबाल खान ने सभी विद्याथियों सभी विधार्थियों को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी तथा बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आने वाले समय में देश की तरक्की इन्हीं छात्र-छात्राओं पर निर्भर है। कार्यक्रम में चार- चाँद लगाते हुए विद्यालय के नन्हें छात्र-छात्राओं ने फैंसी ड्रेस में बार्बी गर्ल,आर्मी मैन, डॉक्टर, पुलिस कांस्टेबल, वकील, टीचर्स, स्वतंत्रता सेनानी, बिरसा मुंडा, परी, क्रिकेटर आदि बनकर सभी का मन मोह लिया। इसके बाद गायन में कक्षा-1 के छात्र निवेदित गुप्ता तथा कक्षा-6 की छात्राएँ आलिया, नंदनी ने बेहतरीन आवाज में गाने गा कर सभी को मन्त्रमुग्ध कर दिया। झारखंड के स्थापना दिवस के मौके को देखते हुए कक्षा 7 तथा कक्षा 9 की छात्राओं ने एक %नृत्य प्रस्तुत किया जिसके माध्यम से झारखंड की संस्कृति खुबसुरत आदिवासी का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन कक्षा-2 की शिक्षिका सुमन कुमारी ने किया तथा साथ ही उन्होंने बाल दिवस पर एक छोटा सा भाषण देकर बच्चों को शुभकामनाएँ दीं। विभिन्न कक्षाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रों को उनके बेहतर उपस्थिति अच्छे अनुशासन तथा बेहतर अंक प्रदर्शन के लिए उन्हें छोटे छोटे उपहार देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। प्राचार्य दिग्विजय नारायण विद्यालय के समस्त विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंध निदेशक सागर कुमार विधार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएँ दी तथा उन्होंने बच्चों से नेहरू जी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही।

## विष्णुगढ़ में जयराम की सभा मे बढ़ेगा जेएलकेएम कुनबा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ के मैदान मे आगामी 15 नवंबर को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सुप्रीमों टाईगर जयराम महतो के समक्ष जदयू पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ झारखण्ड पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष दशरथ राय , पूर्व युवा जिला सचिव जदयू नीलकंठ तुरी उर्फ नीलू बाबू , झारखण्ड के खोरठा सुपर स्टार गायक चन्द्रिका कुमार अपने सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ जेएलकेएम के जिला अध्यक्ष सरयु साव के नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण करेंगे। इस संबध में दशरथ राय ने कहा कि झारखण्ड को अलग हुए आज 24 साल बीत गए ,नए झारखण्ड राज्य बनने पर अभी तक 13 मुख्यमंत्री बने ,लेकिन किसी ने झारखण्ड वासियों के हित में कोई काम नहीं किया , अगर किसी ने झारखण्ड के हित में माय माटी , नीति नियोजन, गरीब, मजदूर किसानों के अस्तित्व को बचाने की बात की तो वो सिर्फ टाईगर जयराम महतो है। झारखण्ड को लुटेरों से अगर कोई बचा सकता है।संगीत कलाकारों को मान सम्मान दे सकता है, तो वो सिर्फ टाईगर जयराम महतो है। इसलिए पुरे झारखंड में टाईगर जयराम महतो की लहर है।

## ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु :** दारू प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने अपनी-अपनी विद्यालयों में विविध प्रकार की गतिविधियों में भाग लिया और बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इन कार्यक्रमों में बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें एक अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल, दारू में बाल दिवस का आयोजन उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर बच्चों के लिए कई मनोरंजक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें स्पून रेस, मैथ रेस, चेयर रेस, अल्फाबेट गेम जैसी रोचक गतिविधियाँ शामिल थीं। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही बच्चों ने बाल दिवस के महत्व पर सुंदर-सुंदर भाषण भी प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम और उनके योगदान के बारे में चर्चा की। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण से हुई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र भूषण प्रसाद ने बच्चों को संबोधित करते हुए बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू का बच्चों से विशेष लगाव था, और उनके इसी प्रेम के कारण उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझाते हुए बताया कि शिक्षा से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने बच्चों को नेक मार्ग पर चलने और मेहनत से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के निदेशक बजरंग सहाय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि बच्चों की असीमित क्षमताओं को पहचानने और उन्हें सशक्त बनाने का अवसर है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे आत्मविश्वास, शिक्षा और अनुशासन के माध्यम से अपनी क्षमताओं को निखारें। बच्चों को यह संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि समय का सम्मान और निरंतर प्रयास से वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं।

## रेन्बो स्कूल बरही में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने दिखाया उत्साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड के शिवपुर गडलाही में स्थित रेन्बो स्कूल में बाल दिवस का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ किया गया। इस अवसर पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती भी मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा और सभी शिक्षकों द्वारा पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई। पंडित नेहरू के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए उनकी बच्चों के प्रति विशेष स्नेह और उनके योगदान को याद किया गया। विद्यालय में इस खास दिन को और भी रोचक बनाने के लिए कई खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। विभिन्न खेलों जैसे दौड़, जलेबी रेस, बैलून रेस, जीके क्विज, संगीत कुर्सी आदि प्रतियोगिता आदि में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों के जोश और उमंग ने पूरे विद्यालय को



उत्सवमय बना दिया। शिक्षकों और छात्रों ने मिलकर इस दिन को यादगार बनाने के लिए कई तरह की गतिविधियों में भाग लिया, जिससे विद्यालय का माहौल बहुत ही खुशगवार रहा। निदेशक सिकन्दर प्रसाद कुशवाहा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों के प्रति विशेष प्रेम रखते थे और उनका मानना था कि बच्चों का सही मार्गदर्शन और शिक्षा देश के भविष्य को मजबूत बनाता है। बाल दिवस का यह अवसर हमें उनके विचारों को याद दिलाता है और बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी रेखांकित करता है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने सपनों को पूरा करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहें और शिक्षा के महत्व को समझें।

## बाल दिवस के मौके पर बी.एम मेमोरियल स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बी.एम मेमोरियल स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार व संचालन उप प्राचार्य पूनम कुमारी और शिक्षिका अफसाना प्रवीण ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी बच्चों को खेल से संबंधित जानकारियां दी गई। खेलकूद प्रतियोगिता में बैलून फोड़, बिस्कुट दौड, मटर दौड़, मेंढक दौड़, बिस्किट दौड़, सुई धागा, चम्मच दौड़, दौड़, रसीद दौड, कुर्सी खेल, कबड्डी, थ्रो बॉल, बाधा दौड़, म्यूजिकल चेयर सहित अन्य खेलों का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने खेल के मैदान में एक से बढ़कर एक खेल दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ हमें खेल की भी अति आवश्यक होते है। खेल से हमारे शरीर का संपूर्ण विकास होता है। हमारे लिए खेल उतना ही जरूरी है जितना कि पढ़ाई। हम खेल में भी अपना कैरियर बना सकते हैं। वहीं स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि हमारे स्कूल बड़कागांव प्रखंड के सभी स्कूलों से अलग व्यवस्था देती है हमारे यहां खेलकूद के साथ-साथ कंप्यूटर की शिक्षा, प्रोजेक्टर के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था, सहित विषय विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को पढ़ाई करवाई जाती है। आगे उन्होंने कहा कि हम सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाते हैं। मौके पर मुख्य रूप से उप निदेशक पिंटू कुशवाहा, विद्यालय शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, महेंद्र विश्वकर्मा, दिलेश्वर दास, आनंद कुमार, मुकेश दास, एरिका टोप्पो, आशीष यादव,आर्य कुमारी,अंजली मिश्रा,मनीषा कुमारी, ऋषभ अग्रवाल,राजेश कुमार रवि, सुमित कुमार,देवंती देवी,सोनू कुमार,स्नेहा कुमारी, सुभाष प्रसाद, सुमन कुमारी, नेहा कुमारी,गंगा भारती,विकाश ठाकुर,सहित दर्जनों शिक्षक व सैकड़ों स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# सन् 1632 ईस्वी में पंडित दामोदर मिश्र ने किया था नरसिंह स्थान मंदिर की स्थापना

- नरसिंह स्थान मंदीर में कार्तिक पूर्णिमा का मेला आज
- कार्तिक पूर्णिमा में भगवान नरसिंह का दर्शन पूजन के लिए झारखंड समेत कई अन्य राज्यों से भी पहुँचते हैं श्रद्धालु

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रत्येक वर्ष कार्तिक पूर्णिमा के दिन हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के खपरियावाँ पंचायत के बन्हा गाँव स्थित नृसिंह स्थान मंदीर में भगवान नरसिंह का दर्शन व पूजन करने के लिए भीड़ उमड़ती है। इस दिन तकरीबन 25000 लोग यहाँ आते हैं। जो ना सिर्फ हजारीबाग से बल्कि झारखंड समेत कई अन्य राज्यों से भी होते हैं। यहाँ इस दिन मेले का भी आयोजन होता है । इस मेले मे भारी मात्रा मे ईख की बिक्री होती है जिसे मेले मे आनेवाले लोग श्रद्धापूर्वक भगवान का प्रसाद समझकर खरीदकर अपने साथ ले जाते हैं। स्थानीय लोगों में एक कहावत है हजारीबाग की तीन पहचान झील, कनहरी और नृसिंह स्थान। उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय मुख्यालय हजारीबाग से छ्ः किलोमीटर दूर बड़कागांव रोड में कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत श्री नृसिंह स्थान मंदिर जिले का प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र है। यह प्राचीन धरोहर को लगभग चार सौ बर्ष के इतिहास को संजोए हुए है। मुगलकाल से लेकर ब्रिटिश शासन और वर्तमान लोकतंत्र का साक्षी भी रहा है। यहां भगवान विष्णु के अवतार नृसिंह की पाँच फीट की प्राचीन प्रतिमा है जो काले रंग के ग्रेफाइट पत्थर की बनी है। ऐसी मान्यता है कि यहां गर्भ गृह में भगवान विष्णु के साथ शिव साक्षात विराजमान है। यहां स्थापित शिवलिंग जमीन से तीन फीट नीचे है। गर्भ गृह में शिव के साथ विष्णु भगवान के विराजमान रहने का अद्भुत संयोग है। जो वैष्णव और शिव भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इसके अलावा भगवान सूर्य देव, नारद, शिव पार्वती और नवग्रह के प्रतिमा दर्शनीय है। गर्भ गृह के बाहर हनुमान जी की प्रतिमा है। यहां सालों भर दर्शन पूजन करने श्रद्धालु आते हैं। गुरुवार और पूर्णिमा के दिन पूजा का अपना एक अलग महत्व है। कार्तिक और माघ महीने में भक्तों की भीड़ यहां बढ़ जाती है। यहां मुंडन, जनेउ, शादी विवाह व अन्य धार्मिक का आयोजन किए जाते हैं। शहर एवं आसपास के लोग नया वाहन खरीदने पर यहां पूजा करने पहुंचते हैं। यहाँ कार्तिक पूर्णिमा के दिन नृसिंह मेला लगता है। जो झारखंड में प्रसिद्ध है। मंदिर से कुछ दूरी पर मां सिद्धेश्वरी का मंदिर है जिसे नकटी महामाया मंदिर भी कहते हैं। यह सिद्ध पीठ है। मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के दशा अवतार के मंदिर हैं। जिसमे मत्स्य, कुर्म, वाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम, राम,कृष्ण बुद्ध और कल्कि अवतार के मंदिर शामिल है। इसके अलावा यहां काली मंदिर और लक्ष्मी नारायण का भी मंदिर है।





**नृसिंह स्थान मंदीर का इतिहास**

श्री नृसिंह स्थान मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इसकी स्थापना 1632 ईस्वी में पंडित दामोदर मिश्र ने की थी। जो रामायण के रचनाकार संत तुलसीदास के समकालीन थे। वह संस्कृत और ज्योतिष के विद्वान के होने के साथ-साथ तांत्रिक विद्या मे भी पारंगत थे। संस्कृत में उन्होंने कई रचनाएँ लिखी है। वह दुर्लभ पांडुलिपि आज देखरेख के अभाव में नष्ट होने के कगार पर हैं। उनके वंशजों का कहना है कि वह औरंगाबाद के सीरीश कुटुंबा के रहने वाले थे। उन्होंने बनारस मे शिक्षा दीक्षा लेने के बाद गंगा नदी के किनारे सिद्धेश्वरी घाट पर भगवान विष्णु के उग्र रूप नृसिंह की आराधना कर सिद्धि प्राप्त की थी। उसके बाद वे अपनी माता लवंगा के साथ हजारीबाग के खपरियांवा पहुंचे। यहां उन्हें स्वप्न देखा कि भगवान विष्णु उनसे कह रहे हैं कि वह नेपाल के भूसुंडी पहाड़ी में है। जिसे स्वप्न मे लाने का उन्हें आदेश प्राप्त हुआ। इसके बाद वह अपने सहयोगियों के साथ पद यात्रा कर नेपाल पहुंचे। फिर वहां के भूसुंडी पहाड़ी में खुदाई शुरू की। जैसे ही खुदाई शुरू की, पहले खून की धारा बहने लगी। जिससें वह डर गए और भयभीत होकर उन्होंने खुदाई को रोक दिया। फिर रोते हुए भगवान से प्रार्थना करने लगे। उसी रात स्वप्न में भगवान विष्णु ने खुदाई करने का पुनः आदेश दिया। दूसरे दिन जब उन्होंने खुदाई शुरू किया तो भगवान नृसिंह के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थापित अन्य प्रतिमाएं निकली। उसके बाद सभी प्रतिमा को लेकर खपरियांवा पहुंचे। यहां पहले इमली पेड़ के पास स्थापित किया। उसके बाद वर्तमान में जहां मंदिर है। वहां प्रतिमाओं को ले जाकर स्थापित किया। मंदिर के चारों ओर आम व जामुन के वृक्ष लगाएं। जिसे आज भी लोग जमुनिया बागी कहते है।उन्होंने तालाब का भी निर्माण कराया। उस समय से यहां पूजा अर्चना की जा रही है। खपरियांवा पंचायत के बन्हा टोला निवासी लंबोदर पाठक मुखिया बनने के बाद जिला परिषद के सदस्य बने। फिर बरकट्ठा क्षेत्र से विधायक बने। वह बहुत बड़े ठेकेदार थे। भारद्वाज कंस्ट्रक्शन कंपनी की स्थापना की। धर्म कर्म में उन्हें बहुत रुचि थी। वह अपनी तरक्की के पीछे भगवान नृसिंह का आशीर्वाद मानते थे। देवघर में उन्होंने पाठक धर्मशाला का निर्माण कराया था। उसके बाद उन्होंने प्राचीन मंदिर का पुर्ननिर्माण करने की योजना बनाई। इसके लिए संकल्प लिया। ऐसी मान्यता है भगवान नृसिंह से मन्नत मांगने के बाद जब फूल गिर जाता है तो उसे भगवान का आशीर्वाद मांगा जाता है। लंबोदर पाठक ने धार्मिक अनुष्ठान के साथ भगवान नृसिंह से आशीर्वाद भी प्राप्त किया। उसके बाद मंदिर के चारों ओर खुदाई शुरू कर दी। इसी दौरान साल 1988 में एकीकृत बिहार के समय जब भूकंप आया । पूरा मंदिर प्राचीन मंदिर धर्मशाला वह अन्य ऐतिहासिक धरोहर जमीजोद हो गया। लेकिन भगवान नृसिंह की प्रतिमा व अन्य विग्रह सुरक्षित रहे। इसके बाद मंदिर का पुनर्निर्माण शुरू हुआ। वर्ष 1995 में वर्तमान मंदिर तैयार हुआ आने के ऐसी मान्यता है कि यहां जलाया गया अखंड दीप और मंदिर की परिक्रमा कभी व्यर्थ नहीं जाती है। दर्शन पूजन के साथ मनवांछित फलों की कामना के लिए. श्रद्धालुओं का आना जाना बना रहता है। जिले के अलावा दूसरे राज्य के लोग शादी विवाह और मन्नत को लेकर बाबा के दरबार में पहुंचते हैं। नृसिंह स्थान को पर्यटन केंद्र बनाने के लिए सरकार प्रयासरत है। लेकिन सरकारी जमीन नहीं रहने के कारण पर्यटन केंद्र नहीं बन पा रहा है। पर्यटन केंद्र बनाने की दिशा में सिर्फ विवाह मंडप का निर्माण कार्य किया गया है। स्थानीय लोग बताते हैं कि यहां धर्मशाला और विवाह घर बनाने की जरूरत है।

# न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल हेसला में मनाया गया बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** गुरुवार को न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस। न्यू ऐंजल पब्लिक स्कूल के प्रांगण में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य मिली शाह एवं अन्य शिक्षकों ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ में पुष्प अर्पित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के संस्थापक मोहम्मद शाहबान ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। उनके अनुसार हमें बच्चों को निस्वार्थ रूप से प्यार करना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य और समाज की नींव होते हैं, इसलिए उनके उत्थान हेतु हमें और संभव प्रयास करना चाहिए बताते हुए उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक- छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा के माध्यम से तरह-तरह के गतिविधियों से अवगत कराया। तौकीर सर ,वीरेंद्र सर ,रंजीत मैम, संतोष सर, मीरा मैम ,मोनिका मैम ,बिना मैम ,सोनी मैम ,यासमीन मैम, शिवानी मैम, बिना मिस,स्वीटी मैम,सना मैम, गौसिया मैम, सिमरन मैम, ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे विद्यालय प्रबंध समिति की तरफ से उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं के बीच चॉकलेट और पेंसिल बॉक्स का वितरण किया गया।

# सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरूनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर शोभा यात्रा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** सिख धर्म के संस्थापक एवं सिखों के प्रथम श्री गुरु देव जी के प्रकाश उत्सव पर गुरूवार को बिजुलिया स्थित भूपेंद्र सिंह जौली के आवास से 3:00 बजे शोभा यात्रा का आयोजन हुआ।शोभा यात्रा में सिख समाज के अलावे दूसरे समुदाय के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए।शोभा यात्रा बिजुलिया स्थित भूपेंद्र सिंह जौली के आवास से 3:00 बजे आरंभ हुई। शोभा यात्रा शहर के बिजुलिया, पुराना बस स्टैंड, लोहार टोला, च?ट्टी बाजार, थाना चौक, सुभाष चौक से होते हुए श्री गुरुद्वारा सहिब पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा के दौरान श्री गुरुग्रंथ साहिब को एक सुसज्जित वाहन पर विराजमान किया



गया था। जिस वाहन पर श्री गुरुग्रंथ साहिव विराजमान थे उसे बहुत ही आकर्षक तरीके से फूलों से सजाया गया था।शोभा यात्रा के साथ पारंपरिक वेशभूषा में पंज प्यारे कुलवीर सिंह, सनप्रीत सिंह, अंगद चंडोक, गुरप्रीत कालरा और यश छावड़ा चल रहे थे। इनकी पारंपरिक वेशभूषा शोभा यात्रा की शान बढ़ा रही थी। विभिन्न संगठनों ने किया स्वागत शोभा यात्रा के जगह जगह पंजाबी हिन्दू बिरादरी सहित कई संगठनों ने स्वागत किया। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल साध संगत का विरिकट, फल एवं मिठाई आदि से स्वागत किया गया।शोभा यात्रा के दौरान निशाने खालसा गतका पार्टी द्वारा हैरतंगेज कर्बत का प्रदर्शन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान युवाओं ने आतिशबाजी के नजारे से लोगो को अचंभित कर दिया।शोभा यात्रा में रामगढ़ गुरूद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छावड़ा, विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा, रघुवीर सिंह, जसविंदर सिंह सलूजा, रविंदर सिंह छाबड़ा, गुरदीप सिंह सैनी, राजू कालरा, विक्की छाबड़ा, अंगद चंडोक, हरेंद्र छाबड़ा, गुरप्रीत चाना, हरपाल सिंह अरोड़ा, शतप्रीत सिंह मिंटू, राजू छाबड़ा, जगजीत सिंह सोनी, गुरप्रीत सिंह, बबलू छाबड़ा, जगजीत सिंह, रिंटू छाबड़ा, गुरजीत सिंह सलूजा, पुष्विंदर सिंह छाबड़ा, जगजीत सिंह, नीतू सिंह जस्सल, मनप्रीत कौर सैनी, गुरबख्श कौर, बलविंदर कौर आदि शामिल थे।

## हारे या जीते आपकी बेटी क्षेत्र में रहेगी बरकरार : अंबा प्रसाद

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के पंचायत सांकुल के अंतर्गत



डीजल कॉलोनी निवासी देवानंद प्रसाद के घर में अवस्थित राशन दुकान में बीते रात आग लग जाने की खबर सुनते ही विधायक अंबा प्रसाद ने डीजल कॉलोनी स्थित उनके आवास में पहुंची और उनका जायजा ली। विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अंचलाधिकारी पतरातू को संपर्क साधकर उचित मुआवजा दिलवाने का बात की । बता दें कि कल देर रात्रि बिजली के शॉर्ट सर्किट से इनके राशन दुकान में आग लग गई थी जिससे लगभग 100000 का सामान का आग लगने से जलकर खाक हो गई। विधायक ने कहा कि जीते या हारे क्षेत्र के जनता के समस्याओं का समाधान के लिए क्षेत्र में हमेशा बरकरार रहूंगी।

## शिक्षा विभाग में बाल दिवस मनाया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय



के शिक्षा विभाग में चाचा नेहरू के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बाल दिवस मनाया गया । विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति बी एन साह ,सचिव महोदया प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो(डॉ) रश्मि , कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार ने बाल दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।इस अवसर पर शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी ने बच्चों को चाचा नेहरू से सीख लेने की बात कही । विभाग में निबंध प्रतियोगिता के साथ खेल का भी आयोजन किया गया । मौके पर डॉ. रंजना पाण्डेय, डॉ. अनामिका कुमारी, डॉ. अरबिंद कुमार, डॉ. राकेश रंजन, डॉ. अमरेश कुमार पाण्डेय एवं डॉ. उमेश चंद्र महतो समेत कई छात्र-छात्राएं शामिल थे ।

## सुरना आवासीय उच्च विद्यालय कोठार में बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बृहस्पतिवार को सरना आवासीय उच्च



विद्यालय कोठार के प्रांगण में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के जन्म किस पर बल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक किस्टो महतो द्वारा एडिन नेहरू के जीवनी पर चुचेचा की गई। साथ ही भारत को स्वतंत्र कराने में नेहरु की भूमिका. उनके स्वतंत्रता आंदोलन में भोगदान एवं स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद भारत को एक विकसीत देश बनाने में उनकी भोगदान की चचा की गई। समारोह में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार सुरेश आपका में पिंकी कुमारी, हेमन्ती हेमन्ती कुमारी कुमारी करसी कुमारी, सोनिका ÷कुमारी, अविता कुमारी, नीता कुमारी, पुनम कुमारी, यादि के साथ- साथ ग्रामीण बासी मौजूद थे।

## विश्व मधुमेह दिवस संगोष्ठी सह जांच शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय, रामगढ़ के सभागार में सिविल सर्जन डॉ महलक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की संयुक्त अध्यक्षता मे विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर संगोस्ठी सह जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया सिविल सर्जन डॉ महालक्ष्मी प्रसाद ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मधुमेह पर नियंत्रण अपने जीवनशैली मे सुधार एवं 30 वर्ष के उपरांत नियमित स्वास्थ्य जांच के द्वारा किया जा सकता है। जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सभी केन्द्रों पर जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी ने कहा कि भोजन को संतुलित रखते हुए अपने क्स्ढ़(क्नभस्र4 स्ढ़ुह्यह्य ढ्ढठ्ठस्रद्द×) को नियंत्रित रखकर भी मधुमेह के खतरे से बचा जा सकता है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ स्वराज ने कहा कि मधुमेह दो तरह के होते हैं और दोनों ही हमारे शरीर के लिए हानिकारक हैं और मधूमेह मानव शरीर के विभिन्न अंगों किडनी, आँख, हृदय आदि पर हानिकारक प्रभाव डालते हैं। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय मे उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों का जांच किया गया । उक्त कार्यक्रम मे जिला प्रबंधन इकाई के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रामगढ एसपी ने द्वितीय चरण के मतदान को लेकर किया समीक्षा बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में सी0ए0पी0एफ0 समादेष्टा, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ एवं सभी पुलिस निरीक्षक, थाना/ओ0पी0 प्रभारियों के साथ गुरुवार को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान को स्वच्छ, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु की गई तैयारियों एवं बलो की प्रतिनियुक्ति के संबंध में समीक्षा बैठक किया गया तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुरूप आवश्यक निर्देश दिया गया।

## एसएस डीएवी स्कूल सयाल में चाचा नेहरू कि जयंती बाल दिवस के रूप में धुमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सयाल स्टाफ कालोनी स्थित एसएस डीएवी पब्लिक स्कूल सयाल में गुरुवार को भारत के पुर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू कि जयंती बाल दिवस के रूप में धुमधाम से मनाया गया। वही बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच भव्य कार्यक्रम का आयोजिक किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों और गतिविधियों में भाग लिया,जैसे संगीत म्यूजिकल कुर्सी रेस, चमच-नींबू रेस,मेढक रेस,बिस्कुट रेस,बतख रेस आदि। बच्चों के उत्साह और जोश से कार्यक्रम का माहौल खुशनुमा रहा। वहीं इस कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक अब्दुल मजीद और प्रधानाचार्य नीलम कुमारी के साथ-साथ शिक्षकगण संतोष कुमार,कल्याण रॉय,आसीफ हुसैन,रीना कुमारी, ललिता एक्का,प्रिती सिंह,सिया सिंह,पिंकी कुमारी,ज्योति कुमारी, इमरान आलम और चेतो मांझी भी उपस्थित थे। सभी ने बच्चों को इस खास दिन की शुभकामनाएँ दी और उनके उज्जवल भविष्य कि कामना किया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को छोटे-छोटे तोहफे जैसे पेंसिल,इरेज़र , शार्पनर,कलम,स्केल,रंग,चॉकलेट



आदि वितरित किए गए,जिससे बच्चों में खास खुशी देखने को मिली। खेलों के आयोजन के दौरान, बच्चों की भागीदारी ने कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया। वहीं प्रधानाचार्य नीलम कुमारी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बालकों में अपार प्रतिभाएँ छिपी होती हैं,और हमें इन्हें प्रोत्साहित करके उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक और कर्मचारीगण भी कार्यक्रम की सफलता में सक्रिय रूप से शामिल रहे।

## रजरप्पा में भव्य गंगा महाआरती आज, देश के प्रसिद्ध गायक और कलाकार प्रस्तुत करेंगे भजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** माँ छिन्नमस्तिका सेवा समिति के द्वारा रजरप्पा के भैरवी नदी के तट पर होने वाले भव्य गंगा महाआरती की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिसमे बनारस के जाह्नवी सेवा समिति के आचार्यो के द्वारा भव्य गंगा महाआरती किया जाएगा। इसमें देश के कई नामी गायक और कलाकार सम्मलित होकर भजन प्रस्तुत करेंगे। वही इसमें जमशेदपुर और धनबाद की टीम के द्वारा आकर्षक झांकी भी प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जयसवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पत्रकारों को बताया की इस बार होने वाले गंगा महाआरती में देश की प्रसिद्ध गायिका अदिति राज, ज्योति साहू सहित झारखंड के कई नामी गिरामी कलाकार शामिल होंगे। साथ ही गंगा महाआरती से पूर्व भक्ति जागरण का कार्यक्रम किया जायेगा। उसके बाद गंगा महाआरती एवं आरती के पश्चात लगभग दस हज़ार से ज़्यादा श्रद्धालुओं के लिए भोग वितरण किया जाएगा। वही कार्यक्रम में कई विधायक भी शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी लगभग पुरी कर ली गई है। उन्होंने इस पुनीत कार्य में ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालुओं से शामिल होने हेतु आमंत्रित किया है। समिति के अध्यक्ष ने बताया कि इस अविश्वसनीय और अदभुत आयोजन ने सभी लोगों कि सहयोग मिल रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर माँ छिन्नमस्तिका सेवा समिति के द्वारा लगभग सौ से ज़्यादा वोलंटियर्स नियुक्त किए गए है। इसके अलावे ज़िला प्रशासन के द्वारा भी सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से समिति के संरक्षक छोटू पंडा, सुभाशीष पंडा, आरती प्रभारी प्रीतम झा, सूरज वर्मा, रवि हाज़रा, दीपक सिंह, छोटू केवट, सोनू सोनी , नंदकिशोर महतो, कृष्णा केवट, विकाश दांगी, कृष्णा केवट, अरविंद जायसवाल, सुकेंद्र साव,बप्रदीप महतो, बिक्की महतो, पवन पटेल, सीएम महतो, सहित कई लोग लोग लगे हुए है।

## जन-सेवा और क्षेत्र के विकास के लिये निरंतर कार्य करुंगी : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दुलमी प्रखंड के पोटमदगा गांव में इंडिया महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी और जनता की प्रिय नेता ममता देवी ने डोर-टू-डोर जन-संपर्क अभियान के तहत मतदाताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में वोट देने की अपील की और जनता से हाथ छाप पर मुहर लगाने का आग्रह किया। ममता देवी ने लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि वे जन-सेवा और क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी। इस अवसर पर ममता देवी ने कहा, ÷रामगढ़ की बेटी होने के नाते मैं क्षेत्र के हर जनता की समस्याओं को भलीभांति समझती हूँ और आप सभी के समर्थन से झारखंड के विकास में कांग्रेस पार्टी की अहम भूमिका सुनिश्चित करना चाहती हूँ।÷गांव में लोगों का उत्साह और समर्थन देखकर ममता देवी ने सभी का धन्यवाद किया और क्षेत्र की जनता को कांग्रेस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया। यह जन-संपर्क अभियान झारखंड में कांग्रेस पार्टी की मजबूती और ममता देवी के प्रति जनता के विश्वास को प्रकट करता है।

*एनडीए प्रत्याशी सुनीता के पक्ष में सांसद चंद्रप्रकाश ने जनसंपर्क अभियान चलाया*

## रामगढ़ में विकास किया हूं, विकास करूंगा, विकास के लिये वोट दें : सांसद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का विधानसभा चुनाव को लेकर रामगढ़ में प्रत्याशियों ने पूरी अपनी ताकत झोंक दी है,सुबह से शाम तक मतदाताओं से जनसंपर्क अभियान कर अपने-अपने पक्ष में वोट मांगने की अपील की जा रही है, इस मौके पर गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के द्वारा सुबह से लेकर शाम तक मतदाताओं से मिलकर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में वोट देने की अपील की, इस अवसर पर जगह-जगह में नुक्कड़ चुनाव की सभा की गई,सांसद चंद्र प्रकाश के पहुंचने पर जोरदार तरीके से स्वागत किया गया ह्वकई ग्रामीण क्षेत्रों में सांसद के पहुंचने पर मतदाताओं ने फूल माला पहनाया,ढोल नगाड़ा बजाकर बैंड बाजे के साथ स्वागत किया गया, जनसंपर्क



अभियान के दौरान गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने नुक्कड़ सभा के माध्यम से कहा कि झारखंड में भ्रष्टाचार और लूट-खसोट, आदिवासियों के साथ शोषण करने वाली सरकार को विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकना है इंडिया महागठबंधन ने झारखंडियों को धोखा देने का काम किया है, घुसपैठियों की झारखंड में अपना देने वाली सरकार अब नहीं टिक पाएगी, अब तक 3 वर्षों के कार्यकाल में रामगढ़ की जनता को पूर्व प्रतिनिधियों ने ठगने का काम किया है जिससे अब यहां की जनता भली भांति से समझ चुकी है अब आश्वासन व जनता के साथ धोखाधड़ी करने वालों से सचेत और सावधान रहने की आवश्यकता है, रामगढ़ विधानसभा में बेहतरीन विकास करेगा उसी को वोट दें, उन्होंने अपने संबोधन में आगे बताया कि रामगढ़ में मेरे कार्यकाल में 15 वर्ष पूर्व पानी बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य और सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में जो अद्भुत विकास हुआ है वह आज भी एक मिसाल कायम है, रामगढ़ की जनता इसे कभी भुला नहीं सकती, आगामी रामगढ़ विधानसभा का चुनाव 20 नवंबर को सुनिश्चित है और एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी का चुनाव चिन्ह केला छाप है इस मौके पर रामगढ़ के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो दुलमी पार्षद प्रीति दीवान,अरुण दीवान, प्रखंड के पूर्व प्रमुख सुरेंद्र करमाली,मुखिया शैलेश चौधरी मुखिया नंदू महतो भाजपा नेता इंद्रनाथ साहू दिलीप उपस्थित हुये।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में मनाया गया बाल दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** श्री कृष्ण विद्या मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया गया बाल दिवस और बिरसा मुंडा जयंती। श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ के प्रांगण में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती और बिरसा मुंडा जयंती सह बाल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रशासक एसपी सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी एवं वरिष्ठ शिक्षिका सपना चक्रवर्ती ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण किया साथ में पुष्प अर्पित किया। बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रशासक महोदय एसपी सिन्हा ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। उनके अनुसार हमें बच्चों को निस्वार्थ रूप से प्यार करना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य और समाज की नींव होते हैं, इसलिए उनके उत्थान हेतु हमें हर संभव प्रयास करना चाहिए। आगे बिरसा मुंडा के विषय में बताते हुए उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा को झारखंड का भगवान कहते हैं इसलिए इनका दूसरा नाम भगवान बिरसा पड़ा वे स्वतंत्रता आंदोलन के जुझारू नेता थे। 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा के माध्यम से तरह-तरह के गतिविधियों से अवगत कराया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बालक की तरह प्रार्थना सभा की जो काफी रोचक और आकर्षक रहा चाचा नेहरू जी की यादें इस शायरी के द्वारा स्पष्ट करने का प्रयास किया जो इस प्रकार है अचकन में फूल लगाते थे हमेशा मुस्कुराते थे बच्चों से प्यार जताते थे चाचा नेहरू प्यारे थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे विद्यालय प्रबंध समिति की तरफ से उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं के बीच टॉफी का वितरण किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने सभी बच्चों को बाल दिवस, गुरु नानक जयंती एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती की शुभकामनाएं दी।

## रामगढ पुलिस ने 25 टन कोयला किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ को गुप्त सूचना मिली की कोल माफियाओं के द्वारा माण्डू (कुज्जू) ओ0पी0 अन्तर्गत ग्राम महुआटुंगरी के आस-पास एक ट्रक में अवैध कोयला लोड कर छिपाकर रखा गया है जिसे ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बाहर बेचने के लिए भेजा जा रहा है।पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा पु0अ0नि0 दिगम्बर पाण्डेय, ओ0पी0 प्रभारी माण्डू (कुज्जू) के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा योजनाबद्ध तरीके से रात्रि 11ऱ00 बजे ग्राम महुआटुंगरी के आस-पास अलग-अलग स्थान पर छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में एक चौदह चक्का ट्रक जिसका रजि0 नं0-क्क67ञ्ज-3022 जिसका बिच वाला एक चक्का खुला हुआ को लावारिस हालत में खड़ा कीचड़ में फंसा हुआ पाया। वाहन का तलाशी लेने के क्रम में वाहन के अंदर गाड़ी से संबंधित कागजात एवं डाला का जाँच करने पर करीब 25 टन कच्चा कोयला लोड पाया। ट्रक और उसमें लोड कच्चा कोयला के संबंध में दाबेदारी हेतु काफी देर तक इंतजार किया, परन्तु काफी समय बीत जाने के बाद भी कोई दाबेदार उपस्थित नहीं हुए, जिसे अवैध मानते हुए ट्रक एवं उसमें लोड कच्चा कोयला करीब 25 टन को जप्त किया गया। इस संबंध में माण्डू (कुज्जू) थाना काण्ड सं0-260/24, दिनांक-13/11/2024 धारा-317(2)/3 (5) बी0एन0 एस0, 30 (1) कोल माईन्स एक्ट एवं 33 भारतीय वन अधि0 के अन्तर्गत 08 नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध दर्ज किया गया।

## बाल दिवस के मुबारक मौके पर रिलायंस स्मार्ट पोइंट में प्रतियोगितायें आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ कैंट गोला रोड कुशवाहा धर्मशाला के सामने स्थित रिलायंस स्मार्ट पोइंट में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जन्मदिन व बाल दिवस के अविस्मरणीय अवसर पर बारह वर्ष तक के बच्चों के बीच पांच राउंड में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में स्मार्ट पोइंट के प्रबंधक आदित्य कुमार के द्वारा आगत बच्चों का अभिनंदन किया गया तथा उन्हें खेल प्रतियोगिताओं के नियमों के बारे में उत्साहपूर्ण स्वर में बताया। प्रतिभागियों के रूप में चौबीस बच्चे सम्मिलित हुए थे। उत्साह , जीतने के आवेग और ऊहापोह के बीच पांच राउंड प्रतियोगिताएं चली। निर्णयोपरांत प्रथम स्थान पर अंकित कुमार , द्वितीय स्थान पर प्राची कुमारी तथा तृतीय स्थान पर अंशिका कुमारी रही। अन्य सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतिष्ठान के प्रबंधक आदित्य कुमार ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना प्रकट की। उपस्थित बच्चों में मुख्य रूप से कृष्णा कुमार , वैष्णवी कुमारी , ऋषभ , जयंत , यश , आराध्या , सौम्या, निधी व अन्य सहित सेवारत स्टाफ के रूप में कल्याणी खत्री , सुप्रिया कुमारी सहित विशेष आमंत्रित अतिथि के

## चाचा नेहरू ने विभाजन और आर्थिक चुनौतीयो का सामना करते हुए देश को एक सुत्र में जोडे रखा : राजू यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में गुरुवार को आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में भारत के पुर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जयंती मनाया गया। वहीं सर्वप्रथम पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू, जिन्हें बच्चे प्यार से चाचा नेहरू कहकर बुलाते थे। चाचा नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। चाचा नेहरू कि जयंती बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वहीं पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1947 से 1964 तक देश का नेतृत्व किया। और विभाजन और आर्थिक चुनौतीयो का सामना करते हुए देश को एक सुत्र में जोडे रखा। वहीं इस मौके पर टहल गोप, सुखदेव सोरेन, दीपक यादव,जतरू बेसरा, पप्पू यादव, राधेश्याम बैठा, राजेश रजक,सतिश कुमार, सुनील यादव,अभय,उदय कुमार आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पाकुड़ विधानसभा : अकिल अख्तर के पास अरबों की संपत्ति, निसात आलम व अजहर इस्लाम करोड़पति प्रत्याशी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** पाकुड़ विधानसभा सीट से कुल 16 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। इनमें से तीन प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला माना जा रहा है। कांग्रेस की निसात आलम, समाजवादी पार्टी के अकिल अख्तर और आजसू के अजहर इस्लाम रेस में सबसे आगे बताए जा रहे हैं। हालांकि शेष 13 प्रत्याशी भी अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं और प्रचार प्रसार में लगे हैं। आम लोगों में चर्चा कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आजसू प्रत्याशी की ज्यादा है। ये तीनों प्रत्याशी संपत्ति के मामले में भी लोगों के बीच चर्चा में बने हैं। इनकी संपत्ति हजारों और लाखों में नहीं, बल्कि करोड़ों और अरबों में है। अचल और चल संपत्ति को मिलाकर तीनों प्रत्याशी करोड़ों और अरबों की संपत्ति के मालिक है। इनमें कैश, बैंक में जमा पूंजी, कृषि और गैर कृषि भूमि, बिजनेस पूंजी, जेवरात, मोटर वाहन, विरासत में मिली संपत्ति आदि शामिल है। इन प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन के दौरान हलफनामा में संपत्तियों का जो ब्यौरा दिया गया है, उसमें इन सारी चीजों का उल्लेख किया गया है।


अकिल
का कोलकाता व रांची में अपार्टमेंट


अजहर
का कोलकाता में अपार्टमेंट, पाकुड़ में फार्म हाउस


निसात
के पास बरहरवा में पेट्रोल पंप, रांची में होटल

**अकिल अख्तर के पास कितनी संपत्ति**

पूर्व विधायक अकिल अख्तर चौथी बार किस्मत आजमा रहे हैं और इस बार वे समाजवादी पार्टी के चुनाव चिन्ह पर चुनाव लड़ रहे हैं। अकिल अख्तर ने हलफनामे में संपत्ति का जो ब्यौरा दिया है, उसमें 8 लाख 49,000 रुपए कैश तथा बैंक खाते में 2 लाख 26,000 रुपए दिखाया है। मोटर वाहन का 25 लाख 30,111 रुपए, 9 भर सोना जिसका मूल्य 2 लाख 70,000 रुपए तथा आस्तियां 5 लाख रुपए के बताए गए हैं। इन सब को मिलाकर कुल 43 लाख 75,111 रुपए जोड़ा गया है। अकिल अख्तर के पास बरहरवा में 112 एकड़ कृषि भूमि है। जिसका खरीदने के समय 66 करोड़ 89 लाख 9550 रुपए मूल्य बताया गया है और इसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 125 करोड़ है। ये संपत्तियां साल 1997 से 10 सितंबर 2018 तक अर्जित किए गए हैं। अकिल अख्तर को 15 लख रुपए की विरासत में भी संपत्तियां मिली है। अगर गैर कृषि भूमि की बात करें तो अकिल अख्तर के पास बरहरवा और पाकुड़ ब्लॉक को मिलाकर 40.5 एकड़ जमीन है। ये गैर कृषि संपत्तियां साल 1991 से 2018 तक के हैं। इन संपत्तियों का क्रय मूल्य 9 करोड़ 88 लाख 61,177 रुपए दिखाया गया है। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 125 करोड़ के लगभग है। अकिल अख्तर के बरहरवा, पतना, पाकुड़ के अलावा कोलकाता और रांची जैसे शहरों में भी आवासीय भवन (अपार्टमेंट) की 1 लाख 75,572 स्क्वायर फीट जमीन है। जिसका 47,343 स्क्वायर फीट निर्मित क्षेत्र में है। यह आवासीय भवन की जमीन साल 2004 से 2024 तक में हासिल किया है। इसका क्रय मूल्य 8 करोड़ 23 लाख 19323 रुपए बताए गए हैं। इसका वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 150 करोड़ रुपए हैं। इस तरह कृषि और गैर कृषि भूमि को मिलाकर लगभग 400 करोड़ रुपए की संपत्ति है। अकिल अख्तर साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड के छोटा चांदपुर (हस्तिपाड़ा) गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने धर्मीय विश्वविद्यालय मक्का से साल 1995 में एमए की डिग्री हासिल की है।

**कांग्रेस की निसात आलम की संपत्ति**

कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम करोड़पति के लिस्ट में शामिल है। उन्होंने हलफनामा में जो ब्यौरा दिया है, उसके मुताबिक 5 लाख 50,000 रुपए कैश, बैंक खाते में 77 लाख 27221 रुपए बताया गया है। वहीं सोने के जेवर 330 ग्राम दिखाया है। जिसका मूल्य 23 लाख 10,000 रुपए हैं। इस तरह कैश, बैंक बैलेंस और सोने का जेवर को मिलाकर 01 करोड़ 5 लाख 87,221 रुपए की संपत्ति दिखाया गया है। निसात आलम के पास बरहरवा और गौरीपुर में विरासत में मिले 6 एकड़ तथा 0.133 और 0.0661 एकड़ कृषि भूमि है। ये जमीन साल 2008 से 2021 तक में हासिल दिखाया गया है। इन सबको मिलाकर वर्तमान बाजार मूल्य 84 लाख 50,000 रुपए दर्शाया गया है। कांग्रेस प्रत्याशी के पास बरहरवा में दो बीघा गैर कृषि भूमि भी है। जिसका क्रय मूल्य 3 लाख बताया गया है और वर्तमान बाजार मूल्य 12 लाख रुपए है। पेट्रोल पंप भी कांग्रेस प्रत्याशी के पास होने की जानकारी दी गई है। निसात आलम का रांची हिनू में 4083 वर्ग फीट वाणिज्यिक भवन होटल ईमराल्ड भी है। होटल ईमराल्ड का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 85 लाख रुपए हैं। कांग्रेस प्रत्याशी निसात आलम ने राजकीय मध्य विद्यालय इस्लामपुर साहिबगंज से साल 1981 में अष्टम कक्षा तक पढ़ाई की है।

**आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम भी है करोड़पति**

आजसू प्रत्याशी अजहर इस्लाम के पास भी करोड़ों की चल अचल संपत्ति है। अजहर के हलफनामे में 2 लाख 10,000 रुपए कैश और 28 लाख 39,808 रुपए बैंक बैलेंस दिखाए गए हैं। इसके अलावा 3 करोड़ 30 लाख 76,853 रुपए का मोटर वाहन दिखाया गया है। अजहर इस्लाम के पास 220 ग्राम सोना भी है। जिसका मूल्य 14 लाख 29,700 रुपए है। अजहर के पास 9.5 एकड़ कृषि भूमि भी है। जिसका क्रय मूल्य 01 करोड़ 12 लाख 12,984 रुपए हैं। अरहम नाम से फार्म हाउस भी है, जिसका क्रय मूल्य 15 लाख 14,220 हैं। फार्म हाउस का निर्माण खर्च 31 लाख 61,150 रुपए बताया गया है। इसका कुल वर्तमान बाजार मूल्य 4 करोड़ 60 लाख 11,464 है। अजहर इस्लाम के पास पाकुड़ में 10.548 एकड़ तथा 3.031 एकड़ गैर कृषि भूमि भी है। इन दोनों भूमि का क्रय मूल्य क्रमशः 3 लाख 90,000 तथा 23 लाख 40,000 रुपए बताए गए हैं। अजहर इस्लाम का कोलकाता में करोड़ों का आवासीय भवन मौजूद है। अजहर इस्लाम ने साल 2009 में डीबीएसडी डिग्री कॉलेज सरण जेपी यूनिवर्सिटी छपरा से बीकॉम की डिग्री हासिल की है।

## यूटीआई म्यूचुअल फंड झारखंड के हजारीबाग में खोलेगा नया वित्तीय केंद्र

**रांची/हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी), भारत की अग्रणी एसेट मैनेजमेंट फर्मों में से एक, झारखंड के हजारीबाग में प्रथम तल, धीमान कॉम्प्लेक्स, अन्नदा चौक के पास, यूनियन बैंक के ऊपर, में अपने यूएफसी के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। कंपनी ने 18 नवंबर 2024 को दक्षिण, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में 19 नए यूटीआई वित्तीय केंद्र (यूएफसी) खोलने की घोषणा की है। एमडी और सीईओ इम्तियाजुर रहमान ने कहा, हम रणनीतिक रूप से नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर खोल रहे हैं ताकि हमारे ऑफर की पूरी रेंज तक लोगों की सहज पहुंच सुनिश्चित हो सके। पिछले कुछ सालों में म्यूचुअल फंड निवेश में व्यक्तिगत निवेशकों की भागीदारी में वृद्धि, खासकर बी30 शहरों में, उल्लेखनीय और बहुत उत्साहजनक रही है। हमारा विस्तार अभियान जागरूकता पैदा करने और म्यूचुअल फंड निवेश को सभी के लिए उपलब्ध कराने के हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है।यूटीआई म्यूचुअल फंड एक मजबूत वितरण नेटवर्क के माध्यम से अपने निवेशकों तक पहुंचने के लिए समर्पित है, जिसमें वित्तीय केंद्र (यूएफसी), बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट्स, म्यूचुअल फंड वितरक (एमएफडी) और बैंकों के साथ रणनीतिक साझेदारियां शामिल हैं।

## अंचल अधिकारी शादां नुसरत ने किया विभिन्न चेक नाकों का निरीक्षण



**रानीश्वर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार गुरुवार को अंचल अधिकारी शादां नुसरत ने पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित दिगुली, महिषखाला व जीवनपुर मोड़ पर बने चेकपोस्टों का निरीक्षण किया। बताते चलें कि अंचलाधिकारी शादा नुसरत लगभग प्रतिदिन चेकनाका पर चल रहे वाहन जांच कार्य का निरीक्षण कर रही हैं। गुरुवार को सीओ ने पुलिस बल व होम गार्ड जवानों के साथ चेक नाकों का निरीक्षण किया।

## महादेवगंज में मनाया गया बाल दिवस, बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के महादेवगंज में गुरुवार को राष्ट्रीय बाल दिवस के शुभ अवसर पर ज्ञान भारती कोचिंग संस्था की ओर से मैट्रिक एवं इंटर के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था के प्रधानाध्यापक जनार्दन शर्मा ने बताया कि हमारी कोचिंग संस्था की तरफ से मैट्रिक एवं इंटर में फर्स्ट आये छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम नाटक व क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राएं को मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार के हाथों पुरस्कृत किया गया। वहीं नाटक में प्रथम स्थान रुचि, कुमारी द्वितीय स्थान स्वाति कुमारी व तृतीय स्थान स्नेहा कुमारी और क्विज प्रतियोगिता मे अन्नू कुमारी ने प्रथम द्वितीय रेणु कुमारी व तृतीय स्थान पवन कुमार ने प्राप्त किया द्य वही डांस प्रतियोगिता मे राधा कृष्ण ग्रूप प्रथम द्वितीय संथाली ग्रूप तृतीय स्थान पर छोटा बच्चा ग्रूप ने मिलकर अपना परचम लहराया द्य यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। बच्चों की सहानुभूति को बढ़ाने का काम ज्ञान भारती कोचिंग संस्था करती है। इस कार्यक्रम में बच्चे के अभिभावक के साथ समाज के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।




## रास्ता के विवाद में दो पक्ष में जमकर हुई मारपीट, सात लोग गंभीर रूप से घायल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**साहिबगंज :** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना गांव में बीते गुरुवार की रात जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें दोनो पक्ष के महिला समेत सात लोग घायल हो गया। मुफ़स्सिल थाना पुलिस घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल में अजय शर्मा का पुत्र अमर शर्मा, सोनू शर्मा (30), सचिन शर्मा (22), पुत्री नीतू कुमारी (24) व अंजू कुमारी (17), दूसरे पक्ष के निरंजन प्रसाद शर्मा (54) व पत्नी रेखा देवी (48) है। एक पक्ष के घायल सोनू शर्मा ने बताया कि छह फीट का रास्ता है। इसमे तीन-तीन फीट दोनो पक्ष का है। लेकिन इसमे काम करने के दौरान दूसरे पक्ष के धनंजय शर्मा ने आकर गाली गलौज करने लगा। इसका विरोध करने पर धनंजय शर्मा, मनोज शर्मा, निरंजन शर्मा लाठी-डंडा से प्रहार कर घायल कर दिया। इस दौरान धनंजय शर्मा ने चाकू से हमला कर जख्मी कर दिया है। वही दूसरे पक्ष के निरंजन शर्मा ने प्रथम पक्ष के सोनू शर्मा, विजय शर्मा समेत अन्य लोगो पर मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए बताया कि रास्ता पर वे लोग रास्ता पर बकरी बांधकर रखा था। बोलने पर नही हटाया। जब बकरी को खोल दिया तो वे लोग मारपीट पर उतारू हो गए। इस घटना में उसकी पत्नी रेखा देवी गंभीर रूप से घायल हो गई है। इधर मुफ़स्सिल थाना पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने को डांस, स्केटिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, योगा, रक्तदान व खेल-कूद का होगा आयोजन





प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाकुड़ :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार व पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने गुरुवार को गोपनीय कक्ष में स्वीप कोषांग के साथ बैठक की। बैठक में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आगे की रणनीति, योजना तथा कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया। कहा कि विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार जिला प्रशासन ने जिले का मतदान प्रतिशत 85 पार ले जाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की सहभागिता आवश्यक है। मतदान के महत्व को बताने एवं मतदान दिवस के दिन मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करने पर बल दिया। बैठक में आगामी 16 नवंबर को वोट कार्निवल के सफल आयोजन एवं थीम बूथ की तैयारियां को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से चर्चा किया। इस बाबत संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि वोट कार्निवल के दिन मतदाता शपथ ग्रहण समारोह, डांस, स्केटिंग, बॉक्सिंग, जूडो, कराटे, योगा कार्यक्रम, रक्तदान, खेल कूद प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया जायेगा। मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, विशेष कार्य पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी बसंती ग्लाडियस बाड़ा सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों के लिए खेलकूद व विभिन्न प्रतियोगिता का किया आयोजन

**लिट्टीपाड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय लिट्टीपाड़ा के छात्र-छात्राओं के लिए मांझी विजय मरांडी स्टेडियम में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर खेल कुद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बता दें कि बाल दिवस नेहरू जी के जन्म दिन के अवसर पर आयोजित किया जाता है। नेहरू जी का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। कहा जाता है कि नेहरू जी को बच्चों से विशेष लगाव था। उनका मानना था कि आज के बच्चें ही कल देश के भविष्य हैं। बच्चें प्यार से उन्हें चाचा नेहरू कहा करते थे। उनके जन्मदिन को बच्चों के लिए समर्पित कर दिया गया है। बाल दिवस के अवसर पर खास कर विद्यालयों में तरह तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर लिट्टीपाड़ा के बच्चों के लिए खेल कूद, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता, कुर्सी रेस, गणित रेस, बिस्कुट रेस सहित अन्य खेल का आयोजन किया गया है।

## प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस

**उधवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्लस टू उच्च विद्यालय राधानगर में गुरुवार को बाल दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा जयंत कुमार तिवारी शामिल हुए। इस दौरान बीडीओ श्री तिवारी ने उपस्थित सभी बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी का सिर्फ अभी एक ही लक्ष्य होना चाहिए पढ़ाई और पढ़ाई ऐसी जिससे आप अपने,परिवार,समाज और देश के लिए कुछ कर सकें। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि आगामी लोकतंत्र के महापर्व में भी आप सभी अपने अभिभावक को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। एक-एक मत का बहुत ही महत्व है। इसलिए सभी अपने परिवार के बीच में ये संदेश दें कि मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भूमिका अदा करें। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य रवि कुमार मिश्रा,मनरेगा बीपीओ गगन बापू,सहायक अभियंता विकास कुमार चौधरी, कनीय अभियंता दीप नारायण मंडल सहित अन्य मौजूद थे।





## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, बोकारो।

(पोस्टल बैलेटपेपर एवं PwD कोशांग)

**संशोधित आदेश**

कार्यालय ज्ञापांक–28/पो0बै0पे0को0, दिनांक–21.10.2024 के माध्यम से विधान सभा आम चुनाव, 2024 में विधान सभा क्षेत्रवार डाकमतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि एवं सुविधा केन्द्र पर मतदान करने हेतु निर्धारित किया गया था। साथ ही सुविधा केन्द्रअल–हबीब शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सेक्टर–6/सी, बोकारो एवं इमामूल हई खानलॉ कॉलेज, सेक्टर–06/सी, बोकारो को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाता है। उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए मतदान करने हेतु पुनः तिथि निर्धारित की जाती है जो निम्नवत् है:–

| क्रम0 | तिथि/समय | आवंटित टीम संख्या | जिलाकानाम | विधानसभा क्षेत्र कानाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14.11.2024 से 17.11.2024 पूर्वाह्न 9:30 बजेसे शाम 5:00 बजेतक | 01 | बोकारो | 34–गोमिया | टाउनहॉल, बोकारो। |
| | | | सहेबगंज | 01–राजमहल | |
| | | | | 02–बोरियो | |
| | | | | 03–बरहेट | |
| | | | पाकुड़ | 04–लिटीपाड़ा | |
| | | | | 05–पाकुड़ | |
| | | | | 06–महेशपुर | |
| | | | जामताड़ा | 07–शिकाडीपाड़ी | |
| | | | | 08–नाला | |
| | | | | 09–जामताड़ा | |
| 2 | 14.11.2024 से 17.11.2024 पूर्वाह्न 9:30 बजेसे शाम 5:00 बजेतक | 02 | बोकारो | 35–बेरमो | टाउनहॉल, बोकारो। |
| | | | दुमका | 10–दुमका | |
| | | | | 11–जामा | |
| | | | | 12–जरमुंडी | |
| | | | देवघर | 13–मधुपूर | |
| | | | | 14–सारठ | |
| | | | | 15–देवघर | |
| 3 | 14.11.2024 से 17.11.2024 पूर्वाह्न 9:30 बजेसे शाम 5:00 बजेतक | 03 | बोकारो | 36–बोकारो | टाउनहॉल, बोकारो। |
| | | | गोड्डा | 16–पोरेयाहाट | |
| | | | | 17–गोड्डा | |
| | | | | 18–महगामा | |
| | | | रामगढ | 23–रामगढ | |
| | | | हजारीबाग | 24–मान्डु | |
| | | | गिरिडीह | 28–धनवार | |
| | | | | 29–बगोदर | |
| | | | | 30–जमुआ | |
| | | | | 31–गाण्डेय | |
| | | | | 32–गिरिडीह | |
| | | | | 33–डुमरी | |
| 4 | 14.11.2024 से 17.11.2024 पूर्वाह्न 9:30 बजेसे शाम 5:00 बजेतक | 04 | बोकारो | 37–चन्दनकियारी | टाउनहॉल, बोकारो। |
| | | | धनबाद | 38–सिदरी | |
| | | | | 39–निरसा | |
| | | | | 40–धनबाद | |
| | | | | 41–झरिया | |
| | | | | 42–टुण्डी | |
| | | | | 43–बाघमारा | |
| | | | राँची | 61–सिल्ली | |
| | | | | 62–खिजरी | |
| 5 | 16.11.2024 पूर्वाह्न 9:30 बजेसे शाम 5:00 बजेतक | | | 36–बोकारो | होमवोटिंग |

शेष पूर्व का आदेश यथावत् रहेंगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त, बोकारो।

PR 340121 Election(24-25)D

# ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में मनाया गया बाल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** रियाडा के पीछे स्थित ब्लूमिंग बर्ड्स पब्लिक स्कूल लोहरदगा में बाल दिवस बहुत ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू की फोटो में माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद विद्यालय के सभी बच्चों के द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर केक काटा गया उसके बाद विद्यालय के संचालक मुकेश कुमार गुप्ता ने बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं बाल दिवस के बारे में बताया साथ ही साथ दो कहानियां भी सुनाई जिसमें एक गुरु और तीन शिष्य की कहानी थी कहानी में यह बताया की कार्य को लक्ष्य की प्राप्ति तक जारी रखना चाहिए तथा यह भी बताया कि प्रत्येक मनुष्य का मन दो घोड़े के समान होता हैं जिसमें एक सकारात्मक एवं एक नकारात्मक होता है विद्यालय के संचालक ने बच्चों को सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों घोड़े के बारे में बताया कि सकारात्मक घोड़ा हमेशा कार्य करने के लिए प्रेरित करता है एवं नकारात्मक घोड़ा कार्य से भागने की ओर प्रेरित करता है प्रत्येक विद्यार्थी को ही निर्धारित करना होता है कि उसे किस घोड़े की सवारी करनी है। साथ ही साथ यह भी कहा के प्रत्येक विद्यार्थी को अपने माता-पिता का कहना आवश्यक मानना चाहिए एवं जो भी कार्य माता-पिता बोले कम से कम उसे करने का प्रयत्न करना चाहिए। विद्यालय की शिक्षिका शहजादी खातून के द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष पर एक कविता भी प्रस्तुत किया गया। उसके बाद विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा म्यूजिकल चेयर, बैलून रेस एवं तरह-तरह के मनोरंजक खेल भी खेले गए। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के सभी बच्चों को विद्यालय के संचालक के द्वारा बैलून एवं उपहार वितरण के साथ किया गया एवं अभिभावक गण को इस अवसर पर केक खिलाया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी साहू शिक्षिकाएं शहजादी खातून, मुन्नी देवी, रोजलीन लकड़ा, एलिस लकड़ा, नीलम देवी, पायल कुमारी, राजकुमारी देवी, प्रेम मुनी देवी इत्यादि उपस्थित थे।

## लोहरदगा में इण्डिया गठबंधन भारी मतों से विजयी होगी : हाजी शकील अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को लोहरदगा ज़िला कांग्रेस की अहम बैठक की गई जिसमें बीते लोहरदगा विधानसभा चुनाव की परिचर्चा की गई।इस चुनाव के बाद कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के बीच काफ़ी उत्साह एवं खुशी देखी गई है। बैठक में कार्यकारी ज़िलाध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने सभी पार्टी पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठ एवं कार्यकर्ताओं को ज़िला कांग्रेस कमिटी की ओर से मेहनत ईमानदारी एवं समर्पित पूर्वक कार्य करने के लिए आभार जताया और कहा कि इंडिया गठबंधन की लहर खूब चली एवं लोहरदगा की जनता ने आपार जनसमर्थन दिया है। इसबार लोहरदगा से गठबंधन दल के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उराँव 30 हज़ार से अधिक वोटों से विजयी होंगे। लोहरदगा की जनता के लिए उनके द्वारा किये गए कार्य एवं गठबंधन सरकार के द्वारा किये गए लोक कल्याणकारी कार्य का और उनके कार्यों से आम जनता बहुत ही अधिक प्रभावित हुई है। जिसका जी परिणाम है कि आज लोहरदगा की जनता ने 73 प्रतिशत से अधिक मतदान के रूप में अपना आशीर्वाद दिया है। वर्तमान विधानसभा चुनाव सभी समाज वर्ग युवा, बुजुर्ग, महिला का सहयोग प्राप्त हुआ जिसके फलस्वरूप परिणाम काफ़ी सकारात्मक रहा, चुनावी महासमर के पश्चात लोहरदगा की जनता का मिज़ाज काफ़ी हर्षपूर्वक देखा जा सकता है।

## आम मतदाताओ, पार्टी समर्थित कार्यकर्ताओ एवं मिडियाकर्मियो को दिया धन्यवाद : धीरज प्रसाद साहू



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवम्बर को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने लोहरदगा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। आभार संदेश में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न होने पर समाज के हर वर्ग, पार्टी के सभी कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओ, गठबंधन के साथियों एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, एवं वेब मीडिया प्रतिनिधियों सहित लोहरदगा विधान सभा के मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि भविष्य में होने वाले राष्ट्रीय महत्व के चुनाव कार्यों में इसी प्रकार से सभी का सहयोग मिलता रहेगा। विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुवे कहा है कठिन परिस्थितियों में चुनाव जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में अपने दायित्वों का निर्वहन कर अपना सराहनीय सहयोग दिया है। लोहरदगा की जनता ने रिकार्डतोड़ 73.2त्न मतदान कर जी भरोषा दिखाया है तथा जनता ने जो विश्वास दिखाया है उसपर मैं खरा उतरूंगा।

## लोहरदगा विधानसभा में 73.2 प्रतिशत मतदान के लिये मतदाताओं का दिल से आभार : डॉ. रामेश्वर उरांव



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गठबंधन के प्रत्यासी डॉ0 रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा की जनता का आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि मैं हृदय से आप सभी के प्रति कृतज्ञ हूं कि विधानसभा के इस चुनाव में आप ने पिछले बार की तरह मुझमें अपना विश्वास एक बार फिर व्यक्त किया। कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता के अलावा गठबंधन के झामुमो व माले के साथियों ने भी जिस तरह मेरी जीत के लिए परिश्रम किया,उसके लिए मैं सच्चे मन से सबकी आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मेरा जीवन आप सबके सामने एक खुली किताब की तरह रहा है। मैंने अपने इस वृहद परिवार का हर तरह से ख्याल रखने का हमेशा प्रयास किया हे। मैं जानता हूं कि आने वाले दिन और मुश्किल भरे तथा चुनौती पूर्ण रहने वाला हैं। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि आपके समर्थन और विश्वास की शक्ति के सहारे कांग्रेस हर चुनौती को पार करेगी। आपसे मिले प्रेम, स्नेह और समर्थन के लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद।

## पुर्व मंत्री सधनु भगत को कैरो प्रखंड भाजपाईयों ने गहरा शोक व्यक्त कर दिया श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** कैरो प्रखंड भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अगुवाई में प्रखंड भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड सरकार के पुर्व मंत्री दिवंगत श्री सधनु भगत को श्रद्धांजलि देकर किया 02 मिनट का मौन धारण, ईश्वर से पुण्य आत्मा को शांति प्रदान का किया कामना। इस अवसर पर उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से दिवंगत पुर्व मंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। और कहा कि हमने लोहरदगा से एक ईमानदार, जुझारु,लोकप्रिय नेता खो दिया है,जिसकी भरपाई भविष्य में असम्भव है। वक्ताओं ने कहा कि दिवंगत सधनु भगत का जन्म 19 जनवरी 1946 को कुडु प्रखंड चून्द जरियो गाँव में एक गरीब किसान के यहाँ हूआ था, सन्न 2000 से पहले अलग राज्य निर्माण के लिए वे सतत अन्दोलन करते रहे, परिणाम स्वरूप केंद्र में अटल जी की सरकार बनते ही सधनु भगत जी का सपना 2000 ई0 मे पुरा हूआ और राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबुलाल मराण्डी के सरकार केविनेट मंत्री बने। वक्ताओं ने कहा सन्न 2004 में सढाबे पंचायत में प्रदान जैसी स्वयं सेवी संस्था ग्रामीण किसानो को बुढे और बीमार गाय बैंक से ऋण दिलवाकर भोले भाले किसानो को कर्ज से गला दबाने का प्रयास किया तब सधनु भगत ने ही प्रदान जैसी स्वयंसेवी संगठन को खदेडकर ग्रामीण किसानो को कर्ज से मुक्ति दिलाने का कार्य किया। पुर्व मंत्री ने अपने कार्यकाल मे प्रखंड क्षेत्र मे सड़क, पुल-पुलिया, भवन, लिफ्ट एरिगेशन जैसे कई अनेक विकास कार्य किया जिसे प्रखंड क्षेत्र की जनता सदैव ऋणी रहेगी। उक्त अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो, जिला मंत्री कैलाश महतो, जनजाति मोर्चा प्रदेश सद्स्य बजरंग उरांव, निवर्तमान प्रखंड अध्यक्ष लखन उराँव, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू, विशेश्वर प्रसाद दीन, विवेक प्रजापति, राजेन्द्र सोनी, चिखु पहान, मनबोध हजाम, राजेश सोनी, लाखो उराँव, पुनई उराँव, शिवनारायण सिंह, रविनन्द्न शुक्ला, वीरेंद्र साहू इत्यादि श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे उपस्थित थे।

## मतदान के बाद ऑब्जर्वर के समक्ष की गई स्क्रुटनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** 70-सिमडेगा और 71- कोलेबिरा विधानसभा में मतदान के बाद 70-सिमडेगा सामान्य प्रेक्षक श्री सी0 रवि शंकर, एवं 71-कोलेबिरा सामान्य प्रेक्षक श्री गंधम चंद्रूडू की मौजूदगी में स्क्रुटनी किया गया। बता दें कि पहले चरण के मतदान की समाप्ति के बाद सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान मतदान प्रक्रिया को लेकर आज सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा स्थित रिसीविंग सेंटर में जेनरल ऑब्जर्वर के सामने प्रत्याशियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों के मतदान प्रक्रिया सम्बंधी दस्तावेजों की स्क्रुटनी की गई। इस दौरान जनरल आब्जर्वर के द्वारा सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा के सभी प्रत्याशियों सभी प्रपत्रों की समीक्षा करते हुए आवश्यक जानकारी दी गई। स्क्रुटनी के बाद दोनों क्षेत्र विधानसभा के ईवीएम मशीन को बज्र गृह रूम में सील किया गया। सभी पॉलिटिकल पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा भी पेपर में हस्ताक्षर कर दरवाजे पर चिपकाते हुए सील किया गया। इस दौरान दोनों विधानसभा क्षेत्र के आर0ओ0 सहित प्रत्याशी एवं प्रत्याशी के प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन व मतदाताओं का किया आभार : नीरू शांति भगत



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा का चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। जिस प्रकार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की मुझ पर स्नेह और प्यार की बारिश हुई, एनडीए के सभी घटक दलों के सभी आदरणीय पदाधिकारियों, कार्य कर्ताओं, एवं समर्थकों का जो मुझे तन-मन-धन और बहुमूल्य समय का समर्थन मिला उसके लिए मैं सभी को नमन करती हूं और उनके प्रति आभार प्रकट करती हूं। साथ ही चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निश्पक्ष चुनाव संपन्न करानेवाले जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी एवं कर्मियों तथा सभी मतदानकर्मियों का भी मैं हार्दिक आभार प्रकट करती हूं। सभी ने भलीभाँति अपनी कर्ताव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। मैं जिले के सभी मीडियाकर्मी बन्धुओं का हृदय से आभारी हूँ क्योंकि उन्होंने इमानदारी के साथ अपनी अमिट लेखनी से सारगर्भित ढंग से मतदाताओं को जागरूक कर हम प्रत्याशियों की अपील और पार्टी की नीति-सिद्धांत को जन-जन तक पहुँचाने की महत्त्वपूर्ण कृपा की है। पुनः मैं सभी के प्रति अपनी ओर से आभार,एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जोहार, नमस्कर,आदाब और प्रणाम प्रेषित करती हूं।

## बाल दिवस पर ड्राइंग, पेंटिंग, कविता, लेख, निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में बाल दिवस का कार्यक्रम सचिव श्री चंदन भारती के अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्राचार्य श्रीमती जयमंती कुमारी के द्वारा दीपप्रज्वलन कर किया गया।इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।कार्यक्रम में ड्राइंग, पेंटिंग, कविता, लेख निबंध आदि की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें कक्षा 10 से आयशा परवीन और सोफिया प्रवीण, कक्षा 9 से सर्वानी समृद्धि, कुमारी दीपिका शर्मा,अंजली कुमारी,कक्षा 8 से मुसद्दीक ताज, आफिया परवीन, रुद्र कुमार साहू, शिफा प्रवीण,कक्षा 7 से अदीबा अहमद,आफरीन खातून ,शिल्पीता गांगुली, कक्षा 6 से आलिया अनवर, गैस फिरदौस, आरिफा अहमद और अफीफा मेराज, समायरा शहजादी, कक्षा 5 से तानीश हबीबा, आलिया अंजुम, आलिया फारूकी, कक्षा 4 से सक्षम साहू, गुलहेना यासमीन, अयमान आफिया, कक्षा 3 से मौसमी कुमारी, गौसिया, सफक सबा, आयिजा अहमद, कक्षा 2 से इंशा परवीन, मीर अली, अमरीन खान, आजीन आरिफ ने जवाहरलाल नेहरू से संबंधित कार्यक्रम में भाग लिया इस कार्यक्रम में जयमंति कुमारी, सरस्वती सिंह, आभा कुजूर, अनामिका भारती, उमा मिश्रा, आशा दास, डोरोथी खलखो, अपर्णा सिन्हा, सविता कुमारी, सुमन लकड़ा, कंचन मेहता, काजल साहू, सिद्दीका परवीन, संगीता वर्मा, उर्मिला एक्का आदि शिक्षिकाएँ उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को टॉफी बिस्किट वितरित किया गया।

## हेमंत सोरेन की सरकार में फिर से एक बार अफसर साही हावी, नहीं मिला सधनू भगत को सम्मान : प्रवीण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा नेता प्रवीण कुमार सिंह ने पत्रकारों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उन्होंने बतलाया कि हेमंत सोरेन की सरकार में फिर से एक बार अफसर शाही देखने को मिली पूर्व मंत्री स्व. सधनू भगत को भी सरकार और अफसर राजनीति चश्मे से देखे जबकि उनको एक बडा आंदोलन कारी एवं जनप्रतिनिधि के रूप में देखना चाहिए था। स्व.सधनू भगत शिबू सोरेन के आंदोलन के दिनों से केंद्रीय सचिव एवं कार्यालय सचिव का काम किया एवं शिबू सोरेन से कदम मिला कर अलग राज्य आंदोलन को बल दिया फिर हमलोग खास तौर पे मैं और स्व. सधनू भगत 1986 को नवम्बर माह में एक गैर राजनीति दल वनांचल जागरण परिषद बनाया जिसके केंद्रीय अध्यक्ष स्व. सधनू भगत एवं मैं केंद्रीय महासचिव बना और अवैध रूप से दखल किए हुए 6 हजार एकड़ जमीन हमलोगों ने आदिवासियों का आंदोलन कर वापस कराया फिर वो भाजपा में आये और 1995 में भाजपा में आये फिर विधायक बने फिर सन् 2000 में विधायक बने और बाबूलाल जी के सरकार में कैबिनेट मंत्री बने शायद हेमंत सरकार को यही बात चुभती रही तब तो आदिवासी को सम्मान देने का हल्ला करने वाली सरकार एवं आदिवासी जन प्रतिनिधि के मृत्यु के बाद प्रशासन की ओर से कोई सम्मान नही दिया गया। जबकि जब हमलोग सरकार में थे तो स्व. शिवप्रसाद साहु जी के मृत्यु के बाद हमलोगो ने 2 घंटे के अंदर गार्ड ऑफ ऑनर देने का आदेश निकलवाया वे रांची के पूर्व सांसद थे फिर स्व. कमल किशोर भगत जी पूर्व विधायक को यह दिया गया परन्तु एक जननायक को यह गुंगी बहरी सरकार एवं उसकी अफसर शाही ने मृत्यु के बाद बेइज्जत करने का कार्य किया है। इसको हमलोग चुनौती के रूप में लेंगे।

## भाजपा कार्यकर्ता पर हमले की घटना पर भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद ने किया प्रेस कांफ्रेंस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** चुनाव संपन्न होने के पश्चात पाकरटांड़ के भाजपा कार्यकर्ता हुन्दू साहु को झापा नेता अरविंद एक्का द्वारा मारकर घायल कर दिया गया था। इस मुद्दे पर भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा द्वारा आज प्रेस कांफ्रेंस कर प्रसाशन से आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की गई। प्रेस कांफ्रेंस में श्रद्धानन्द बेसरा ने कहा कि स्वास्थ्य लोकतंत्र इस तरह की घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है चुनाव सम्पन्न होने के बाद घात लगाकर भाजपा कार्यकर्ता को इस तरह से जानलेवा हमला करना विपक्षी पार्टियों के हताशा को दर्शाता है पर भाजपा कार्यकर्ता अडिग और निडर है ऐसे हमलों से भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं होगा बल्कि और शक्ति से वह क्षेत्र में जनता के बीच मौजूद रहेंगे, ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के कार्यकर्ताओं पर झारखंड पार्टी को कार्रवाई कर उन्हें अभिलंब पार्टी से निकलना चाहिए और प्रशासन से भारतीय जनता पार्टी मांग करती है कि आरोपी की जल्द गिरफ्तारी हो। प्रेस कांफ्रेंस में मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय शर्मा जिला मंत्री तुलसी साहु नगर महामंत्री संटू गुप्ता नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष करन सिंह महाबीर बड़ाईक मौजूद थे।

## आजसू की होगी प्रचंड बहुमत के साथ जीत, समीक्षा बैठक में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को दी बधाई



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड लोहरदगा में मतदान के बाद समीक्षा बैठक जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती की अध्यक्षता में रखी गई। एक एक बूथ की समीक्षा की गई। कई दौर की समीक्षा बैठक, अलग-अलग प्रखंड, पंचायत की समीक्षा करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि आजसू अच्छी जीत दर्ज करेगी। जिसमें जिला इकाई के सभी पदाधिकारी,संयोजक मंडलीके संयोजक, प्रखंड अध्यक्ष, सचिव, प्रखंड प्रभारी, नगर अध्यक्ष, सचिव आदि उपस्थित रहे। एक-एक बूथ की समीक्षा की गई। बुथ की समीक्षा के बाद यह निष्कर्ष निकला कि आजसू पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ लोहरदगा विधानसभा जीत रही है। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती सभी कार्यकर्ताओं को जिला कमेटी, महिला इकाई, बुद्धिजीवी मंच, युवा मोर्चा के सभी सदस्य, नगर कमिटी के सभी सदस्यों, मुस्लिम प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के सभी सदस्यों, आदि सभी प्रकोष्ठों के सदस्यों को इस चुनाव में पुरजोर मेहनत करने के लिए धन्यवाद देते हुए जीत की मुबारकबाद दी। आजसू जिला कमेटी लोहरदगा जिला के तमाम नागरिकों का शुभचिंतकों का पत्रकार बंधुओ का पुलिस कर्मियों का मतदान कर्मियों का आभार व्यक्त की कि उनके मेहनत से लोहरदगा जिला शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ। आजसू पार्टी अपने सभी समर्थकों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करती है। जिन्होंने हमें जीत के मुकाम तक पहुंचाया। उनका बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद। आज हम वैसे कार्यकर्ताओं एवं जनता से क्षमा प्रार्थी हैं जिन तक हमारी पहुंच नहीं बन पाई पर उन्होंने हमें पुरजोर समर्थन दिया ।हम उनके आभारी हैं जिन्होंने धन बल को किनारे कर हमें से चुना। जन सेवा से आई एनडीए प्रत्याशी जनता तक पहुंच बनाने की पुरजोर कोशिश की फिर भी कुछ जगह हम नहीं पहुंच पाए।

## भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया जीत का दावा, मतदाताओं को दी बधाई

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सिमडेगा जिला में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं मतदाताओं मतदान कर्मियों सभी पदाधिकारी कर्मचारी पुलिस कर्मी पुलिस प्रसाशन के पदाधिकारी केंद्रीय सुरक्षा बल सहित सिमडेगा की जनता मीडिया के सभी बंधुओं को जिले में शांतिपूर्ण मतदान होने पर बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि सिमडेगा विधानसभा की जनता इतिहास रच चुकी है, भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा विधानसभा चुनाव जीत रही है, जनता का जो आशिर्वाद मुझे भाजपा प्रत्याशी के रूप में मिला है उसके लिये मै सभी मतदाताओं को आभार व्यक्त करता हूँ,जनता के मदद के लिए मै हमेशा तैयार रहूंगा अब सिमडेगा में जनता की सरकार होगी। प्रेस कांग्रेस में मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता जिला मंत्री तुलसी साहू जिला उपाध्यक्ष संजय शर्मा नगर महामंत्री संटू गुप्ता नगर युवा अध्यक्ष करण सिंह गणेश पातर मौजूद थे।

# झारखंड माटी के लाल सधनु भगत को भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय में अश्रुपूर्ण नेत्रो से दी अंतिम विदाई

## वरिष्ठ भाजपा नेता सधनु भगत के पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे से ढक कर फूल माला से दिया सम्मान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, प्रखर वक्ता, झारखंड आंदोलन कारी, झारखंड के माटी के लाल, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता स्व.सधनु भगत के पार्थिव को गुरुवार की सुबह ब्लॉक मोड़ स्थित उनके आवास से शव वाहन से बक्सी डीपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय लाया गया। जहाँ उनके पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे में लपेटा गया इसके बाद जिला अध्यक्ष मनीर उराँव के साथ सभी भाजपा कार्यकताओ द्वारा फूल माला से पुष्पार्चन कर अश्रुपूरित नेत्रो से उन्हें अंतिम विदाई दी गयी। मौके पर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे पार्टी का एक अभिभावक, मार्गदर्शक हम सबों को छोड़ कर बहुत दूर चले गए ।इसकी क्षती पूर्ति असम्भव है।विदित हो कि 78 वर्षीय भाजपा नेता सधनु भगत का निधन बुधवार को सुबह 9 बजे उनके लोहरदगा ब्लोकमोड स्थित आवास में हो गयी थी। उन्हें कुछ दिनों से सांस की समस्या थी,पार्टी कार्यालय से शव वाहन से उनके पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओ ने मोटरसाइकिल एवम चारपहिया वाहन में सवार हो कर जुलूस के शक्ल में अगुवाई करते हुए एवम सधनु भगत अमर रहे नारा लगाते हुए पैतृक मकान हेसल बसार डीह ले जाया गया। जहाँ उन्हें अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उराँव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश उराँव, वनवासी कल्यान केन्द्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, विशुनपुर विधानसभा प्रत्याशी समीर उराँव, सिसई एवम विशुनपुर विधानसभा चुनाव प्रभारी सह पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, खूंटी विधानसभा चुनाव प्रभारी ओम सिंह, एस्टी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उराँव, लोहरदगा विधानसभा एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत,युवा मोर्च प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, त्रिवेणी दास, अजय मित्तल चंद्र शेखर अग्रवाल, ब्रजबिहारी प्रसाद, राजमोहन राम राकेश प्रसाद, लालनवल नाथ साहदेव, राजकिशोर महतो मुरारी खत्री, विनोद राय, परमेश्वर साव महामंत्री अजय पंकज, हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, जगनन्दन पौराणिक, सरिता देवी, पशुपति नाथ पारस, संजय प्रसाद,मीना बाखला,बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, विजय सोनी सुरेश लोहरा, ओम गुप्ता, लक्ष्मी नारायण भगत, कलावती देवी, अशोक साहू, बाल्मीकि कुमार, मिथुन तमेडा, विवेक चौहान, राजकुमार मुंडा, सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल थे। **सधनु भगत ने अलग झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई :** लोहरदगा 19 जनवरी 1946 को लोहरदगा जिले के हेसल बसारडीह में किसान परिवार में जन्मे सधनु भगत स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर बिरसा सेवा दल से जुड़कर सामाजिक जीवन की शुरुवात की।इसके बाद उन्होंने दिशुम गुरु शिबू सोरेन के संपर्क में आये और झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गए।दिसुम गुरु ने उन्हें पार्टी का सचिव बनाया,इसके बाद सधनु भगत शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। सधनु भगत 1994 में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए,उस समय अलग वनांचल को लेकर पार्टी द्वारा भी जोरदार आंदोलन चलाया जा रहा था, संधनु भगत ने पार्टी में शामिल होने के बाद आंदोलन में जान फूंक दी। **लोहरदगा विधानसभा से जीत दर्ज कर पहली बार लोहरदगा में कमल खिलाये सधनु भगत :** लोहरदगा भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के बाद सधनु भगत के संगठन एवम अलग वनांचल आंदोलन में उनके कार्यो को देखते हुए 1995 के विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें लोहरदगा विधानसभा से अपना उम्मीदवार बनाया। चुनाव में कांग्रेस एवम भारतीय जनता पार्टी के बीच कड़ी टक्कर में सधनु भगत ने कांग्रेस के कई बार विधायक रहे इंद्रनाथ भगत को लगभग 2800 वोट से हरा कर लोहरदगा विधान सभा मे पहली बार कमल खिलाये और एकीकृत बिहार के विधायक बने। सन 2000 ईसवी के विधान सभा चुनाव में उन्हें पुनः लोहरदगा विधान सभा चुनाव में टिकट मिला और कांग्रेस के उम्मीदवार को हरा कर विधायक बने।15 नवम्बर 2000 को अलग झारखंड में मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में परिवहन एवम भवन विभाग का मंत्री बने। इसके बाद उसी कार्यकाल में मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के मंत्रिमंडल में श्रमनियोजन एवम प्रशिक्षण विभाग के मंत्री बने। **शराबबंदी को लेकर भी आंदोलनरत रहे सधनु भगत :** लोहरदगा आदिवासी नेता होने के कारण आदिवासियों के हक अधिकार, शिक्षा, शराबबंदी एवम संस्कृति की रक्षा को लेकर भी आंदोलनरत रहे। प्रखर वक्ता के रूप में जाने जाने वाले सधनु भगत राजनीति जीवन के साथ सामाजिक जीवन को साथ ले कर चलते रहे।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में आदिवासी समाज के बीच बैठक कर उन्हें अपने सांस्कृतिक रक्षा, बच्चों को शिक्षा, शराब बंदी एवम सामाजिक कुरीतियों को लेकर आजीवन अलख जागते रहे।

चलते चलते एक नजर

## शान्तिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर डीसी ने जताया आभार



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत निर्वाचन आयोग के सभी गाइडलाइंस का अनुपालन करते हुए निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों को किया गया जिसमें सभी मतदाताओं, आम नागरिकों, मतदानकर्मियों, पुलिस के पदाधिकारियों एवं जवानों का अपेक्षित सहयोग मिला। जिसके कारण विधानसभा आम चुनाव 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सका। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शेखर जमुआर एवं पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने गढ़वा में शान्तिपूर्ण रुप से विधानसभा चुनाव संपन्न होने पर संयुक्त रुप से बुधवार की रात्रि मीडिया से बातचीत में कही। उन्होने बताया कि गढ़वा जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र का कुल मतदान प्रतिशत 68.42: दर्ज की गई। इसमें 80 गढ़वा का मतदान प्रतिशत 68.59 जबकि 81 भवनाथपुर का 68.26 प्रतिशत रहा। पुलिस अधीक्षक ने भी अपने संबोधन में मतदान प्रक्रिया में सहयोग करने के लिए जिले के मतदाताओं, मतदान कर्मियों, सुरक्षा में संलग्न जवानों को धन्यवाद कहा। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पर्याप्त संख्या में सुरक्षा जवानों को तैनात किया गया था। चुनाव प्रकिया के दरम्यान किसी भी प्रकार की ऐसी शिकायत नही आई जिसमे प्राथमिकी दर्ज की जाय।

## भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती के अवसर पर बनाई पेंटिंग



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भगवान बिरसा मुंडा की 149वीं जयंती के अवसर पर माटी चित्रकार महावीर शामी ने बोकारो जिला अंतर्गत कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित रणविजय रोशन पब्लिक स्कूल में विशेष चित्र तैयार किया। इसमें बिरसा मुंडा के साथ-साथ झारखंड के सभी जिलों को दर्शाते हुए राज्य का मानचित्र तथा झारखंड की संस्कृति को प्रदर्शित किया गया है। बिरसा मुंडा का यह आकर्षक चित्र क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ब?ी संख्या में लोग इसे देखने पहुंचे तथा महावीर शामी की कलाकारी की भूरिभूरी प्रशंसा की। संस्कार एजुकेशनल सोसायटी की सचिव विभा पांडेय ने महावीर शामी को इसके लिए बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# गढ़वा-भवनाथपुर में दिखा तीर धनुष का जलवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** 13 नवंबर को प्रथम चरण के चुनाव समाप्त होने के बाद वोट का जोड़-घटाव शुरू हो गया है। लोग चर्चाओं में मशगुल हो गए हैं। सबसे ज्यादा चर्चा गढ़वा जिले में हो रही है। यहां इस बात को लेकर गरमा गरम चर्चा है कि गढ़वा जिले का दोनों सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में चला गया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मिथिलेश ठाकुर पुनः रिपीट करने जा रहे हैं। यहां के लोगों का कहना है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर के साथ सभी वर्ग और धर्म के लोगों का जुड़ाव है। उनके पक्ष में पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के महिलाओं का जुड़ाव भी साफ देखा गया। इसका मुख्य कारण मुख्यमंत्री मैया समान योजना है। मुख्यमंत्री मैया सम्मान योजना का

**गढ़वा जिले के दो विस सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है और मतगणना 23 को है पर अभी से ही लोगों में जीत हार की गणित बैठाने का दौर शुरू हो चुका है कि किसके सर सजेगा ताज**




प्रभाव यहां साफ दिखा। यही कारण है कि महिलाओं का झुकाव झारखंड मुक्ति मोर्चा और मिथिलेश ठाकुर की तरफ रहा। इस विधानसभा क्षेत्र के युवा वर्ग का भी झुकाव मिथिलेश ठाकुर की तरफ रहा। यहां के युवाओं का कहना है कि 5 वर्षों में मिथिलेश ठाकुर ने पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। कोई भी गांव या पंचायत ऐसा नहीं है, जहां मिथिलेश ठाकुर के द्वारा विकास की किरण नहीं पहुंचाई गई है।

इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आजादी के बाद जितना विकास कार्य मिथिलेश ठाकुर ने 5 वर्षों में किया है उतना विकास कार्य अभी तक किसी विधायक ने नहीं किया। यही कारण है कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी मिथिलेश ठाकुर की ओर लोगों का झुकाव रहा। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों का कहना है कि हम लोग के सुख और दुख में 24 घंटे मिथिलेश ठाकुर खड़ा रहते हैं। जब भी किसी को कोई दिक्कत हो बीमारी हो या कोई भी आपातकालीन सेवा हो मिथिलेश ठाकुर तुरंत उसके लिए तत्पर और तैयार रहते हैं। इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों का रुझान पूरी तरह से मिथिलेश ठाकुर के प्रति देखा गया। गढ़वा जिले के भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में भी झारखंड मुक्ति मोर्चा का जलवा देखने-सुनने को मिल रहा है। यहां के लोगों का कहना है कि भवनाथपुर विधानसभा से इस बार अनंत प्रताप देव बाजी मार रहे हैं। आनंद प्रताप देव झारखंड मुक्ति मोर्चा के टिकट पर यहां से चुनाव लड़े हैं। यहां आनंद प्रताप देव को लेकर काफी चर्चा हो रही है। लोग जोड़ घटाव करके इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि देव का पड़ा यहां से भरी है।

## पीएम मोदी महाराष्ट्र के 1 लाख बूथों के प्रमुखों के साथ संवाद स्थापित करेंगे

**मुंबई :** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह महाराष्ट्र के एक लाख बूथ प्रमुखों से नमो ऐप और आनलाइन संवाद करेंगे। महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा कार्यालय के प्रवक्ता के अनुसार प्रधानमंत्री ने कहा है कि विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए पार्टी का प्रत्येक समर्पित कार्यकर्ता अथक प्रयास कर रहा है। इसलिए मैं 16 नवंबर को 1 लाख बूथ अध्यक्षों के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हूं। प्रदेश भाजपा की ओर से शनिवार को मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नमो ऐप और ऑनलाइन माध्य से राज्य के एक लाख बूथ प्रमुखों से संवाद करके उन्हें उनकी भूमिका भी समझाएंगे।

# एमएसए स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एमएसए पब्लिक स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई।

कार्यक्रम का शुरूआत स्कूल संस्थापक मों शफ़ीक अंसारी व सभी क्षिक्षकों ने महान विभूति जवाहर लाल नेहरू की फोटो पर पुष्प अर्पित कर किए। स्कूल संस्थापक मो शफ़ीक अंसारी ने बताया कि पंडित नेहरू का बच्चों से विशेष लगाव था, इसी वजह से बच्चे उन्हें चाचा कहकर पुकारते थे. उन्होंने कहा कि उनके प्रधानमंत्री के कार्यकाल में संसाधनों की कमी थी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने देश को एक दिशा प्रदान की है। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से उभार कर कर देश की नींव रखी है. उन्हीं की वजह से देश मोमबत्ती से चंद्रयान तक पहुंचा है। प्रिंसिपल अफ़ज़ल शफ़ीक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा नेहरू जी हमेशा बच्चों को देश के उज्जवल भविष्य की नींव मानते थे और उनका यह आदर्श




आज भी हम सभी के दिलों में जीवित है। इस मौके पर बच्चों ने अनेकों सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने भाषण व कविताओं के जरिए चाचा नेहरू के जीवन पर विचार व्यक्त किए। इसके बाद सभी बच्चों के बीच खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। इस मौके पर बच्चों के खानपान के लिए विद्यालय प्रांगण में मिठाई रसगुल्ला व गुपचुप का स्टाल भी लगाया गया था जिसे बच्चों ने बहुत पसंद किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## लोकतंत्र का महापर्व है मतदान : अरूणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** 13 नवंबर को पलामू सहित झारखंड के कई विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हो गया। इस दौरान मेदनीनगर नगर निगम की महापौर अरूणा शंकर ने भी मतदान किया। मतदान करने के बाद अरूणा शंकर ने कहा कि लोकतंत्र का महापर्व है मतदान। उन्होंने कहा कि मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि हर लोगों को अपने मत का प्रयोग करके अपनी इच्छा के अनुसार जनप्रतिनिधि का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड में पहले चरण के मतदान में कई प्रत्याशी खड़े हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रत्याशी का चयन करें जो लोगों की भावनाओं को समझें और क्षेत्र का विकास करें।

# बच्चों के समग्र विकास पर ध्यान देना चाहिए : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में बाल दिवस बड़े हीं धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र के सम्मुख माल्यार्पण किया,तत्पश्चात बच्चों के द्वारा केक काटा गया। इस मौके पर विद्यालय में विभिन्न खेल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमे अव्वल आने वाले विद्यार्थी को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने चाचा नेहरू जी के जीवनी को वर्णन करते हुए कहा कि भारत में बच्चों के कल्याण के प्रति नेहरू की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए 14 नवंबर




*** संत मरियम विद्यालय में मनाया गया बाल दिवस**

को बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन शिक्षा, पोषण और सुरक्षात्मक वातावरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए सुरक्षित, स्वस्थ बचपन सुनिश्चित करने की आवश्यकता की याद दिलाता है। आगे उन्होंने कहा कि बदलते वक्त अत्यंत प्रतिस्पर्धा के दौर में अभिभावक बच्चों से अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने का अपेक्षा करते हैं। जिस कारण उनके भीतर असीम उतावलापन से उनका बचपन गुम होता हुआ दिखाई दे रहा है। इसलिए समाज को समझना होगा कि बच्चे उत्पाद न होकर जीते जागते मनुष्य है और मनुष्य का निर्माण स्नेह, समर्पण, त्याग, संयम सहयोग, एवं संवेदनाओं से ही संभव है। याद रहे कि मनुष्य का मनुष्य हो जाना ही उसकी चरम उपलब्धि है। इसलिए अपनी संततियों को अंकों की अंतहीन दौड़ में झोंकने के बजाय उनके समग्र व संतुलित विकास पर ध्यान देना चाहिए। आगे इन्होंने कहा कि जीवन बहुरंगी एवं बहुपक्षी है, और हर रंग एवं पक्ष का अपना सौदर्य महत्व और आनंद है। अतः हर रंग और पक्ष को हृदय से स्वीकार करने में ही जीवन की सार्थकता है। मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, समन्वयक रिजवाना परवीन, रोशन राज, साथ ही समस्त शिक्षक, कर्मचारि व बच्चे मौजूद थे।

## 2024 में दो से 06 प्रतिशत तक बढ़ा वोटर्स टर्नआउट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति और सामान्य के लिए आरक्षित प्रथम चरण के 43 सीटों पर हुए मतदान में महिला मतदाताओं ने रुचि दिखाई है। ख़ासकर अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों में महिलाओं का उत्साह देखने लायक रहा है। इन आरक्षित सीटों के मुक़ाबले जनरल सीटें कुछ पीछे रहीं। बावजूद इसके जनरल सीटों में महिला मतदाताओं ने अधिक संख्या में वोट किया है। इसके लिए मंईयां सम्मान योजना और सर्वजन पेंशन योजना काफ़ी हद तक महिलाओं का मतदान में प्रतिशत बढ़ाने में सहायक रहा। पहले चरण की 43 सीटों का औसत मतदान 65.71 प्रतिशत रहा। एसटी सीट पर यह 77 त्न को पार कर गया। इनमें आठ सीटों पर मतदान 70 प्रतिशत से अधिक रहा। एससी सीटों पर 61 से लेकर 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। विभिन्न विधानसभा क्षेत्र को देखें तो 2014 से 2024 तक में काफ़ी बदलाव देखने को मिला। विष्णुपुर में 2024 में 70.84 प्रतिशत, 2019 में 63.5 प्रतिशत, जबकि 2014 से 2024 के वोटर का टर्न आउट को देखें तो यह 3.77 प्रतिशत दर्ज किया गया। इसी तरह खूंटी में 2024 में 69.77 प्रतिशत, 2019 में 63.4 प्रतिशत एवं 2014 से 2024 तक यह आंकड़ा 6.67 प्रतिशत रहा। तमाड़ में 2019 और 2014 के चुनाव में 63 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में यह आकंडा 74.05 प्रतिशत पहुँच गया। खरसावाँ में वोटर का टर्नआउट देखने को मिला 2014 में यहाँ 77 प्रतिशत एवं 2019 में 73.9 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 79.11 प्रतिशत हो गया। पोटका विधानसभा क्षेत्र में भी 2014 और 2019 से अधिक मतदान दर्ज किया गया। 2014 में जहाँ 68.70 प्रतिशत एवं 2019 में 69.3 प्रतिशत मतदान हुआ, वहीं 2024 में यह बढ़कर 73.30 प्रतिशत हो गया। इसी तरह गुमला , सिसई, मांडर, तोरपा, बहरागोड़ा, बड़कागांव समेत शेष विधानसभा सीटों में हुए मतदान में दो से 06 प्रतिशत तक की बढ़त 2024 में दर्ज की गई। मतदाताओं की माने तो सरकार की योजनों की वजह से इस बार मतदाताओं ने रुचि दिखाई है। मंईयां सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, किसान ऋण माफी, बिजली बिल बकाया माफ, मुफ्त बिजली जैसी योजना ने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया है।

## हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री बनना तय है : कांग्रेस

**रांची।** गुरुवार को झारखंड में प्रथम चरण में 43 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग संपन्न हो गई है। अब दूसरे चरण के लिए राजनीतिक पार्टियां चुनाव प्रचार प्रसार में लग गयी है। प्रदेश कांग्रेस भवन में कांग्रेस के दिग्गज नेता बीके हरिप्रसाद ने देश के प्रधानमंत्री के उस बयान पर पलटवार किया है जिसमें प्रधानमंत्री ने आरक्षण पर बात करते हुए कहा था कि कांग्रेस पार्टी आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदाय के आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बीके हरिप्रसाद ने कहा कि 11 साल हो गये, प्रधान सेवक आजकल प्रधान मालिक बन गया है। प्रधानमंत्री ओबीसी आरक्षण पर बात नहीं करते, जबकि हमारी सरकार ने बिल पास कर केंद्र को भेज दिया है। प्रधानमंत्री सरना धर्म कोड पर कुछ नहीं बोलते। भाजपा और भाजपा के पितृ संगठन का मोटो संविधान बदलना है। इस दौरान बीके हरि प्रसाद ने वर्तमान सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि फिर से हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं।

